12 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 323

नेपाल में अंतरिम पीएम के लिए जेन जेड प्रदर्शनकारियों में झड़प



## हेमंत सोरेन ने नगर विकास एवं आवास विभाग के नवचयनित अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# जारी रहेगा नियुक्तियों का सिलसिला: सीएम

- राज्य की बेहतरी के लिए पूरी निष्ठा और कुशलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का करें निर्वहन
- झारखंड पर्यटन और जेटीडीसी के लोगो-वेबसाइट का भी किया शुभारंभ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड को मजबूत और बेहतर बनाने की दिशा में उनकी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस कड़ी में नियुक्तियों के साथ-साथ सभी सेक्टरों में लगातार काम हो रहे हैं। राज्य का सर्वांगीण विकास हमारी प्रतिबद्धता है। वह गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत नवचयनित अभ्यर्थियों के लिए आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह तथा झारखंड पर्यटन एवं झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) के लोगो एवं वेबसाइट के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**विकास में आपकी अहम जिम्मेदारी :** मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप आज से सरकार के एक अभिन्न के रूप में जुड़ रहे हैं। राज्य का समुचित विकास हो, इसके लिए आप पूरी निष्ठा और कुशलता के साथ अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करेंगे, मुझे पूरी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर नागरिक सुविधा तथा सेवा देने की दिशा में आपकी भूमिका काफी अहम होगी।

समारोह में राज्य कलाकारों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के लिए सांस्कृतिक दल प्रबंधन प्रणाली (सीटीएमएस) एप्लीकेशन का शुभारंभ भी किया गया। इसके अलावा होटल प्रबंधन संस्थान, ब्रांबे, रांची की ओर से झारखंडी व्यंजन पर आधारित पुस्तक का विमोचन भई किया गया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार और पर्यटन सचिव मनोज कुमार मौजूद थे।

### अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती, रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलने से यहां की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। यही वजह है कि हमारी सरकार यहां के पर्यटक स्थलों के आकर्षक विकास के साथ-साथ आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को जितना बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। इससे राज्य के स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसका सीधा फायदा यहां के सुदूर और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को मिलेगा। यही वजह है कि सरकार का पर्यटन पर विशेष फोकस है।

### शहरों का व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से विकास होना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गांव से शहरों की ओर लोग आ रहे हैं। इस वजह से शहर का आकार और जनसंख्या तेज गति से बढ़ रहा है। ऐसे में शहरों का व्यवस्थित तथा योजनाबद्ध तरीके से विकास आज निहायत ही जरूरी है, ताकि शहरों में उपलब्ध व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के साथ शहरवासियों को अच्छी नागरिक सुविधा और सेवाएं दे सकें। उन्होंने कहा कि अगर शहर अव्यवस्थित तरीके से फैलेंगे, तो उसके कई दुष्परिणाम और समस्याएं सामने आयेंगी, जिसका समाधान काफी चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए शहरों को पूरी प्लानिंग के साथ विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ाने की जरूरत है।

### पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुदरत ने झारखंड को ना सिर्फ खनिज संपदा, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य का भी अनोखा उपहार दिया है। झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन कहीं ना कहीं किसी न किसी कारण से यह क्षेत्र अब तक विकास से अछूता रहा था। लेकिन हमारी सरकार अपने राज्य की समृद्ध सामाजिक सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक खूबसूरती को देश-दुनिया के मानचित्र पर पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। इसी कड़ी में आज पर्यटन विभाग से जुड़े लोगो एवं वेबसाइट का अनावरण किया गया है। इसके माध्यम से हम ना सिर्फ झारखंड के खूबसूरत पर्यटक स्थलों को दुनिया के सामने दिखा सकते हैं, बल्कि सैलानियों को भी आकर्षित करने में कामयाब होंगे।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)




CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies

ADMISSION OPEN SESSION 2025-26

Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)

Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering

Faculty of Law
- LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B

Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)

Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)

Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)

Faculty of Arts & Social Science
- B.A (HIndi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) ▪ M.A (HIndi) ▪ M.A (English)
- M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
- M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)

Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)

Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)

Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry

Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)

Paramedical
- OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser

Library Science
- B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc

Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemisty) ▪ B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)

Faculty of Commerce
- B.Com ▪ M.Com


TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE

Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/

गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति
मोरहाबादी राँची, झारखंड

मोरहाबादी में गजराज की थीम पर बनेगा दुर्गा पूजा पंडाल

दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू हो चुकी है. पूजा पंडाल को भव्य रूप दी जा रही है. बांस, बली, पटरी को रस्सी से बांधकर बड़ा आकार दी जा रही है. मोरहाबादी में बनने वाली पूजा पंडाल में 11 लाख रूपये की बजट से पंडाल तैयार की जाएगी. इसको लेकर गीतांजली क्लब दुर्गापूजा समिति ने पूरी तैयारी कर ली है. तीन सिर वाले गजराज श्रद्धालुओं को देंगे आशीर्वाद 30 फीट चौड़ाई और 50 मीटर लंबाई वाला दुर्गा पूजा पंडाल बनाया जाएगा. इस बार तीन सिर वाले गजराज श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए दिखाई देंगे. जो भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करेगा. पंडाल के अंदर में मं दुर्गा के स्वरूप को प्रतिमाए, कार्तिकेय और गणेश की प्रतिमाएं स्थापित किए जायेंगे । मोरहाबादी में







1977 से शुरू हुआ

**दुर्गा पूजा महोत्सव गीतांजली क्लब दुर्गापूजा समिति** के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि 1977 से मोरहाबादी में दुर्गा पूजा
महोत्सव मनाते आ रहे है. पूजा पंडाल को पारंपरिक और प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग किया जाएगा. पंडाल में मां दुर्गा के दिव्य रूप का चित्रण किया है. इसके साथ ही, पंडाल की सजावट रचनात्मक ढंग से किया जाएगा. पूजा महोत्सव के माध्यम से स्थानीय कलाकारों और हस्तकला को भी प्रोत्साहित करने का काम कर रहे है।

गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति सदस्यगण

**मुख्य संरक्षक :** राजीव रंजन प्रसाद (गौ सेवा आयोग अध्यक्ष झारखंड सरकार), प्रभात पांडे, विनोद गोप, सुरजीत सरकार, राज किशोर प्रसाद, मुन्ना सिंह, विनोद कुमार, अभिषेक अग्रवाल **मुख्य सलाहकार :** बैजनाथ प्रसाद, वीरेंद्र दूबे, **संरक्षक :** राजू पांडे,दोलन पाल,सुरेश शर्मा,देवांशु मेवाड़, जय परमार, संजय साहू,शसि शकरं, ज्ञान प्रकाश, नवीन झा, राजेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, विद्या झा,विनय सिंह,मिलन दास, बसन्त सिंह, नीरज महतो, विजय शर्मा, सरवन शर्मा। **सह संरक्षक :** पारस सिंह, अमरेंद्र सिंह , सुनील बर्मा, राम बहादुर सिंह, गौरव अग्रवाल, अनूप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बृजमोहन राम, बटर सरदार । **अध्यक्ष :** मनोज कुमार गुप्ता। **कार्यकारी अध्यक्ष :** सुनील प्रसाद। **वरिष्ठ उपाध्यक्ष :** संजय सोनी **उपाध्यक्ष :** बाल्मीकि सिंह, राजेश सिन्हा,मनोज खत्री, संजू शर्मा, डॉक्टर संजू , अनिल प्रसाद **महामंत्री :** मंटू मेहता, पिंटू बर्मा। **मंत्रीः** सुंदर प्रसाद,पपन मेहता,किशोर प्रसाद,पंकज वर्मा, अरविंद मेजर,कृष्णा यादव, छोटू राम देव सिंह । **मीडिया प्रभारी :** विजय वर्मा, दुर्गा शर्मा । **सह मीडिया प्रभारी :** पंकज शर्मा **प्रवक्ता :** सुरेश शर्मा, विधा झा **कोषाध्यक्ष :** सुरजीत सरकार,ज्ञान प्रकाश **कार्यसमिति सदस्य :** चयन कुमार गुप्ता,आदर्श प्रसाद,सौरव शर्मा,गोलू बर्मा, प्रतीक दास, मोहित शर्मा, टिलू बर्मा, अंशुल सोनी, मयंक शर्मा, दक्ष शर्मा, गर्भ गोप, आयुष कुमार और अन्य सदस्यगण ॥




महिला समूह सदस्य
अध्यक्ष :
- पुष्पा झा

कार्यकारिणी सदस्य :
- शुभद्रा देवी,
- नीतू झा
- सीमा पांडेय,
- नीतू गुप्ता,
- बोर्नाली देय,
- मीना मेहता,
- सोनी कुमारी,
- आरती कुमारी,
- सुमना पॉल,
- नीता रमानी,
- सीमा मिश्रा,
- बबली गुप्ता,
- किरण शर्मा,
- केका रॉय,
- पिंकी सिंह

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 12 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# जाति, धर्म, नस्ल, रंग के बाद अब पीढ़ियों, जेन एक्स-वाइ-जेड में बांटा जा रहा विश्व के लोगों को

- पीढ़ी बड़े समूहों का कारक है, इनके बीच विभाजन का फार्मूला चिंतनीय
- जलता नेपाल और जेनरेशन जेड का अचानक हाइलाइट होना, कहीं सोची-समझी रणनीति तो नहीं
- डीप स्टेट और गिरती सरकारों के बीच का रहस्य क्या है
- 125 साल में दुनिया के लोग आठ पीढ़ियों में विभाजित हो चुके हैं
- हर पीढ़ी की अलग-अलग खासियत, अलग-अलग चुनौती

**आजाद सिपाही विशेष**

पड़ोसी देश नेपाल में जिस तरह के आंदोलन से तख्तापलट को अंजाम दिया गया, उससे पूरी दुनिया में एक मुद्दा बड़ी तेजी से सामने आया है। यह मुद्दा है पीढ़ियों के बीच के संघर्ष का। नेपाल में तख्तापलट आंदोलन को जिन नौजवानों ने अंजाम दिया, उन्हें जेन जेड कहा जा रहा है। इस पीढ़ी के लोग कौन हैं और इनकी क्या खासियत है, यह दुनिया को पता नहीं है। इसी तरह इस पीढ़ी से पहले की पीढ़ियों और फिर बाद की पीढ़ियों के बीच किस तरह का संघर्ष चला या चल रहा है, यह भी जानना बेहद रोमांचक हो सकता है। समाजशास्त्रियों के अनुसार, दुनिया में हमेशा से पीढ़ियों के बीच संघर्ष चलता रहता है और इसके कारण ही दुनियादारी आगे बढ़ती रहती है। पीढ़ियों के बीच का यह संघर्ष न केवल सामाजिक संरचना को मजबूत करता है, बल्कि विकास की अवधारणा को गति भी प्रदान करता है। इसलिए नेपाल में जिस पीढ़ी को लोगों ने आंदोलन कर तख्तापलट किया, उनके बारे में यह कहा जाना की उन्हें दुनिया की समझ नहीं थी, गलत है। आज हम जिस दौर में हैं, उसमें कुल आठ पीढ़ी के लोग रह रहे हैं, हालांकि हमारी पहली पीढ़ी अब खत्म होने की कगार पर है। इसलिए कहा जा सकता है कि आज दुनिया आठ पीढ़ियों में विभाजित हो चुकी है और हर पीढ़ी की अपनी-अपनी खासियत और चुनौतियां होती हैं। इन खासियतों और चुनौतियों से पार पाकर आगे बढ़ने को ही समाजशास्त्र की भाषा में विकास कहा जाता है। लेकिन पीढ़ियों का विभाजन कर उसे किसी मकसद के लिए इस्तेमाल करना कहीं से भी सही नहीं। पीढ़ियां या जेनरेशन समूहों में बड़ी होती जाती हैं। नेपाल की घटना में अचानक जेनरेशन जेड शब्द का उछलना गहरी साजिश को दर्शाता है। भारत के पड़ोसी देशों में पहले श्रीलंका (2022) फिर बांग्लादेश (2024) अब नेपाल में तख्तापलट का पैटर्न एक जैसा है। जानकारों की मानें तो दुनियाभर में जो सरकारें गिर रही हैं, युद्ध हो रहे हैं, उनके पीछे अमेरिकी सरकार से ज्यादा डीप स्टेट का एजेंडा छिपा हुआ है। डीप स्टेट शब्द का इस्तेमाल एक गुप्त और अनधिकृत नेटवर्क के बारे में किया जाता है, जो सरकारी, कॉरपोरेट और गैर-सरकारी अभिजात्य वर्गों द्वारा नीति-निर्माण को नियंत्रित करता है। निर्वाचित सरकारों को कमजोर करता है, और अपने हितों को बढ़ावा देता है। आम तौर पर इस शब्द को आजकल अमेरिकी डीप स्टेट के संदर्भ में लिया जाता है। जार्ज सोरोस के संगठन ओपन सोसायटी फाउंडेशन (ओएसएफ) को इसके पीछे बताया जाता है। इस संगठन को बहुत से देशों में शासन परिवर्तन, क्रांतियों, और अस्थिरता पैदा करने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। भारत में भारतीय जनता पार्टी भी इस संगठन पर आरोप लगाती रही है कि विपक्ष को ओएसएफ से सहयोग मिलता रहा है। नेपाल में क्रांति को डीप स्टेट की साजिश मानने के पीछे कई तर्क भी हैं। क्या है पीढ़ियों के बीच का संघर्ष और क्यों खतरनाक है इनमें विभाजन फार्मूला बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



राकेश सिंह
संपादक



## डीप स्टेट और गिरती सरकारें

बात कुछ दिनों पहले की है। हमारे पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने राज्य सभा में खड़े होकर कहा था कि हम किसी भी कीमत पर भारत के लोकतंत्र को डीप स्टेट के हाथों खत्म होने नहीं देंगे। भारत की गिनती दुनिया के बड़े लोकतांत्रिक देशों में की जाती है। अचानक से इसे किसी डीप स्टेट नाम की अंजान शक्ति से क्या खतरा है? भारत ही नहीं, यह टर्म इन दिनों दुनिया के कई देशों में काफी चर्चा में है। क्या सच में डीप स्टेट का कोई वजूद है? या यह एक कॉन्सपिरेसी थ्योरी है? कई जियोपॉलिटिकल एक्सपर्ट की मानें तो हाल ही में पाकिस्तान, बांग्लादेश और सीरिया में जो सरकारें गिरी हैं, उनमें डीप स्टेट का हाथ बताया जा रहा है। इससे पहले दुनिया के कई देशों में अमेरिका द्वारा जो सरकारें गिरायी गयीं, उनमें भी कहीं न कहीं डीप स्टेट के पर्सनल इंटरेस्ट थे। अब सवाल है कि आखिर डीप स्टेट है क्या? कैसे इसकी शुरुआत हुई और क्यों दुनिया के कई देशों की सरकारों को यह टर्म काफी डराता है? डीप स्टेट अमेरिकन इंटेलिजेंस एजेंसी का नेटवर्क है। इसमें सीआइए, एफबीआइ, एनएसए आदि शामिल हैं। कहा जाता है कि अमेरिका में जो लोकतांत्रिक रूप से चुनी गयी सरकार है, उससे ज्यादा शक्ति डीप स्टेट के पास है। दुनियाभर में जो सरकारें गिर रही हैं, युद्ध हो रहे हैं, उनके पीछे अमेरिकी सरकार से ज्यादा डीप स्टेट का एजेंडा छिपा हुआ है।

पड़ोसी देश नेपाल की घटनाओं ने पूरी दुनिया में एक बहस छेड़ दी है कि क्या इस दुनिया के लोग असंवेदनशील और हिंसक होते जा रहे हैं। नेपाल में जो कुछ हुआ, उसके पीछे एक खास आयु वर्ग का हाथ होने की बात कही जा रही है। इस आयु वर्ग को जेनरेशन जेड या जेन जेड कहा जाता है। क्या होता है यह जेनरेशन या पीढ़ी, जिसके बीच अक्सर संघर्ष की बातें होती रहती हैं, अध्ययन होते रहते हैं। नेपाल की घटनाओं की पृष्ठभूमि में पीढ़ियों के बारे में जानना रोमांचक हो सकता है।

## क्या है पीढ़ियों की अवधारणा

अगर आप कभी नामों के इस वर्णमाला सूप से उलझन में पड़े हैं, तो आप अकेले नहीं हैं। यह समझना आसान है कि पीढ़ीगत समूहों को लेकर इतनी उलझन क्यों है। हम अक्सर पीढ़ियों के बारे में सुनते और पढ़ते आ रहे हैं। समय और उम्र के अनुसार लोगों को अलग-अलग पीढ़ियों में विभाजित किया गया है। कोई पुरानी पीढ़ी के लोग कहलाते हैं और कुछ नयी पीढ़ी के लोग होते हैं। अक्सर लोग अपनी-अपनी पीढ़ी के समय को याद कर खुद को एक-दूसरे से बेहतर बताने की कोशिश करते हैं, तो वहीं कुछ नयी पीढ़ी को देख अफसोस मनाते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर यह पीढ़ी क्या है, जिसका जिक्र लगभग हर व्यक्ति की जुबां पर रहता है।

## पीढ़ी या जेनरेशन क्या है

एक पीढ़ी एक ही समय में पैदा हुए और एक ही स्थान पर पले-बढ़े लोगों का समूह है। इस जन्म समूह के लोग अपने पूरे जीवन में समान विशेषताओं, प्राथमिकताओं और मूल्यों का प्रदर्शन करते हैं। पीढ़ियां एक डिब्बा नहीं हैं, बल्कि यह एक शक्तिशाली सबूत हैं, जो बताती हैं कि अलग-अलग उम्र के लोगों का साथ जुड़ना और प्रभावित करना कहां से शुरू करना है। हालांकि, समय के अनुसार पीढ़ियों के बीच अंतर बढ़े, जिसकी वजह से यह जानना जरूरी है कि हर पीढ़ी कब शुरू होती है और कब समाप्त होती है।

## भौगोलिक स्थितियों से भी रिश्ता

पीढ़ियों का भौगोलिक स्थितियों के साथ भी गहरा संबंध है। उदाहरण के लिए, मिलेनियल्स वैश्विक स्तर पर सबसे सुसंगत पीढ़ी है। हालांकि इसके बावजूद अभी भी शहरी परिवेश में पले-बढ़े मिलेनियल्स और ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े या नये देश में जाने वाले मिलेनियल्स के बीच महत्वपूर्ण अंतर देखने को मिलता है।

## नामों के इस वर्णमाला सूप में उलझन कई

**वर्तमान में नौ पीढ़ियां मिलकर हमारे समाज को बनाती हैं। इन नौ पीढ़ियों में से हर एक की कार्यबल, बाजार और समुदायों में सक्रिय भूमिका होती है। ये नौ पीढ़ियां यानी जेनरेशन निम्न हैं**

### 1. ग्रेटेस्ट जेनरेशन

**जन्म का समय- 1901 से 1927 तक**

साल 1901 से 1927 के बीच जन्म लेने वालों को ग्रेटेस्ट जेनरेशन कहा जाता है। इन्हें इस नाम से इसलिए जाना जाता है, क्योंकि इस दौरान पैदा हुए बच्चों ने काफी संघर्ष देखा और कई तरह की परेशानियों का सामना किया, जिनमें खतरनाक लड़ाइयां, बीमारियां और गरीबी शामिल थीं। यह पीढ़ी अब खत्म होने की कगार पर है।

### 2. साइलेंट जेनरेशन

**जन्म का समय- 1928 से 1945 तक**

साइलेंट जेनरेशन का दौर 1928 से 1945 के बीच पैदा हुए लोगों का कहलाता है। इसे साइलेंट जेनरेशन इसलिए कहा जाता है, क्योंकि इस समय जन्मे लोगों ने विश्व युद्ध और गुलामी का दौर देखा। इस दौरान लोग अन्याय को चुपचाप सहते थे और इसके खिलाफ बोलने से डरते थे। यह पीढ़ी भी तेजी से खत्म हो रही है।

### 3. बेबी बूमर

**जन्म का समय - 1946 से 1964 तक**

साल 1946 से 1964 तक जन्म लेने वाले लोगों को बेबी बूमर जेनरेशन कहा जाता है। उन्हें इस श्रेणी में इसलिए रखा गया, क्योंकि इस दौरान जीवन बदलने वाली कई तकनीक आयी। इस पीढ़ी के लोगों ने अपना पूरा जीवन मेहनत के साथ तकनीकी युग में कार्य करने के तरीके को सीखने में बिता दिया। साथ ही उन्होंने अपने समय में आधुनिक विकास भी देखा।

### 4. जेनरेशन एक्स

**जन्म का समय- 1965 से 1980 तक**

बेबी बूमर्स की तरह जेनरेशन भी तकनीक के लिए नये थे। हालांकि इस जेनरेशन को नये जमाने की शुरूआत माना जाता है। इसे हिप्पी कल्चर, सिनेमा, कला और संगीत को एक नया आयाम देने वाली रॉक एंड रोल जेनरेशन माना जाता है। वर्तमान में इस पीढ़ी के लोग बुजुर्ग और युवा आबादी के बीच एक पुल का काम करते हैं।

### 5. मिलेनियल्स

**जन्म का समय- 1981 से 1996 तक**

साल 1981 से 1996 के दौरान जन्मे लोगों को मिलेनियल्स कहा जाता है। अक्सर सोशल मीडिया पर मिलेनियल्स से जुड़ी कई पोस्ट देखने को मिलते हैं। यह वह पीढ़ी है, जिसने अपने जीवन में सबसे ज्यादा बदलावों को देखा और सीखा है। इस जेनरेशन के लोगों ने न सिर्फ पुराने जमाने के लोगों की तरह जीवन व्यतीत किया है, बल्कि बदलती तकनीक के साथ खुद को बदला भी है।

### 6. जेनरेशन जेड

**जन्म का समय -1997 से 2012 तक**

साल 1997 से 2012 तक में जन्मे बच्चों को जेनरेशन जेड या जेन जेड कहा जाता है। इस पीढ़ी के लोगों की शुरूआत ही सोशल मीडिया से हुई। इस दौर में पैदा हुए लोगों ने ट्रोल्स-साइबर बुलिंग जैसी चीजों का सामना किया। इन्हीं के दौर में ट्रेंडिंग, वाइब्स जैसे कई शब्द भी प्रसिद्ध हुए हैं।

### 7. जेनरेशन अल्फा

**जन्म का समय- 2013 से 2025 तक**

इस जेनरेशन में पैदा होने वाले बच्चे काफी तेज दिमाग और मल्टी टास्किंग वाले होते हैं। जन्म से ही तकनीक से जुड़े रहने की वजह से वे इंटरनेट, सेल फोन, टैबलेट और सोशल मीडिया के साथ बड़े हो रहे हैं। जेन अल्फा जेनरेशन को दुनिया की सबसे युवा और 21वीं सदी की असली जेनरेशन माना जाता है।

### 8. जेनरेशन बीटा

**जन्म का समय- 2025 से 2039 तक**

अब दुनिया में एक नयी पीढ़ी आ रही है, जिसे जेन बीटा कहा जा रहा है। ये वे लोग हैं, जो 2025 से 2039 के बीच पैदा होंगे। साल 2025 में जिन बच्चों का जन्म होगा, उन्हें बीटा किड्स कहा जायेगा। ये बच्चे ऐसे समय में बड़े हो रहे हैं, जब तकनीक हर जगह एक बड़ी भूमिका अदा कर रही है। जैसे पहले लोग किताबें पढ़ते थे, लेकिन अब बच्चों से लेकर बड़े तक सब कुछ स्मार्ट फोन पर करते हैं। अनुमान है कि जेनरेशन बीटा के बच्चे बड़े होकर ऐसी दुनिया में रहेंगे, जहां गाड़ियां खुद चलेंगी, हमारी सेहत का ख्याल रखने के लिए खास तरह के कपड़े होंगे और हम कंप्यूटर से बनी दुनिया में घूम सकेंगे। यानी ये बच्चे एक ऐसी दुनिया में रहेंगे, जहां तकनीक हमारी जिंदगी का बहुत बड़ा हिस्सा होगी।

## क्या है जेन जेड, जिसने नेपाल में किया तख्तापलट

नेपाल में सड़कों पर उतर आये युवाओं के उस विकराल झुंड को जेन जेड कहा जा रहा है, जिसके विद्रोह ने वहां की सत्ता पलट दी। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली दुबई भाग गये। राष्ट्रपति ने इस्तीफा दे दिया। अन्य मंत्रियों ने भी इस्तीफा दे दिया। वित्त मंत्री को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। संसद समेत कई भवनों को आग लगा दी गयी। यहां यह जानना जरूरी है कि क्या है जेनरेशन जेड और दुनिया भर में यह किस रूप में जानी जाती है। जेन जेड उन लोगों को कहा जाता है, जो 1997 से 2012 के बीच जन्मे हैं, यानी इस पीढ़ी के लोग अभी 13 से 28 वर्ष की उम्र के हैं। यह पीढ़ी इंटरनेट और सोशल मीडिया के युग में पली-बढ़ी है, जिसके कारण यह तकनीक-संपन्न तो है ही, जागरूक और सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भी हैं। इन्हें जिलेनियल्स भी कहा जाता है। यह आज के समय की सबसे चर्चित और प्रभावशाली पीढ़ी है। तकनीक उनके डीएनए में है और इस पीढ़ी के लोग नये एप और ट्रेंड को बहुत तेजी से अपनाते हैं। इस पीढ़ी को डिजिटल नेटिव्स के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि यह इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के युग में बड़ी हुई है। दुनिया भर के सर्वेक्षणों और अध्ययनों के अनुसार जेन जेड को एक जागरूक, विविधता-प्रिय, पर्यावरण को लेकर जागरूक और सामाजिक न्याय की हिमायती पीढ़ी माना जाता है। वे लिंग, यौन अभिव्यक्ति, नस्ल और व्यक्तिगत शैली के मामले में अधिक खुले हैं।

## क्या है जेन जेड की विशेषताएं

यह पीढ़ी हाइपर कॉग्निटिव है, यानी यह कई स्त्रोतों से जानकारी इकट्ठा करके फैसला लेती है। इस पीढ़ी के लोग सूचनाओं को लेकर ज्यादा अद्यतन रहते हैं। ये आभासी के साथ वास्तविक दुनिया के साथ भी बखूबी तालमेल बिठाते हुए चलते हैं। हालांकि यह चिंताग्रस्त पीढ़ी भी है, जिसमें पर्यावरण, आर्थिक अस्थिरता और मानसिक स्वास्थ्य जैसी समस्याएं शामिल हैं।

## क्या ये विरोधाभासों से भरी पीढ़ी भी है

यह भी कहा जाता है कि जेन जेड विरोधाभासों से भरी पीढ़ी है। यह आशावादी तो हैं, लेकिन वास्तविकतावादी भी। 2025 में कराये गये एक सर्वे के अनुसार 89% जेन जेड को लगता है कि काम में उद्देश्य जरूरी है। ये पैसा कमाने के साथ-साथ स्वास्थ्य और आंतरिक विकास पर फोकस करते हैं, हालांकि ये अधिक व्यक्तिवादी हैं। यह पीढ़ी बड़े होते हुए 2008 के आर्थिक संकट और कोविड-19 जैसी घटनाओं को देखने के कारण वित्तीय रूप से अधिक व्यावहारिक है। उनमें खुद का व्यवसाय शुरू करने की प्रवृत्ति अधिक है।

## दुनियाभर में जेन जेड क्या कर रही है

जेन जेड न केवल उपभोक्ता और कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की अगुवाइ कर रही है। यह सोशल मीडिया को गतिविधियों का हथियार बनाती है, जैसे टिकटॉक पर विरोध या इंस्टाग्राम पर जागरूकता फैलाना। यह पीढ़ी पर्यावरण पर सबसे ज्यादा सक्रिय है और उससे संबंधित विरोधों में काफी हिस्सा लेती है। कुल मिलाकर जेन जेड दुनिया को बदल रही है। विरोध से नीतियों तक और आभासी-डिजिटल से वास्तविक दुनिया तक, यह पीढ़ी चुनौतियों का सामना कर रही है, लेकिन इसकी गतिविधि से सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है।

## जेन जेड के बाद की पीढ़ी क्या कही जाती है

जेन जेड के बाद की पीढ़ी को जेनरेशन अल्फा कहा जाता है। यह नाम ऑस्ट्रेलियाइ शोधकर्ता मार्क मैक्रिंडल ने 2008 में दिया था, जो ग्रीक वर्णाक्षर के पहले अक्षर अल्फा से लिया गया है। यह पीढ़ी पूरी तरह से 21वीं शताब्दी में पैदा हुई पहली पीढ़ी है। इन्हें 2013 से लेकर 2025 तक माना जाता है। 2025 के बाद जो पीढ़ी शुरू होगी, उसको जेनरेशन बीटा कहा जायेगा और यह 2025 से 2039 तक चलेगी।

## जेनरेशन अल्फा की खासियतें

यह पीढ़ी जेन जेड से भी अधिक तकनीक-केंद्रित है। यह जन्म से ही स्मार्टफोन, एआइ और डिजिटल दुनिया में पली-बढ़ी है। मैक्रिंडल शोध के अनुसार यह सबसे समृद्ध, तकनीकी रूप से सक्षम और लंबी उम्र वाली पीढ़ी होगी। यह शिक्षा में लंबा समय बितायेगी, कम उम्र में कमाई शुरू करेगी और माता-पिता के साथ ज्यादा देर रहेगी। जेन अल्फा को आइ-पैड किड्स भी कहा जाता है, क्योंकि ये टैबलेट और स्क्रीन के साथ बड़े हो रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.2 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.57 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.34 बजे |



# जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के 26 गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित

- सुविधाओं की मांग को लेकर 23 सितंबर को डीसी ऑफिस का घेराव करेंगे ग्रामीण
- गांवों में न तो पक्की सड़क न ही बिजली, पीने का पानी भी नसीब नहीं
- मोबाइल टॉवर के अभाव में इन गांवों में संचार व्यवस्था भी ठप





अभिजीत अधरजी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य गठन के 25 वर्षों बाद भी कोल्हान के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के 26 गांवों में रहने वाले हजारों संताल और भूमिज परिवार आज भी सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। लौहनगरी जमशेदपुर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ये गांव आज भी विकास से कोसों दूर हैं। आजाद सिपाही कोल्हान की टीम के द्वारा गांवों का दौरा किया गया। यहां ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से कई सरकार आयी और गयीं, लेकिन उनकी जिंदगी में कोई बदलाव नहीं आया। गांवों में न तो पक्की सड़कें हैं, न ही बिजली या पीने का साफ पानी। शिक्षा और स्वास्थ्य की हालत बदतर है। मोबाइल टॉवर के अभाव में संचार व्यवस्था भी ठप है। बाटालुटा गांव के ग्राम प्रधान लगमुनी सोरेन ने बताया कि गांव से शहर तक कोई ढंग की सड़क नहीं है। महिलाओं को शहर जाने के लिए सोच-समझकर निकलना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई अधूरी रह जाती है और बीमार होने पर झोलाछाप डॉक्टर ही सहारा हैं। पुनसा निवासी सोम मुर्मू ने बताया कि हमारे गांवों में आज तक किसी सांसद या विधायक ने कदम नहीं रखा। लेकिन हम हर चुनाव में वोट डालने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलकर मतदान केंद्र तक जाते हैं। कार्तिक सोरेन और गणेश सोरेन जैसे युवा इंटर तक की पढ़ाई के बाद आगे नहीं पढ़ पाये, क्योंकि गांव में संसाधन नहीं हैं और शहर में पढ़ाई के लिए पैसे नहीं। उन्होंने कहा बारुबेड़ा, आमदा पहाड़ी, जहरटोला, जेरका, खुखड़ी पाड़ा, काजोलदोहा, तिलाताड़, पारूकोचा, तुरीकोचा, सारी, बूढ़ीगोंडा, मोहनपुर, मोहुलवासा, रांगामाटिया, बाटालुटा, हासाडूंगरी, नतुनडीह, पुनसा, श्रीघुटु, कोलाबनी, ब्रजपुर, राहरगोड़ा, होतात बस्ती, गेरुआ, चिरुगोंडा, मिर्जाडीह समेत कुल 26 गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

### आंदोलन की तैयारी

31 अगस्त को श्रीघुटु के फूलोझानो फुटबॉल मैदान में हुई ग्रामसभा में यह निर्णय लिया गया था कि आगामी 23 सितंबर को हजारों ग्रामीण डीसी कार्यालय का घेराव करेंगे और बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। यह आंदोलन मिर्जाडीह बांध विस्थापित एवं रैयत संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में होगा। ग्राम के मांझी बाबा, जगत सोरेन ने कहा सरकार की योजनाएं सिर्फ कागजों पर हैं। न सड़कों का कोई अता-पता है, न ही इलाज की सुविधा है। हमारी जिंदगी अब भी जंगल-जमीन पर ही टिकी है। लेकिन शासन-प्रशासन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

### ग्रामीणों की मांगें

ग्रामीणों ने मांग की कि सभी गांवों को पक्की सड़क से जोड़ा जाये। नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो, पेयजल की स्थायी व्यवस्था की जाये, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र खोले जायें, मोबाइल टावर लगाये जायें, रोजगार के अवसरों तक पहुंच बनायी जाये।

# लातेहार जिले में डीएमएफटी फंड की हो रही बंदरबांट

- स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर, जीर्णोद्धार की मांग के बावजूद भी अनसुना किया गया
- 34 वर्ष और 18 वर्ष पूर्व निर्मित है हॉस्टल भवन, लेकिन आज तक इसमें बच्चे कभी रहे ही नहीं






मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले में इन दोनों डीएमएफटी फंड की बंदरबांट हो रही है। लातेहार में शहर और ग्रामीण इलाके में इस वर्ष भारी वर्षा से कई जगह सड़क, पुल, पुलिया टूट गये और कई गरीबों के भवन उजड़ गये हैं। साथ ही साथ प्रखंड क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह लचर है। चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई वर्षों से जनरेटर की मांग स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी लिखित तौर पर कर चुके हैं। स्वास्थ्य केंद्र के अंदर ही डॉक्टर की रहने के लिए आवास पूरी तरह जर्जर हो गया है। इस कार्य के लिए लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण करने के दौरान चंदवा के चिकित्सा प्रभारी ने डॉक्टर क्वाटर और स्टाफ क्वार्टर की जीर्णोद्धार की मांग की थी परंतु प्रशासन की तरफ से अभी तक पहल नहीं हुआ है। लातेहार जिले के लगभग सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सदर अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी के कारण लगभग महीने में दो-चार बार पब्लिक स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलने के कारण हंगामा होता है। इधर ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी भवन में बच्चे किसी तरह जाते हैं। जिले के अंदर कई ऐसे आंगनवाड़ी केंद्र हैं जो पूरी तरह जर्जर हैं। वर्षा होने से सभी भवन पानी के रिसाव से काफी कमजोर हो गये हैं। हादसा कभी हो सकता है, इसकी कोई गारंटी नहीं है। वहीं चंदवा प्रखंड में 34 वर्ष पूर्व बना हुआ हॉस्टल भवन जो आरके प्लस टू हाइस्कूल चंदवा के प्रांगण में आता है। यह भवन आज तक स्कूल की देखरेख में मिला ही नहीं। भवन जब से बना है। इसमें आज तक बच्चे रहने को छोड़ दें, कभी कोई गार्ड की भी नियुक्ति नहीं हो पायी। इस भवन को डीएमएफटी फंड से चार दीवारी निर्माण और उस जर्जर भवन को जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसकी प्राक्लित राशि 2482800, चहारदिवारी की प्राक्लित राशि 2499700 बतायी जाती है।

वहीं दूसरा 18 वर्ष पूर्व जिम खाना भवन के नाम से अंबेडकर नगर में बनाया गया था। वह भवन भी पूरी तरह जर्जर हो गया है। उससे भी डीएमएफटी मद से जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसकी प्राक्लित राशि 2498900 है। लातेहार जिले के कई ब्लॉक में इस तरह राशि की बंदरबाट की जा रही है। इस संबंध में डीएमएफटी के पदाधिकारी समीर कुल्लू से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

# भाजपा ने 264 प्रखंडों में किया जोरदार प्रदर्शन

## बाबूलाल, रघुवर, अन्नपूर्णा, चंपाई, दीपक प्रकाश, आदित्य साहू समेत भाजपा नेताओं ने भरी हुंकार

- सूर्या हांसदा एनकाउंटर और रैयतों को जमीन वापस दिलाने के लिए भाजपा के नेता सड़क पर उतरे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा ने गुरुवार को राज्य के सभी 264 प्रखंडों में जोरदार प्रदर्शन किया। सूर्या हांसदा के एनकाउंटर की सीबीआइ जांच कराने और रिम्स 2 के लिए नगड़ी के रैयतों की जमीन को वापस दिलाने की मांग के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, चंपई सोरेन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू सहित वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन का नेतृत्व किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची महानगर भाजपा द्वारा आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा। मरांडी ने कहा सूर्या हांसदा एक राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता थे। चार बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़े। उनके ऊपर दर्ज मुकदमों से वे बरी होते जा रहे थे। 300 से अधिक गरीब बेसहारा बच्चों को पढ़ाते थे, उनके आवास भोजन की व्यवस्था करते थे। उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा खान-खनिज की बड़े पैमाने पर हो रही लूट का विरोध करने के कारण माफिया-बिचौलियों के आंख की किरकिरी बन गये थे। पुलिस का तथाकथित एनकाउंटर पूरी तरह फर्जी है। इसलिए भाजपा इस हत्या की सीबीआइ जांच चाहती है। उन्होंने कहा कि रिम्स 2 के लिए रैयत जमीन देना नहीं चाहते। पहले भी तत्कालीन बिहार सरकार ने रैयतों को जमीन नहीं लेने का आश्वासन दिया था। आज भी उसी फार्मूले पर सरकार काम कर रही है। भाजपा रैयतों के साथ पूरी तरह खड़ी है और दोनों मुद्दों पर आज के विशाल राज्यव्यापी प्रदर्शन के माध्यम से चेतावनी दे रही है।

प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष वरुण साहू, विधायक सीपी सिंह, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, प्रदीप सिन्हा, उषा पांडेय, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, सुबोध सिंह गुड्डू, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, रमेश सिंह, केके गुप्ता, महामंत्री बलराम सिंह, उपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, परमा सिंह, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, अमित कुमार, संजय जायसवाल, पायल सोनी सहित बड़ी संख्या में महानगर के कार्यकर्ता शामिल थे।

**रघुवर दास ने चेताया :** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कांके प्रखंड में प्रदर्शन का नेतृत्व किया। रघुवर दास ने कहा कि सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में उनकी माता और पत्नी ने सीबीआइ जांच की मांग की है। आज का आंदोलन चेतावनी देने के लिए सांकेतिक आंदोलन है। सरकार नहीं चेती तो जनता को गोलबंद करके इसे भी बड़ा आंदोलन खड़ा किया जायेगा।

# भाजपा झूठ और सत्ता-लालसा के सहारे राजनीति कर रही: विनोद पांडेय

- नगड़ी में रिम्स-2 के लिए अधिग्रहित जमीन का मामला विपक्ष ने तोड़-मरोड़कर पेश किया
- भाजपा की साजिशों को जनता समझ चुकी है और ऐसे प्रपंचों से जूझते हुए हेमंत देश के सबसे सशक्त आदिवासी नेता बनकर उभरे हैं




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राज्यव्यापी प्रदर्शन पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रतिक्रिया दी है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने बयान जारी कर कहा कि भाजपा बिना तथ्यों के हेमंत सरकार को बदनाम करने की नाकाम कोशिश में अपना और राज्य की जनता का समय बर्बाद करना चाह रही है। उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा की मौत का मामला विपक्ष जिस तरह से पेश कर रहा है, वह भ्रामक है। पांडेय ने कहा सूर्या हांसदा का एनकाउंटर उसके घनघोर आपराधिक रिकॉर्ड के कारण हुआ। उसके आपराधिक मामलों का ब्योरा पहले ही सार्वजनिक किया जा चुका है। भाजपा इसे आदिवासी समाज से जोड़ कर जनता को गुमराह कर रही है। सूर्या हांसदा मामले की सरकार ने हर पहलू से पारदर्शी जांच सुनिश्चित की है। लेकिन भाजपा इसे राजनीतिक रोटियां सेंकने का जरिया बना रही है। बिना किसी सबूत के राज्य सरकार पर आरोप लगाना आदिवासी समाज के साथ अन्याय है। भाजपा को राज्य की जांच एजेंसी पर भरोसा नहीं है। केवल केंद्रीय एजेंसियों पर ही आखिर भाजपा को भरोसा क्यों है, ये जग जाहिर हो चुका है। केंद्रीय एजेंसियों को आगे कर गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों को डिस्टर्ब करना भाजपा की पुरानी फितरत है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पिछली सरकार में भी भाजपा नेताओं ने षड़यंत्र का गंदा खेल खेला, लेकिन भाजपा की साजिशों को जनता भलीभांति समझ चुकी है और ऐसे प्रपंचों से जूझते हुए हेमंत सोरेन देश के सबसे सशक्त आदिवासी नेता बनकर राष्ट्रीय राजनीति में चमक रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं की सत्ता-लालसा इतनी बढ़ चुकी है कि वे कभी एकजुट नहीं हो पाते। प्रदर्शन में इसकी बानगी एक बार फिर देखने को मिली। आपसी मतभेद, मनभेद और द्वेष से भरे भाजपा नेताओं के पास जन आकांक्षाओं को समझने का वक्त ही कहां है। हर समय वह सत्ता की कुर्सी पर बैठने के लिए स्वांग रचने में अपना पूरा ध्यान और समय लगाते हैं। यही वजह है कि 2019 में रघुवर दास की सरकार को जनता ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। 2024 में भी झारखंड की जनता ने प्रचंड बहुमत से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार को लगातार दूसरी बार चुना। विनोद पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार राज्य के हर कोने को बेहतर बनाने और हर वर्ग के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना भेदभाव सभी को समान अवसर दिया जा रहा है। हेमंत सरकार की लोकप्रियता से भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी भय और द्वेष से भर गया है।

विनोद पांडेय ने कहा कि नगड़ी में रिम्स-2 के लिए अधिग्रहित जमीन का मामला भी विपक्ष ने तोड़-मरोड़कर पेश किया है। यह परियोजना झारखंड की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए है। रैयतों को उचित मुआवजा और वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। भाजपा किसानों के नाम पर झूठ बोलकर विकास रोकने का षड्यंत्र कर रही है। रिम्स टू राज्य के लोगों की आवश्यकता है। झामुमो प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा नेताओं को नसीहत दी कि वे जनता को गुमराह करने से पहले अपने शासनकाल में हुए घोटालों और वादाखिलाफी का हिसाब दें। जिनके राज में खनन लूट, दवा खरीद घोटाला और नियुक्तियों में भ्रष्टाचार हुआ, वे आज नैतिकता की बात न करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार आदिवासी, रैयत और गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा चाहे जितनी नौटंकी कर ले, सरकार विकास और न्याय के एजेंडे से पीछे नहीं हटेगी। जनता ने बार-बार झूठ की राजनीति को नकारा है, आगे भी नकारेगी।

# पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में था रांची से पकड़ा गया आतंकी दानिश

- दिल्ली-झारखंड समेत चार राज्यों से पांच संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और सेंट्रल एजेंसियों ने आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से पांच संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी स्पेशल सेल के एसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि झारखंड से दो, दिल्ली से एक, तेलंगाना से एक और मध्य प्रदेश से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। इन आतंकियों के पास से सल्फर पाउडर, सल्फ्यूरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, सोडियम बाइकार्बोनेट, बॉल बियरिंग्स और सेफ्टी ग्लास, रेस्पिरेटरी मास्क, सर्किट वायर, मदर बोर्ड, लैपटॉप और हथियार मिले हैं। ये सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में थे।

**लीडर का नाम गजवा था :** एसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि ये लोग एक पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे। उसने इन्हें 'खिलाफत मॉडल' अपनाने को कहा था। इन्हें हमलों के लिए एक ठिकाना खोजना था। इसके अलावा और लोगों भी इससे जोड़ने का टास्क दिया गया था। टीम के लीडर दानिश को गजवा नाम दिया गया। उसका कोड नाम था सीइओ। ये लोग इस काम को पेशेवर तरीके से अंजाम दे रहे थे। ये पांचों लोग 20 से 25 साल के हैं। दानिश झारखंड से था। इसी ने बाकी लोगों को जोड़ा था। इसके बाद आफताब अंसारी था। यह मुंबई का रहने वाला है। आफताब को टारगेटेड किलिंग का काम दिया गया था। यह जब दिल्ली से वापस जाने वाला था, तब इसे और इसके साथी सूफियान को गिरफ्तार किया गया। इनके एक और साथी कामरान कुरैशी को मध्य प्रदेश के रायगढ़ से पकड़ा गया और पांचवें आदमी हुजेफा को तेलंगाना में निजामाबाद से गिरफ्तार किया गया।

### सोशल मीडिया के जरिये युवाओं की भर्ती करते थे

एसीपी ने बताया कि संदिग्ध आतंकी भारत में बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने की फिराक में थे। वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल भारत में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें अपने नेटवर्क में भर्ती करने के लिए करते थे।

# सीएम हेमंत से मिला झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि सरकार के द्वारा ललित कला अकादमी, साहित्य अकादमी और संगीत नाटक अकादमी के गठन का प्रस्ताव पारित करके राज्य में कला-संस्कृति के विकास में नींव का पत्थर स्थापित किया है। इन सभी उपलब्धियों के लिए झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन आपके प्रति अपना हार्दिक आभार प्रकट करता है। प्रतिनिधिमंडल में विधायक भूषण तिर्की, पद्मश्री मधु मंसूरी, झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार नागवंशी, सचिव डॉ राकेश रमण, संस्थापक श्रीकांत इंदुवार, डॉ सुशील अंकन, डॉ जयकांत इंदुवार, बंदी उरांव, अमित तिर्की, राहुल महली सहित अन्य उपस्थित थे।








आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 12 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in




# विश्व बंधुत्व दिवस : राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर हुआ संवाद

## मुख्य वक्ता आइएएस डॉ. कुलकर्णी ने कहा-युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय और विवेकानन्द कंद्र कन्याकुमारी, शाखा की विश्व बंधुत्व दिवस पर राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषयक संवाद हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव आइएएस डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी ने मुख्य वक्ता के रूप में हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ हेमेंद्र कुमार भगत ने पुष्प और पुस्तक भेंट कर अतिथि का स्वागत किया। फिर युवाओ को संबोधित करते हुए डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। लगभग 30 से 35 प्रतिशत युवा भारत की जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो देश की सबसे बड़ी एसेट हैं। जीवन में सकारात्मक कार्य करना या न करना व्यक्ति की पसंद हो सकती है, लेकिन नकारात्मक कार्य बिल्कुल नहीं करना चाहिए। स्वच्छता अभियान का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इंदौर और सूरत जैसे शहरों ने सकारात्मक सोच और सामूहिक प्रयास से स्वच्छ शहर का दर्जा पाया। यही अनुकरण देशभर में होना चाहिए। युवाओं को बड़ी समस्याओं की चिंता में उलझने के बजाय छोटे-छोटे कार्यों से शुरुआत करनी चाहिए, क्योंकि सेल (कोशिका) जीवन की मूलभूत इकाई है, ठीक वैसे ही जैसे युवा राष्ट्र की मूलभूत और क्रियाशील इकाई है।

**छात्रों को किया प्रेरित :** आइएएस डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि कई बार मैं यह कोर्स क्यों कर रहा हूं? जैसे प्रश्न मन में आते हैं, लेकिन यही आत्ममंथन भविष्य की दिशा तय करता है। भारत केवल ज्ञान-विज्ञान का नहीं, बल्कि आध्यात्मिक शक्ति का भी धनी देश है। यही शक्ति युवाओं को चरित्रवान, आत्मनिर्भर और समाजोपयोगी बनाती है। युवा यदि अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं तो वे विश्व में न केवल परिवर्तन के वाहक बनेंगे, बल्कि नवीन भारत के सशक्त निमार्ता भी सिद्ध होंगे।

### डॉ.कुलकर्णी ने बताये तीन विकल्प

क्या इस समस्या का कोई समाधान है?

क्या आप स्वयं इसका समाधान कर सकते हैं?

यदि हां, तो किस प्रकार और कब?

# बाबूलाल ने मोहन भागवत को दी जन्मदिन की बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत को उनके 75वें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। वसुधैव कुटुंबकम मंत्र को आत्मसात कर समाज में समरसता, बंधुत्व की भावना सशक्त करने और मां भारती की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले भागवत हम जैसे करोड़ों स्वयंसेवक बंधुओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं।' उल्लेखनीय है कि डॉ. मोहन भागवत का जन्म 11 सितंबर 1950 को महाराष्ट्र के चंद्रपुर में हुआ था। नागपुर विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक प्रचारक के रूप में संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। वे 2009 में संघ के छठे सरसंघचालक बने। उनके नेतृत्व में संगठन ने सामाजिक समरसता, ग्राम विकास, शिक्षा, पर्यावरण और सेवा कार्यों में कई महत्वपूर्ण पहल की हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में एसबीयू के छात्र का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के योग एवं नेचुरोपैथी विभाग के एमएससी इन योगिक साइंस के छात्र पंकज कुमार महतो का चयन एशिया पेसिफिक योगासन चैंपियनशिप, 2025 में हुआ है। पंकज कुमार महतो ने सर्वप्रथम जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर यह पात्रता हासिल की। वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासन स्पोर्ट्स इंटरनेशनल द्वारा आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 13 से 16 अक्टूबर तक मलेशिया में आयोजित की जायेगी।

एसबीयू के छात्र की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन समेत राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में निबंध लेखन प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल, पुंदाग में गुरुवार को टाटा टीसीएस और विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से निबंध लेखन प्रतियोगिता का खास आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छह से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय था भारत को आत्मनिर्भर बनाने के उपाय और सुझाव। विद्यार्थियों ने अपने विचारों और सुझावों के माध्यम से यह बताया कि किस प्रकार हम आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। मौके पर प्राचार्य मो नेजातूल्लाह ने छात्रो का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान, चिंतन शक्ति और लेखन कौशल को विकसित करने में सहायक होती हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उप प्राचार्य मंजू पांडे, एक्टिविटी इंचार्ज आराध्या कुमारी और शिक्षको ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया।

# खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्रीश्याम मंदिर हरमू रोड में आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्थी गुरुवार को खाटू नरेश का केशर चंदन तिलक से मनमोहक श्रृंगार किया गया। नवीन पोशाक बागा और कोलकाता से मंगाए कमल, मुरुगन, लाल गुलाब, पीला गेंदा, तुलसीदल, रजनीगंधा की मोटी मोटी मालाओं से सजे-धजे सुसज्जित श्याम प्रभु के क्या कहने। शाम साढ़े पांच बजे जब मंदिर का पट खुला तो अपने इष्ट का दर्शन पा कर भक्त भाव विभोर हो गए। हारे के सहारे के दर्शन-पूजन को देर शाम तक तांता लगा रहा। कुसुम कुमारी,अमित अग्रवाल मनीषा अग्रवाल ने इसमें मुख्य योगदान दिया। साथ ही शनिवार को बाबा श्याम और सभी देवी देवताओं सहित गुरुजनों को पहनाए जाने वाले नवीन पोशाक बागा का संकल्प पूजन करवाया। महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि 170 वे श्री श्याम भंडारे की सेवा इस बार अमित अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल की ओर से निवेदित किया जायेगा।

# हाइकोर्ट ने शिक्षकों के इंटर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर पर मांगा जवाब

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को शिक्षकों के इंटर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। शिक्षकों के इंटर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर में अनियमितता की बात कहते हुए फणिंद्र मंडल ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। फणींद्र मंडल ने याचिका में कहा है कि उनके और अन्य कई शिक्षकों के ऑनलाइन आवेदन को सिर्फ इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि उनके जीवनसाथी सरकारी सेवा में कार्यरत नहीं हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता चंचल जैन ने तर्क दिया कि विभाग का यह निर्णय पूर्णतः मनमाना और अवैध है।

# एसआइआर को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिले कांग्रेसी नेता

**मांगी 2003 में प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति**

**ताकि बिहार की तरह झारखंड में भी न हो गड़बड़ी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से देशभर में चलाए जाने वाले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन,एसआईआर को लेकर झारखंड कांग्रेस सतर्क हो गई है। इसे लेकर झारखंड कांग्रेस की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात की। में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर शाहदेव और सांगठनिक कार्य प्रमुख सूर्यकांत शुक्ला शामिल थे। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशन नाथ शाहदेव ने कहा कि पिछले दिनों जिस तरह से बिहार में एसआईआर का काम हुआ, उसे लेकर वहां के लोगों में काफी नाराजगी है। बिहार के 65 लाख से अधिक लोगों का नाम वोटर लिस्ट से कट गया। अब भारत निर्वाचन आयोग की ओर से आगामी कुछ महीने में देश भर में एसएआईआर की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही गई है। इस प्रक्रिया की शुरू होने के पहले कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से सतर्कता बरतना चाहती है, तांकि बिहार में जो गलतियां हुई है उसे झारखंड में नहीं दोहराया जा सके।

# प्रेस क्लब में सम्मान समारोह सह करम मिलन समारोह




रांची (आजाद सिपाही)।गुरुवार को केंद्रीय सरना समिति के तत्वाधान में प्रेस क्लब रांची में सम्मान समारोह सह करम मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें निशा भगत को केंद्रीय सरना समिति का केंद्रीय महिला अध्यक्ष, बनाया गया एवं अमर तिर्की को रांची जिला सरना समिति के अध्यक्ष पद पर सर्व समिति से चुना गया। साथ ही रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड अध्यक्ष के रूप दिनेश मुंडा एवं गोला प्रखंड महिला अध्यक्ष, सुनीता देवी को चुना गया एवं गोला प्रखंड के सचिव लखींद्र मुंडा को चुना गया। रांची जिला सरना समिति के सदस्य के रूप में लक्ष्मी मुंडा, अमित मुंडा, रविंद्र बिंहा, अजीत लकड़ा एवं केंद्रीय सरना समिति के सचिव के पद पर राकेश बड़ाई एवं संरक्षक सधन उरांव को चयनित किया गया। साथ ही समाज में हमेशा हक अधिकार की लड़ाई लड़ने वाले जय आदिवासी केंद्रीय परिषद के अध्यक्ष निरंजना हेंरेंज टोप्पो, समाजसेवी कुदरंसी मुंडा हर्षिता मुंडा को भी फूलचंद तिर्की ने फूलमाला एवं सरना गमछा देकर सम्मानित किया। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, भुवनेश्वर लोहार, हांदु भगत, दलेश्वर उरांव, बिरसा उरांव, आकाश उरांव, विनय उरांव, प्रमोद एक्का, नीरा टोप्पो, एंजल लकड़ा, आकाश उरांव एवं अन्य शामिल थे।

# पारस हॉस्पिटल एचइसी में डॉक्टरों ने मरीज की बचायी जान

**खून के थक्के से नीला पड़े हाथ का हुआ सफल इलाज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पारस हॉस्पिटल एचइसी के डॉक्टरों ने टीम वर्क के साथ काम कर एक मरीज की जान बचायी है। हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजिस्ट, प्लास्टिक माइक्रोवैस्कुलर सर्जन, इंटेंसिविस्ट और एनेस्थीसिया टीम ने मिलकर समन्वय के साथ मरीज की जान और अंग दोनों को बचाया। पारस हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश कुशवाहा और प्लास्टिक और पुनर्निर्माण सर्जन डॉ. विवेक गोस्वामी की देखरेख में अब मरीज पुरी तरह से ठीक हो गया है। इस संबंध में डॉ. महेश कुशवाहा ने बताया कि मरीज के हाथ के नसों में खून का थक्का बन गया था। किसी भी खून की नली में खून का थक्का का अचानक या तुरंत भरने से समस्याएं आ जाती हैं। डॉ. महेश ने बताया कि यह एंजियोग्राफी रांची के सभी सेंटर या हॉस्पिटल में संभव नहीं है। पारस हॉस्पिटल में इसकी सुविधा उपलब्ध है। इलाज के बाद 24 घंटे के अंदर मरीज का हाथ काम करने लगा। खून का फ्लो भी शुरू हो गया। जो हाथ नीला पड़ गया था, वह सामान्य हो गया। बीपी, पल्स आदि भी सामान्य तरीके से ठीक हो गया। यह रेयर डिजिटल है और इसे स्पेशलिस्ट डॉक्टर ही ठीक कर सकते हैं। डॉ कुशवाहा ने कि इस मरीज के मामले में डॉ. विवेक गोस्वामी से परामर्श लिया गया और मरीज को तुरंत वैस्कुलर सर्जरी के लिए ले जाया गया। मरीज को एक ही समय पर दो या दो से अधिक बीमारियां और रक्तस्त्राव की गंभीर स्थिति थी, इसके बावजूद एनेस्थीसिया टीम ने बेहतर काम किया। सर्जरी सफल हुई।

पारस हॉस्पिटल एचइसी के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि मरीज बहुत ही गंभीर रूप से बीमार हो कर हॉस्पिटल पहुंचा था। इसकी हालत बहुत ही क्रिटिकल थी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एसबीआइ महिला समिति ने अपना घर आश्रम में सेवा भाव की




रांची (आजाद सिपाही)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की महिला समिति ने मानव सेवा की अनुकरणीय मिसाल पेश करते हुए सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) को एक वॉशिंग मशीन, एक मिक्सी एवं आवश्यक खाद्य सामग्री प्रदान की। यह सहयोग दिव्यांग एवं निराश्रित जनों की सेवा हेतु प्रदान किया गया, जिससे आश्रम में निवास कर रहे 40 से अधिक दीनबंधुओं को दैनिक जीवन में सुविधा प्राप्त होगी। इस पुनीत कार्य के लिए ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने महिला समिति का आभार व्यक्त करते हुए उनके सेवा भाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग से न केवल संसाधनों की पूर्ति होती है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता एवं दायित्वबोध का संदेश भी प्रसारित होता है। इस अवसर पर-ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, प्रवक्ता संजय सर्राफ, पुजारी अरविंद पांडेय, महेश वर्मा,मुरली प्रसाद,सुधीर कुमार, सत्यम कुमार,परमेश्वर साहु,आशीष कुमार एसबीआई महिला समिति की उपाध्यक्ष राजश्री, सचिव उषा रानी, कोषाध्यक्ष रश्मि कुमारी,रेनू बरनवाल, मालती, रेनू सिन्हा, विनीता, कंचन, प्रीति, गीता, पुष्पा, सरिता, नीता सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### अपूरणीय क्षति : नौसेना कमांडर आयुष रंजन का निधन



रांची/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड के सपुत नौसेना कमांडर आयुष रंजन नहीं रहे। उनके निधन से अपूर्णिय क्षति हुई है। वे सेवानिवृत डीएसपी श्रीराय मनोरंजन प्रसाद और मीना राय के इकलौते सुपुत्र थे। 39 वर्षिय नौसेना कमांडर ने बुधवार तड़के बीमारी से लड़ते हुए बेंगलुरु स्थित कमांड हॉस्पिटल में अंतिम श्वास ली। नौसेना के नेतृत्व में बेंगलुरु में ही उनकी अंत्येष्टि संपन्न हो रही है। स्वः आशुष रंजन भरथुआ-कल्याणपुर बिहार के निवासी थे, लेकन उनकी शिक्षा दीक्षा झारखंड में हुई है। लोयोला स्कूल जमशेदपुर से शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने भारतीय नौसेना में प्रवेश कर देश की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनकी देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता और समर्पण भाव हमेशा स्मरणीय रहेंगे। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कमांडर आयुष रंजन का निधन समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक गहरी छती है। ऐसे जांबाज और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति दें और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। समाज इस कठिन घड़ी में परिवार के साथ है और आयुष रंजन के योगदान को हमेशा याद रखेगा।

### श्री दुगार्पूजा समिति युवा दस्ता की बैठक में जोड़े गये नये सदस्य



रांची (आजाद सिपाही)। दुर्गा मंदिर, बड़ा तालाब में गुरुवार को श्रीदुर्गा पूजा समिति युवा दस्ता की बैठक हुई। इसमें पूजनोत्सव के सफल आयोजन में जस्ता की भूमिका और सफल संचालन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में नये सदस्य जोड़े गये। सभी का स्वागत माला पहना कर किया गया। मौके पर संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, समाजसेवी उपेंद्र रजक, राज किशोर और कैलाश केसरी खास तौर से उपस्थित थे। राजीव रंजन मिश्रा ने युवा दस्ता में शामिल नये सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि युवा दस्ता के सदस्य पिछले 36 वर्षों से मां भवानी के दर्शनार्थियों की सेवा को तत्पर रही है। इस बार भी दस्ता का महत्पूर्ण योगदान रहेगा। अध्यक्षता मंटू दुबे, संचालन पीयूष आनंद और धन्यवाद ज्ञापन करण नायक ने किया। टिंकू महतो , ज्योति शंकर साहू , आदित्य मिश्रा, यशस्वी मिश्रा, सोनू राज पासवान, सुशांत सिंह, अभिषेक कुमार, समीर कच्छप, विकाश कुमार, आदित्य राज, अंकित सोनी, पीयूष कुमार, सत्यम मिश्रा, करण वर्मा, प्रभात साहू, नीरज यादव, आयुष कुमार, युवराज महतो आदि सदस्यता ग्रहण करने वालो में मुख्य हैं।

### निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल ने चैंपियनशिप पर कब्जा किया



रांची (आजाद सिपाही)। रांची स्थित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में अंडर-17 कबड्डी टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के प्रमुख विद्यालयों मारवाड़ी हाइस्कूल, सेंट पॉल हाइस्कूल, जिला स्कूल, टीवीएस हाइस्कूल, गॉस्नर हाइस्कूल, योगदा स्कूल, डॉन बॉस्को स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल सहित कई नामी संस्थानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आभा कुमारी एवं बनीता कुमारी रहीं। कड़े मुकाबलों के बीच निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल, एदलहातू ने शानदार खेल कौशल का परिचय देते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल, एदलहातू के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा एवं सचिव सीमा शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका आशुतोष कुमार, सुधीर कुमार, विकास कुमार, किरण कुमारी, अनामिका छेत्री इत्यादि उपस्थित थे।






## महत्वपूर्ण खबरें

### डीएसपीएमयू में एमबीए प्रवेश परीक्षा और जीडीपीआइ की घोषणा

रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची ने चांसलर पोर्टल के माध्यम से दो वर्षीय मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) पाठ्यक्रम सत्र 2025-2027 में प्रवेश के लिए सूचना जारी की है। इसमें जिन छात्रों ने कैट, जैट, मैट और सीमैट की परीक्षा में शामिल हुए हैं और सीयूइटी पीजी परीक्षा नहीं दी है, उनके लिए 14 सितंबर 2025 को न्यू एकेडमिक बिल्डिंग में एडमिशन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। कैट, जैट, मैट, सीमैट, और सीयूइटी पीजी के दस्तावेज वाले सभी आवेदकों को 14 सितंबर 2025 को सुबह 9 बजे डीएसपीएमयू में दस्तावेज सत्यापन के लिए रिपोर्ट करना होगा। चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने वाले सभी छात्रों के लिए 14 सितंबर 2025 को सुबह 11:30 पूर्वाह्न बजे से न्यू एकेडमिक बिल्डिंग में जीडीपीआइ का आयोजन किया जायेगा। 10 सितंबर 2025 को दोपहर 12:00 अपराह्न बजे से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है। 14 सितंबर 2025 को सुबह 9:30 पूर्वाह्न बजे से 10:30 बजे तक न्यू एकेडमिक बिल्डिंग में। 14 सितंबर 2025 को सुबह 11:30 बजे से डीएसपीएमयू रांची में। प्रवेश परीक्षा 60 मिनट की ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा होगी जिसमें 50 प्रश्न होंगे। प्रवेश परीक्षा के लिए अधिकतम अंक 75 और जीडीपीआइ के लिए 25 अंक निर्धारित किये गये हैं। अंतिम मेरिट सूची प्रवेश परीक्षा और जीडीपीआई के स्कोर या कैट, जैट, मैट, सीमैट, और जीडीपीआई के स्कोर के आधार पर तैयार की जायेगी।

### सरना सदन मूलवासी मंच का करम मिलन समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। सरना सदन मूलवासी मंच के बैनर तले गुरुवार को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के पास करम पर्व के पश्चात करम मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य संयोजक शंकर दुबे, अध्यक्ष अर्चना मिर्धा और मुख्य सलाहकार नंद किशोर सिंह चंदेल ने किया। कार्यक्रम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें शहर के विभिन्न राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन, धार्मिक संगठन, पारंपरिक वेशभूषा और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ सैकड़ों खोड़हा दलों और स्थानीय मौजा पाहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह और झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन सरना सदन मूलवासी मंच द्वारा किया गया, इसके मुख्य संरक्षक अंतु तिर्की, मुख्य आयोजनकर्ता कुमार राजा,मुख्य संयोजक शंकर दुबे और मुख्य सलाहकार नंद किशोर सिंह चंदेल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजनकर्ता-अखिलेश राय संरक्षक-विनय सिंह, आरिफ नासिर बट्ट, इंद्रजीत यादव,निलेश चौधरी, आनंद कुमार शाही, राखी कौर, रेशमा मिर्धा, नीलू सिंह, रीता दुबे, रीना सिंह, शीला उरांव,भावना प्रिया, शोभा पाठक, रंजीत पांडे,अमृता शर्मा, संगीता तिर्की, गीता कच्छप,कार्यकारी अध्यक्ष- गोविंद वाल्मीकि उपाध्यक्ष- नमित हेमरोम, पंकज साहू, राधे सिन्हा सहित अन्य का योगदान रहा।

### बनारस यादव रांची महानगर के अध्यक्ष बने



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश यादव महासभा के कोर कमेटी की बैठक रामाशीष यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक गुरुवार को रांची के करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब के स्व हरिनारायण सिंह सभागार में आयोजित की गयी। इसमें रामाशीष यादव ने जिला अध्यक्षों के चुनाव पर विस्तार से विचार विमर्श किया और सर्वसम्मति से जिलों में चुनाव करने के लिए प्रभारी का चयन किया गया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह मुख्य अतिथि बजरंगी यादव और कार्यकारी अध्यक्ष रामाशीष यादव, प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव ने कोर कमेटी के सभी सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक के दूसरे सत्र में प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव ने रांची महानगर के अध्यक्ष के लिए बनारस यादव का नाम प्रस्तावित किया। इसका समर्थन सभी सदस्यों ने किया और प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि बजरंगी यादव कार्यकारी अध्यक्ष रामाशीष यादव ने बनारस यादव को रांची महानगर के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन राजेश यादव ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से सतनारायण यादव, बल्ली यादव, अशोक यादव ,राजेश यादव, अर्जुन यादव, सुधीर गोप, पिंकी यादव, पूनम यादव, दिनेश यादव, जयप्रकाश यादव, रामजी यादव, बीरबल यादव, सुभाष यादव, राजू यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### एचडीएफसी हाइब्रिड इक्विटी फंड के 25 साल का पीएमपीके वेल्थ में मना जश्न




रांची (आजाद सिपाही)। एचडीएफसी हाइब्रिड इक्विटी फंड ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिये हैं। इस अवसर पर रांची की अग्रणी वित्तीय सलाह कंपनी पीएमपीके वेल्थ प्राइवेट लिमिटेड और एचडीएफसी म्युचुअल फंड, रांची शाखा ने इसका जश्न मनाया। पीएमपीके वेल्थ के निदेशक प्रदीप जैन ने बताया कि इस फंड को 11 सितंबर 2000 को लॉन्च किया गया। यह फंड 24,000 करोड़ से अधिक एसेट अंडर मैनेजमेंट के साथ देशभर के लाखों निवेशकों के पोर्टफोलियो का अहम हिस्सा बन चुका है। एचडीएफसी म्युचुअल फंड रांची के शाखा प्रबंधक सौरव किसलय ने बताया कि इस योजना का संचालन अनुभवी फंड मैनेजर श्रीनिवासन राममूर्ति और अनुपम जोशी द्वारा किया जा रहा है। देवेश जैन ने कहा कि म्युचुअल फंड ने भी निवेशकों के धन को 25 साल में लगभग 34 गुना बनाया है। कंपनी के कमलेश कुमार ने बताया कि पीएमपीके वेल्थ ने अब तक हजारों निवेशकों का वेल्थ क्रिएशन करते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सफल बनाया है। स्वागत राजेश कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन आकांक्षा कुमारी एवं प्रीति राणा ने किया।

# सशस्त्र बलों के शौर्य का उत्सव है कला महोत्सव : संजय सेठ

**सांसद कला महोत्सव में 15 हजार बच्चों ने बनायी पेंटिंग, ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी कलात्मकता का परिचय दे रहे रांची के बच्चे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ के मार्गदर्शन में रांची में सांसद खेल महोत्सव के तहत चल रहे पेंटिंग कार्निवल 2025 में विद्यालय और विद्यार्थियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक रांची शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के तीन दर्जन विद्यालयों ने इसमें सहभागिता निभाई है और 15000 से अधिक विद्यार्थी अपनी कला प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। इस महोत्सव में सरकारी और गैर सरकारी दोनों ही विद्यालयों की सहभागिता हो रही है, जिसमें केंद्रीय विद्यालय, जिला स्कूल, डीएवी समूह के स्कूल, गुरु नानक स्कूल, टेंडर हार्ट स्कूल सहित कई विद्यालय शामिल हैं। अब तक हुए इस महोत्सव में सबसे अधिक सहभागिता सच्चिदानंद ज्ञान भारती स्कूल में 500, टेंडर हार्ट स्कूल में 1800, गुरु नानक हाई सेकेंडरी स्कूल में 800, डीएवी गांधीनगर में 2200, डीएवी हेहल में 1800 बच्चों की रही है। इसके अलावा प्रत्येक स्कूल में न्यूनतम 200 बच्चों की उपस्थिति रही है। 20 अगस्त से शुरू हुए इस महोत्सव में विद्यार्थियों और विद्यालयों के उत्साह को देखते हुए इसे 30 सितंबर तक आयोजित किया जायेगा। महोत्सव के तहत प्रत्येक विद्यालयों में पांच अच्छे प्रतिभागियों का चयन किया जा रहा है, ऐसे सभी विद्यालयों से चयनित प्रतिभागियों के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जहां फिर से पेंटिंग कार्निवल कराया जायेगा। यह महोत्सव ऑपरेशन सिंदूर और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम के थीम पर आयोजित है।

## बाढ़ पीड़ितों का दर्द बांटने पंजाब पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

**केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का पंजाब बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दो दिवसीय दौरा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बाढ़ पीड़ितों का दर्द बांटने गुरुवार को पंजाब पहुंचे। सेठ दो दिवसीय दौरे पर पंजाब के अमृतसर में उन्होंने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया। इसके साथ ही राहत और बचाव कार्य की जानकारी ली। दो दिनों के इस दौर में सेठ सेना के द्वारा चलाये जा रहे राहत व बचाव कार्यों का भी जायजा लेंगे और सैन्य जवानों से भी मिलेंगे। पंजाब के अमृतसर जिले के धांदाल, नेपाल, जस्तरवाल, करेयल, शाहपुर, भिंडीसायदा, चूंज सहित कई गांव में चल रहे राहत कार्य व बचाओ अभियान में शामिल भी होंगे। सेठ ने पंजाब में बाढ़ के रूप में आई प्राकृतिक विभीषिका को बहुत दुखद बताया है और कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी केंद्र सरकार हर बाढ़ प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री ने बाढ़ से राहत के लिए 1600 करोड़ रुपये का पैकेज पंजाब को दिया है। बाढ़ की समस्या से पंजाब उबर सके, लोगों को राहत पहुंच सके; इसके लिए केंद्र सरकार हर संभव मदद को तैयार खड़ी है। इसी के तहत उनका यह दौरा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में हो रहा है। यहां राहत और बचाव कार्य में शामिल भी होंगे। कार्यों की समीक्षा भी होगी। सेठ ने कहा कि सेना के जवान, एनडीआरएफ के जवान, भाजपा कार्यकर्ता, संघ के कार्यकर्ता और तमाम स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकताओं ने बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद को जो हाथ बढ़ाया है, वह बहुत ही प्रशंसनीय है। सेना के जवान जो कार्य कर रहे हैं, वह किसी देवदूत के कार्य से काम नहीं है।

## एक्सपो उत्सव 16 सितंबर से, 90% स्टॉल बुक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के बहु चर्चित कंस्यूमर फेयर, एक्सपो उत्सव की तैयारियां जोरो पर है। जेसीआइ रांची द्वारा आयोजित एक्सपो उत्सव का यह 28वा संस्करण होने वाला है। इस साल एक्सपो 16 सितंबर से 22 सितंबर तक मोराबादी मैदान में 7 दिनों के लिए लगेगा। एक्सपो उत्सव के मुख्य संचालक जेसी सिद्धार्थ जयसवाल ने जानकारी दी की हर साल की तरह इस साल भी रांची के लोगों को एक्सपो का इंतजार है, और 28वां साल होने के कारण संस्था के हर एक सदस्य दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और रांची की जनता को कुछ नया पेश करने में प्रयासरत हैं। इस वर्ष एक्सपो में देश-विदेश के करीब 400 स्टाल लगेंगे और अब तक 90 % स्टॉल बुक भी हो चुके हैं। संस्था के अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन ने बताया कि इस साल रांची के लोगों के लिए एक्सपो उत्सव बिलकुल नये रूप में दिखेगा, यहां अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स से लेकर कश्मीर के बेहतरीन केसर भी मिलेंगे, होम मेड चॉकलेट से लेकर राजस्थानी मार्बल के स्टेचू तक, इस एक्सपो की सोभा बढ़ायेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, फर्नीचर, होम डेकॉर, कॉस्मेटिक्स आदि के कई स्टॉल लग रहे हैं। ऑटो जोन में हर बड़े ब्रांड और खास कर इ-स्कूटी के कई रेंज देखने को मिलेगी। सचिव जेसी सनी केडिया ने बताया कि इस साल एक्सपो में व्होलसेलर व बड़ी कंपनियों के लिए एक अलग हेंगर बनाया गया है, फूड जोन को भी इस साल एक नये अंदाज में पेश किया जायेगा। ग्राहकों के लिए स्टॉल धारक 5 % से लेकर 50 % तक का ऑफर देने वाले हैं। बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क खास आकर्षण का केंद्र होंगा। नये स्टार्ट-अप के लिए एक अलग खास स्टार्टअप बाजार भी बनाया गया है।

एग्जीबिटर हैंगर, कंज्यूमर हैंगर, पिंक हैंगर, अर्बन हैंगर, ऑटो जोन, स्टार्टअप बाजार, फूड कोर्ट, एम्यूजमेंट पार्क एंड मेन स्टेज हैंगर कुल 9 जोन में मोराबादी ग्राउंड को बांटा गया है। एक्सपो उत्सव में सभी हैंगर को जर्मन हैंगर में तब्दील किया गया है।

## प्रमंडल स्तरीय बाल श्रम उन्मूलन कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के मार्गदर्शन में, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ( आइएलओ ) और बाल कल्याण संघ के संयुक्त तत्वावधान में रांची के समाहरणालय भवन में प्रमंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन राज्य कार्य योजना 2025-2030 को और अधिक व्यावहारिक व प्रभावी बनाना था। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, बाल अधिकार विशेषज्ञ, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि और अन्य हितधारकों सहित 90 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में बाल श्रम एवं बाल तस्करी जैसी गंभीर समस्याओं के कारण, रोकथाम, बचाव, पुनर्वास, कानूनी प्रावधान और निगरानी तंत्र को लेकर गहन चर्चा हुई। इस दौरान उप श्रमायुक्त अभिनाश कृष्ण ने कहा कि बाल श्रम के मामले में आंकड़ों की देखें तो पिछले सेंसस में पूरे देश में 66 प्रतिशत बाल श्रमिक कम हुए थे, उसके मुकाबले झारखंड में 78 प्रतिशत बाल श्रमिक कम हुए हैं।

# चैंबर चुनाव 2025-26 : हर ओर चुनावी शोर, आदित्य और तुलसी लगा रहे जोर, जनसंपर्क अभियान तेज





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चैंबर चुनाव 2025-26 की सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद हर ओर चुनावी शोर शुरू हो गयी है। कार्यकारिणी समिति के लिए कुल 44 उम्मीदवार मैदान में हैं। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तुलसी पटेल और आदित्य मल्होत्रा टीम बना कर आमने-सामने हैं। वैसे तो 21 सितंबर को चुनाव के साथ दोनों टीमों के भाग्य का फैसला होगा, लेकिन जीत सुनिश्चित करने के लिए दोनो टीमों के उम्मीदवारों ने पूरी ताकत झोंक दी है। सड़क से लेकर व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों तक जनसंपर्क का दौर जारी है। गुरुवार को दोनों टीमों ने पदयात्रा कर जनसंपर्क अभियान चलाया।

### आदित्य ने चलाया जनसंपर्क अभियान

चैंबर चुनाव को लेकर गुरुवार को टीम आदित्य मल्होत्रा ने पदयात्रा जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रत्याशियों ने अपर बाजार के जैन मंदिर रोड, जेजे रोड, कार्ट सराय रोड, ईस्ट मार्केट तथा वेस्ट मार्केट सहित विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों में गहन जनसंपर्क किया। व्यापारियों ने भी टीम का स्वागत किया और उन्हें पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। प्रत्याशियों ने भागचंद पोद्दार, पवन पोद्दार, पवन मुरारका, शिव शंकर साबू, रंजीत बुधिया, सुरेश जैन, गगनदीप सिंह सेठी, परमजीत भसीन, संदीप नागपाल, अजीत सेठी, ललित जैन, संजय जैन, कमल जैन, उज्जवल जैन, हरजीत सिंह, हेमंत साबू, विक्रम साबू, के सिंघानिया, एस जैन, निखिल पोद्दार, अंजय सरावगी समेत हजारों मतदाताओं से संपर्क साधा। पदयात्रा में आदित्य मल्होत्रा, नवजोत अलंग रूबल, रोहित अग्रवाल, रोहित पोद्दार, मुकेश अग्रवाल, डॉ अभिषेक रामधीन, राम बांगड़, प्रवीण लोहिया, सुनील सरावगी, संजय अखौरी, अनिल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, आस्था किरण, सीए जेपी शर्मा, नवीन जैन,अनीश बुधिया, मनीष सराफ, अमित किशोर अग्रवाल, पूजा ढाढा, साहित्य पवन, निधि झुनझुनवाला आदि शामिल थे।

### बुलंद करेंगे व्यापारियों की आवाज : मल्होत्रा

अध्यक्ष पद के दावेदार आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि चैंबर में व्यावसायिक समुदाय की आवाज को मजबूती से उठाना और सभी व्यापारियों के हित में पारदर्शी और निष्पक्ष कार्य प्रणाली लागू करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि उनकी टीम व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगी और चैंबर को सशक्त संस्था बनायेगी।

### टीम तुलसी ने की पदयात्रा

गुरुवार को टीम तुलसी पटेल के प्रत्याशियों ने अपर बाजार के विभिन्न क्षेत्रों में सघन पदयात्रा अभियान चलाया। पदयात्रा की शुरूआत छगनलाल धर्मशाला से हुई, जहां से टीम के सदस्यों ने लालजी हीरजी रोड, एसएन गांगुली रोड, मारू भवन समेत अन्य व्यावसायिक इलाकों में व्यापारियों से मुलाकात की। तुलसी पटेल ने बताया कि व्यापारियों से मिली प्रतिक्रिया सकारात्मक रही। पदयात्रा के दौरान संजय डालमिया, प्रकाश डालमिया, हेमंत पटेल, वरुण जालान, अजय गुप्ता, संजय पटेल, हरजीत सिंग स्विंकी, सोनू मक्कड़ आदि से मुलाकात कर समर्थन मांगा गया।

## डीएमएफटी की स्थिति का विशेष ऑडिट कराया जाये: लंबोदर महतो

**रांची (आजाद सिपाही)।** आजसू के केंद्रीय महासचिव और पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बोकारो जिले के डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड में व्याप्त भारी अनियमितताओं का खुलासा किया और सीबीआइ जांच की मांग की है। प्रेस कांफ्रेंस में महतो ने आरोप लगाया कि पूरे राज्य में डीएमएफटी फंड में भारी घोटाला हुआ है। डॉ महतो ने बताया कि झारखंड को जुलाई के अंत तक 16,474 करोड़ रुपयों की राशि डीएमएफटी फंड के रूप में प्राप्त हुई, जो जिलों में खनन के एवज में केंद्र द्वारा आवंटित किया जाता है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इस फंड की जिलों में खुलेआम बंदरबांट और लूट का खेल बदस्तूर जारी है। जिस मकसद से यह राशि दी जा रही है, उसका लाभ आम जनता को नहीं बल्कि भ्रष्ट अफसरों को मिल रहा है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ के निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। (1) **ई-निविदा सूचना सं०:** ईसीआर.सीएओ.सी.एस.ईटीएन/गया/01/25-26, **कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में ओबरा फपराकुंड के बीच किमी 139/7-14 पर पुल संख्या 07 के पियर संख्या 07 के जैकेटिंग क्षेत्र में प्रवेश करने वाले रेलवे वैगन और पुल के हिस्से लौह धातुद्ध की पानी के भीतर कटिंग और स्थानांतरण का कार्य। पियर संख्या 07 के शेष हिस्से का जैकेटिंग कार्य।, **आकलित मूल्य (रू० में):** 72,37,854.10, **बेली प्रतिभूति(रू०):** 1,44,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 04 (चार) महीने, **निविदा बंद होने की तारीख तथा समय 11.10.2025**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण)
पूर्व मध्य रेल, गया

पीआर/0933/सीओएन जीएवाईए/ईएनजीजी/टी/25-26/20

# बायोटेक्नोलॉजी को जेट में शामिल किया जाये: आलोक दुबे

**जेपीएससी की अधिसूचना से बायोटेक्नोलॉजी गायब, कांग्रेस ने उठाया सवाल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने झारखंड पात्रता परीक्षा (जेट) की अधिसूचना पर आपत्ति जतायी है, जिसमें बायोटेक्नोलॉजी को शामिल नहीं किया गया है। आलोक कुमार दुबे ने जेपीएससी सचिव संदीप कुमार से मुलाकात की और उन्हें इस मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा। पार्टी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा कि जेपीएससी का यह निर्णय विद्यार्थियों और शोधार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि जेट की अधिसूचना में अनेक व्यावसायिक और प्रोफेशनल कोर्स को शामिल किया गया है, लेकिन बायोटेक्नोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विषय को बाहर रखना अनुचित है। उन्होंने कहा कि बायोटेक्नोलॉजी लाइफ साइंसेज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसका जेट में शामिल होना आवश्यक है। आलोक कुमार दुबे ने जेपीएससी से मांग की है कि अधिसूचना में शीघ्र संशोधन कर बायोटेक्नोलॉजी को जेट में शामिल किया जाये। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है, तो पार्टी सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशीलता दिखायेगी और छात्रों के साथ न्याय सुनिश्चित करेगी।

चक्रधरपुर मंडल के तहत विभिन्न परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति, भारतीय संघ की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा चक्रधरपुर मंडल के तहत निम्नलिखित परिसंपत्तियों की श्रेणी के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है, जो **https:/www.ireps.gov.in/वेबसाइट** में सूचित की गई है।

| क्र. सं. | कैटेगरी | कैटलॉग सं. | नीलामी की तिथि | नीलामी शुरू होने का समय | नीलामी बंद होने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाटर वेंडिंग मशीन | एमएसएस-डब्ल्यूवीएम -एसईपी-25 | 22.09.2025 | 12:00 बजे | 13:00 बजे |
| 2. | विज्ञापन | एडीवीटी-एसईपी-सीकेपी-25 | 22.09.2025 | 11:30 बजे | 12:30 बजे |
| 3. | पे एंड यूज शैचालय | पीएनयू-सीकेपी डीआईवी-एसईपी | 24.09.2025 | 12:00 बजे | 13:00 बजे |

इच्छुक पार्टी इस तथ्य को ध्यान में रखें और साइट के विवरण तथा ई-नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी के लिए उपर्युक्त वेबसाइट देखें। किसी भी तरह की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-617)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 12 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
06

# शांति प्रयासों पर चोट

कतर की राजधानी दोहा में इजरायल के हवाई हमलों ने गाजा में संघर्ष विराम की उम्मीदों को धुंधला कर दिया है। ये हमले जितने अप्रत्याशित लगते हैं, उतने ही गैरजरूरी भी - खास कर जब शांति के लिए बातचीत चल रही हो। बड़ी बात कि इसके लिए अमेरिका को भी भरोसे में नहीं लिया गया था।

**सकते में अमेरिका :** इजरायल की कार्रवाई ने ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन को गहरे असमंजस में डाल दिया है। कतर और इजरायल, दोनों ही वॉशिंगटन के करीबी सहयोगी हैं। हमास के साथ वार्ता में कतर मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है। अब तक उसकी धरती पर सभी पक्षों के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है। जब इजरायली एयर स्ट्राइक हुई, उस वक्त भी हमास के टॉप लीडर मीटिंग के लिए वहां जुटे थे।

**कतर बीच की कड़ीः** कतर ने इस हमले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भले ही निशाना वह न हो, लेकिन इजरायल का हमला सीधे तौर पर उसकी संप्रभुता और उसके अधिकार क्षेत्र के खिलाफ था। अब देखने वाली बात होगी कि क्या कतर पहले की तरह हमास-इजरायल वार्ता में रुचि दिखाता है? कतर की भूमिका इसलिए अहम हो जाती है, क्योंकि उस पर सभी पक्षों को भरोसा है। पूरे संघर्ष के दौरान वह हमास और इजरायल के सीधे संपर्क में रहा है। उसके शांति प्रक्रिया से हटने पर बीच की कड़ी टूटने का डर है।

**कतर पर एयरस्ट्राइक से कुछ घंटों पहले ही इस्राइल ने गाजा को खाली करने की चेतावनी जारी की थी। इस्राइली सेना जमीनी स्तर पर बड़ा सैन्य अभियान चलाने की योजना बना रही है।**

**इजरायल पर अविश्वासः** गाजा में जंग शुरू हुए दो साल होने को हैं और इस बीच ऐसे कई मोड़ आये, जहां लगा कि संघर्ष फैल सकता है। इजरायल ने पिछले साल सितंबर में लेबनान में हिज्बुल्लाह पर हमले किये थे। फिर इस साल जून में ईरान के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया। अब इस ताजा हमले ने उसके प्रति अविश्वास को और बढ़ा दिया है। इसके बाद यह सवाल और तीखा हो जायेगा कि नेतन्याहू क्या वाकई में शांति चाहते हैं?

**लोगों पर संकटः** शांति प्रक्रिया को किसी भी तरह का झटका लगता है, तो सबसे ज्यादा नुकसान होगा गाजा के लोगों का, जो भयावह मानवीय त्रासदी से जूझ रहे हैं। कतर पर एयरस्ट्राइक से कुछ घंटों पहले ही इस्राइल ने गाजा को खाली करने की चेतावनी जारी की थी। इस्राइली सेना जमीनी स्तर पर बड़ा सैन्य अभियान चलाने की योजना बना रही है। हालांकि वैश्विक स्तर पर इसकी आलोचना हो रही है। यूएन ने चेताया है कि गाजा में पहले ही अकाल घोषित है, अब अगर वहां लड़ाई तेज होती है, तो आम लोग और भी गंभीर संकट में घिर जायेंगे।

**अभिमत आजाद सिपाही**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों कल बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन मिजोरम के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। 51 किलोमीटर लंबी यह परियोजना 8,000 करोड़ से अधिक की लागत से बनी है और पहली बार आइजोल को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सैरांग से दिल्ली (राजधानी एक्सप्रेस), कोलकाता (मिजोरम एक्सप्रेस) और गुवाहाटी (आइजोल इंटरसिटी) के लिए तीन नयी ट्रेन सेवाओं को भी हरी झंडी दिखायेंगे।**

# मिजोरम रेल नक्शे पर



**अश्विनी वैष्णव**



कई दशकों तक उत्तर-पूर्व को एक दूरस्थ इलाका माना जाता था, जहां विकास की राह देखी जाती रही। हमारे भाई-बहन उम्मीदों के साथ जीते थे, लेकिन उन्हें वह बुनियादी ढांचा और अवसर नहीं मिल पाये, जिसके वे हकदार थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह तस्वीर बदली है। जो इलाका कभी दूर का फ्रंटियर कहा जाता था, वह आज भारत की तरक्की का फ्रंट-रनर बन कर उभरा है।

### शांति, समृद्धि और प्रगति

यह बदलाव रेलवे, सड़कें, हवाई अड्डे और डिजिटल कनेक्टिविटी में रिकॉर्ड निवेश की वजह से संभव हुआ है। शांति समझौते स्थिरता ला रहे हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ अब सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। आजादी के बाद पहली बार उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को भारत की विकास यात्रा का केंद्र माना जा रहा है। रेलवे में किये गये निवेश को ही देख लीजिए। 2009 से 2014 की तुलना में क्षेत्र के लिए रेलवे बजट पांच गुना बढ़ा है। सिर्फ इस वित्तीय वर्ष में ही 10,440 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 2014 से 2025 तक कुल बजट आवंटन 62,477 करोड़ रुपये रहा है। आज यहां 77,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं चल रही हैं। इससे पहले उत्तर-पूर्व ने इतना बड़ा निवेश कभी नहीं देखा था।

**नयी एक्सप्रेस ट्रेनें आइजोल, कोलकाता और गुवाहाटी के बीच की यात्रा को भी तेज और आसान बनायेंगी।**

### मिजोरम की पहली रेल लाइन

मिजोरम भी इसी बदलाव का हिस्सा है। यह राज्य अपनी समृद्ध संस्कृति, खेल प्रेम और खूबसूरत पहाड़ियों के लिए जाना जाता है। फिर भी, दशकों तक यह संपर्क की मुख्यधारा से दूर रहा। सड़क और हवाई संपर्क सीमित था। रेलवे राजधानी तक नहीं पहुंच पायी थी। लोगों के सपने थे, लेकिन विकास की राहें अधूरी थीं। अब ऐसा नहीं है। अब हालात बदल चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों कल बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन मिजोरम के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। 51 किलोमीटर लंबी यह परियोजना 8,000 करोड़ से अधिक की लागत से बनी है और पहली बार आइजोल को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सैरांग से दिल्ली (राजधानी एक्सप्रेस), कोलकाता (मिजोरम एक्सप्रेस) और गुवाहाटी (आइजोल इंटरसिटी) के लिए तीन नयी ट्रेन सेवाओं को भी हरी झंडी दिखायेंगे। यह रेलवे लाइन कठिन पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरती है। रेल इंजीनियरों ने मिजोरम को जोड़ने के लिए 143 पुल और 45 सुरंगें बनायी हैं। इनमें से एक पुल कुतुब मीनार से भी ऊंचा है। दरअसल, इस इलाके में, जैसे अन्य हिमालयी रेल परियोजनाओं में होता है, रेलवे लाइन लगभग पूरी तरह पुल और सुरंगों के क्रम से बनी है – एक पुल, फिर एक सुरंग, फिर दोबारा पुल, और इसी तरह आगे।

### हिमालय सुरंग निर्माण विधि

उत्तर-पूर्व हिमालय युवा और नाजुक पहाड़ हैं। यहां जमीन कठोर चट्टानों की जगह मुलायम मिट्टी और जैविक सामग्री से बनी है। ऐसी स्थिति में सुरंग और पुल बनाना बेहद चुनौतीपूर्ण था। पारंपरिक तरीके यहां काम नहीं कर सकते थे, क्योंकि ढीली मिट्टी निर्माण का भार सहन नहीं कर पाती। इस समस्या को दूर करने के लिए हमारे इंजीनियरों ने एक नया और अनोखा तरीका विकसित किया, जिसे अब हिमालयन टनलिंग मेथड कहा जाता है। इस तकनीक में पहले मिट्टी को स्थिर और मजबूत किया जाता है, फिर सुरंग और निर्माण का काम किया जाता है। इससे क्षेत्र की सबसे कठिन परियोजनाओं में से एक को पूरा करना संभव हुआ। एक और बड़ी चुनौती ऊंचाई पर पुलों को टिकाऊ बनाना था, क्योंकि यह क्षेत्र भूकंप प्रभावित है। इसके लिए भी विशेष डिजाइन और उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया गया, जिससे पुल सुरक्षित और मजबूत बन सके। यह स्वदेशी नवाचार दुनिया भर में ऐसे ही भौगोलिक इलाकों के लिए एक मॉडल है। हजारों इंजीनियरों, मजदूरों और स्थानीय लोगों ने मिल कर इसे संभव बनाया। भारत जब निर्माण करता है, तो दूरदृष्टि और समझदारी के साथ करता है।

### क्षेत्र को लाभ

रेलवे को विकास का इंजन माना जाता है। यह नये बाजारों को करीब लाता है और व्यापार के अवसर पैदा करता है। नयी रेल लाइन मिजोरम के लोगों का जीवन स्तर सुधारेगी। राजधानी एक्सप्रेस की शुरुआत के साथ ही आइजोल और दिल्ली के बीच सफर का समय 8 घंटे कम हो जायेगा। नयी एक्सप्रेस ट्रेनें आइजोल, कोलकाता और गुवाहाटी के बीच की यात्रा को भी तेज और आसान बनायेंगी। किसान, खास कर जो बांस की खेती और बागवानी से जुड़े हैं, वे अपनी उपज को तेजी से और कम लागत पर बड़े बाजारों तक पहुंचा पायेंगे। अनाज और खाद जैसे जरूरी सामान की ढुलाई भी आसान होगी। पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि मिजोरम की प्राकृतिक सुंदरता तक पहुंचना और सुविधाजनक हो जायेगा। इससे स्थानीय कारोबार और युवाओं के लिए नए अवसर बनेंगे। यह परियोजना लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तक बेहतर पहुंच भी देगी। मिजोरम के लिए यह कनेक्टिविटी सिर्फ सुविधाएं ही नहीं, उससे कहीं अधिक लेकर आयेगी।

### पूरे देश में विकास

देशभर में रेलवे में रिकॉर्ड स्तर पर बदलाव हो रहा है। हाल ही में 100 से अधिक अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन किया गया। साथ ही 1200 और स्टेशन तैयार हो रहे हैं। ये स्टेशन यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं देंगे और शहरों को नए विकास केंद्र बनायेंगे। 150 से ज्यादा चल रहीं हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनें यात्री सुविधा के नये मानक स्थापित कर रही हैं। साथ ही, लगभग पूरे नेटवर्क का विद्युतीकरण रेलवे को और हरित बना रहा है। 2014 से अब तक 35,000 किलोमीटर नयी पटरियां बिछाई जा चुकी हैं। यह उपलब्धि पिछले छह दशकों के कुल काम से भी अधिक है। सिर्फ.पिछले साल ही 3,200 किलोमीटर नयी रेल लाइनें जोड़ी गयीं। विकास की यह गति और बदलाव उत्तर-पूर्व में भी साफ दिखायी दे रहा है।

### पूर्वोत्तर का विकास विजन

प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमारे लिए पूर्व (EAST) का मतलब है - एंपॉवर (सशक्त बनाना), एक्ट (कार्य करना), स्ट्रेंथन (मजबूत बनाना) एंड ट्रांसफॉर्म (बदलना)। ये शब्द पूर्वोत्तर के प्रति उनके दृष्टिकोण का सार प्रस्तुत करते हैं। कई क्षेत्रों में निर्णायक कदमों ने इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव सुनिश्चित किया है। असम में टाटा का सेमीकंडक्टर प्लांट, अरुणाचल प्रदेश में टाटो जैसी जलविद्युत परियोजनाएं और बोगीबील रेल-सह-सड़क पुल जैसी ऐतिहासिक संरचनाएं इस क्षेत्र का रूप बदल रही हैं। इसके साथ ही, गुवाहाटी में एम्स की स्थापना और 10 नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों ने स्वास्थ्य सुविधाओं और संपर्क को मजबूत किया है।

### फ्रंटियर से फ्रंट-रनर

कई दशकों तक मिजोरम के लोगों ने सड़कों, स्कूलों और रेलवे के लिए इंतजार किया है। अब वह इंतजार खत्म हुआ है। ये परियोजनाएं हमारे प्रधानमंत्री की पूर्वोत्तर के प्रति विजन का प्रमाण हैंः एक ऐसा क्षेत्र जिसे कभी फ्रंटियर (सीमांत) माना गया, परंतु अब फ्रंट-रनर (अग्रणी) के रूप में उभरा है।

## कोल्हान की खबरें

## लोक अभियोजक बीरेंद्र कुमार ने जमशेदपुर में पदभार ग्रहण किया



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर जिला व्यवहार न्यायालय में लोक अभियोजक के पद पर बीरेंद्र कुमार ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उन्हें यह नियुक्ति प्रोन्नति के उपरांत मिली है। इससे पूर्व वे बोकारो में प्रभारी अभियोजन पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे।पूर्व लोक अभियोजक राजीव कुमार ने उन्हें विधिवत रूप से पदभार सौंपा। इसके साथ ही बीरेंद्र कुमार ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से कार्यभार संभालते हुए न्यायिक प्रक्रिया में भागीदारी की शुरूआत कर दी।बीरेंद्र कुमार इससे पूर्व धनबाद एवं देवघर जिलों में भी अभियोजन पदाधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। उनके पदभार ग्रहण करने पर न्यायिक अधिकारियों और अदिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू सहित अन्य अधिवक्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर संगोष्ठी

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के बैनर तले जमशेदपुर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और ऐतिहासिक भाषण पर चर्चा की गयी। सभा में वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने और युवाओं को समाज उत्थान के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया। मौके पर महासभा के अध्यक्ष मदन मोहन प्रसाद, महासचिव अनिल कुमार सिन्हा, रंजीत श्रीवास्तव और अटल बिहारी मोहंती सहित कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

## मानव तस्करी का खुलासा,जांच में जुटी पुलिस

आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। आदित्यपुर थाना क्षेत्र के धीराजगंज में मानव तस्करी का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार बास्को नगर की पदमा तांती और शांति नगर निवासी राम पर सीता लोहार नामक युवती को लोन दिलाने के बहाने राजस्थान ले जाकर बेचने का आरोप लगाया गया। युवती ने लौट कर परिजनों को आपबीती बताया। उसके बाद वार्ड पार्षद अभिजीत महतो और उनकी मां ने आरोपियों से पूछताछ की। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। सूचना मिलने पर आदित्यपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी।

## गुड़ाबांदा प्रखंड के कारलाबेड़ा पहुंचे डीसी सुदूरवर्ती गांव में विकास के लिए दिये निर्देश



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। डीसी कर्ण सत्यार्थी गुरुवार को गुड़ाबांदा प्रखंड के सुदूरवर्ती कारलाबेड़ा गांव पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने गांव में सड़क,जल मीनार,चेक डैम व सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। डीसी ने आजीविका सुधार के लिए ग्रामीणों को नगदी फसल, पशुपालन एवं बागवानी जैसी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कारलाबेड़ा सहित अन्य दुर्गम गांवों की समस्याओं का सर्वे कर प्राथमिकता से योजनाएं लागू करें, ताकि ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार हो और पलायन रोका जा सके।

# झामुमो कार्यकर्ताओं की सराहनीय पहल घाटशिला में जर्जर सड़कों की मरम्मत की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला नगर की जर्जर सड़के बीते दिनों स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी। शहर के मुख्य सड़क एवं दहीगोड़ा मेन रोड जगह-जगह गड्ढों हो चुकी थीं, जिससे आमजनों का आवागमन न केलव कठिन हो गया, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी। शिलान्यास हो के बावजूद असमय वर्षा के कारण कार्य अधर में लटक गया और आम लोग प्रतिदिन इस संकट से जूझते रहे। आगामी दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्व. रामदास सोरेन के सुपुत्र सोमेश चंद्र सोरेन के निर्देश पर सड़कों के गड्ढों को कंक्रीट मसाले से भरने का कार्य शुरू कर दिया। इससे आवागमन में आ रही समस्याओं से लोगों को काफी राहत मिली। यह कार्य केवल सड़क मरम्मत तक सीमित नहीं, बल्कि जनता के दुःख-दर्द में भागीदार बनने की राजनीतिक और सामाजिक प्रतिबद्धता का भी प्रतीक था। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की खुले दिल से सराहना की और सोमेश सोरेन को धन्यवाद दिया। स्थानीय नागरिकों के अनुसार जब कोई जनप्रतिनिधि जनता के दर्द को अपना समझते हैं, तो यह सेवा की असली भावना के रूप में दिखता है। सड़क मरम्मत के लिए नगर अध्यक्ष विकाश मजुमदार, मोहम्मद शहीद, काजल डॉन, रिंकू सिंह, प्रकाश निषाद, सौरभ, रहमत अली, गुड्डू सिद्दिकी, सोमेन मिश्रा, सुशील मार्डी सहित अन्य झामुमो नेताओ की सक्रिय भागीदारी रही।

**श्री बाला गणपति विलास के पूजन और संध्या आरती में शामिल हुए भाजपा प्रवक्ता**

# कदमा गणेश उत्सव आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक : अमरप्रीत सिंह काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी के कदमा स्थित श्री बाला गणपति विलास द्वारा आयोजित भव्य गणेश पूजा उत्सव में गुरुवार की संध्या को झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना व संध्या आरती में भाग लेकर विघ्नहर्ता गणेश से राज्यवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

श्री काले ने कहा श्री बाला गणपति विलास कमेटी वर्षों से जिस श्रद्धा, अनुशासन और समर्पण के साथ गणेश उत्सव का आयोजन करती आ रही है।यह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता का भी संदेश देती है।उन्होंने कहा यह उत्सव केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जो हर वर्ष हमें मिलकर रहने, साझा भावनाओं को सम्मान देने और समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने की प्रेरणा देती है। काले ने कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य स्वर्गीय केजे राव को भी सादर स्मरण किया। अंत में श्री काले ने पूरी कमेटी को भव्य आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विघ्नहर्ता गणपति से सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करने और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करने के लिए प्रार्थना की।

## टास्क फोर्स की छापेमारी, चार बच्चे रेस्क्यू

कपाली (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिला प्रशासन ने बालश्रम रोकथाम के लिए कपाली क्षेत्र में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान चार बच्चों को कबाड़ गोदाम से रेस्क्यू किया। यह कार्रवाई डालसा सचिव के निर्देश पर बाल कल्याण समिति और श्रम विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स ने की। रेस्क्यू किये गये बच्चे 14 वर्ष से ऊपर थे। इसलिए गोदाम संचालकों को चेतावनी देकर सख्त निर्देश दिये गये 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम न करायें और इस संबंध में बोर्ड भी लगायें। कार्रवाई के दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका कुमारी, चाइल्ड हेल्पलाइन की कविता मिश्रा, युवा संस्था के मुकेश पांडेय, बाल कल्याण समिति की बिना रानी महतो व पद्मा गोराई, जिला बाल संरक्षण इकाई के माथुर मंडल, समीर महतो, चितरंजन और बिट्टू प्रजापति शामिल रहे।

## मेडिएशन फॉर द नेशन के तहत डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान के तहत 15 सितंबर से 19 सितंबर तक चलने वाले पांच दिवसीय स्पेशल मध्यस्थता ड्राइव को लेकर गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल वैन के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पीएलवी नागेन्द्र कुमार, दिलीप जायसवाल एवं जोबा रानी बास्के ने नागरिकों को मध्यस्थता प्रक्रिया,उसके लाभ और इसकी कानूनी वैधता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया मध्यस्थता एक स्वैच्छिक, गोपनीय और निष्पक्ष प्रक्रिया है। जिसमें पक्षकार आपसी सहमति से विवादों का समाधान करते हैं। यह समझौता न्यायालय के आदेश की तरह बाध्यकारी होता है।

## डीसी कार्यालय पर भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। भाजपा जमशेदपुर महानगर ने गुरुवार को डीसी कार्यालय सहित चारों प्रखंड कार्यालयों पर जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए झारखंड सरकार पर आदिवासी विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया। भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा सूर्या हांसदा की हत्या संथाल की आवाज को दबाने की साजिश है। झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार आदिवासियों की जमीन लूटने पर तुली है और भाजपा इसके खिलाफ सड़क से सदन तक निर्णायक संघर्ष करेगी। प्रदर्शन के दौरान राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर बिनोद सिंह, मनोज सिंह, नीरज सिंह, रेणु शर्मा, डॉ राजीव, पवन अग्रवाल और रमेश बास्के सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टीआरएफ के शिविर में 222 यूनिट रक्त संग्रह




जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टीआरएफ कंपनी परिसर में टीआरएफ लेडीज एसोसिएशन द्वारा 'नवजीवन' नामक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को शिविर में 222 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर जमशेदपुर ब्लड सेंटर और वालंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रबंध निदेशक उमेश कुमार सिंह, सीएफओ आनंद चंद, सीएचआरओ अभिजीत सिंह, यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, महासचिव अंजनी कुमार एवं श्वेता गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। डॉ निर्झला झा ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी आदि शामिल रहे।

# राज्य की स्थिति भयावह, आदिवासियों का हो रहा है शोषण : भानु प्रताप शाही




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** प्रदेश भाजपा के आह्वान पर भाजपा नगर मंडल गढ़वा अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आदिवासी नेता सूर्या हसदा के फर्जी एनकाउंटर, रिम्स टू के नाम पर गरीब आदिवासी का खेतिहर जमीन पर रिम्स टू के निर्माण के विरोध में गढ़वा प्रखंड कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया। इसके पश्चात राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया।

इस कार्यक्रम के प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मंत्री प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, पूर्व सांसद घूरन राम, जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।मौके पर बोलते हुए भानु प्रताप शाही ने कहा कि राज्य का स्थिति भयावह है। आये दिन आदिवासियों की हत्या, बलात्कार उनके जमीन को लूटने का कार्य किया जा रहा है। यह सरकार आदिवासियों का हितैषी कहती है। लेकिन दूसरी ओर उनका दोहन, शोषण किया जा रहा है, पूर्व सांसद घूरन राम के द्वारा कहा गया यह सरकार सिर्फ चुनाव के समय घोषणा करने वाली सरकार है। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता ओम प्रकाश केशरी, विनय चौबे, जितेंद्र चंद्रवशी, विनोद चंद्रवंशी, ब्रजेश उपाध्याय, धनंजय गोंड, प्रमोद विकास तिवारी चौबे जयंत पांडे, अरविंद तूफानी, सतेंद्र सोनी, विशाल गुप्ता, सुरेंद्र राम, सुरेश अग्रवाल, रामसरीख चंद्रा अन्य भाजपा नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

## भाजपाइयों ने प्रखंड कार्यालय पर धरना दिया



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के बाद भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम संबोधित एक मांगपत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय को सौंपा। धरना में हरिहरपुर मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी, शशिरंजन दुबे, रामलला दुबे, सीताराम तिवारी, निर्मल विश्वकर्मा, संतोष सिंह, दिलीप सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रंका भाजपा ने विभिन्न मांगों के आलोक में राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



रंका (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो के निर्देशानुसार रंका उतरी मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश दास के नेतृत्व में विभिन्न मांगों के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा के सूर्य हांसदा को पुलिस एनकाउंटर करने, रांची नगरी में आदिवासी की जमीन पर रिम्स टू हॉस्पिटल बनाने आदि मांगें शामिल है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश दास, महामंत्री दिनेश प्रसाद चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, रवि कुमार उर्फ चप्पू चंद्रवंशी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनिल माली, राकेश रवानी, अमित कुमार तिवारी, युवा मोर्चा महामंत्री रविंद्र शाह, जेठू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सगमा में भाजपा ने सौंपा ज्ञापन



सगमा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी सगमा मंडल ने गुरवार को प्रखण्ड मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रखंड के प्रधान सहायक चोन्हांस एका को सौंपा गया। मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता जुलूस के रूप में प्रखंड कार्यालय पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर मंडल प्रभारी इंद्रमणि जयसवाल, मंडल महामंत्री धर्मजीत यादव, सखीचंद प्रजापति, व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक राजेश जयसवाल, मंडल उपाध्यक्ष रविरंजन यादव, दिनेश ठाकुर, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेश बैठा, उदय सिंह और संतोष यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेराल में भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम सौंपा मांगपत्र



मेराल (आजाद सिपाही)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के अंत में राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा गया। जिला विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं ने हाथ में झंडा बैनर लिए बस स्टैंड से विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। धरना प्रदर्शन में विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, उदय कुमार कुशवाहा, रूपू महतो, मनोज जायसवाल, रामा कांत गुप्ता, मुखिया राम प्रताप साव, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र सिंह, चंद्रमणि पाठक, अमित साह, धनंजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात, फसलें की तबाह


हाथी द्वारा बर्बाद किये गये धान की फसल को दिखाते ग्रामीण।

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना वन क्षेत्र अंतर्गत चुतरू पंचायत के बांदू अंबेडकर टोला में 10 सितंबर 2025 के रात्रि में हाथियों के झूंड ने एक दर्जन लोगों के कियारी में लगे धान फसल तथा बाजार टांड़ टोला में भी एक दर्जन लोगों के खेत में लगे मक्का के फसल को कुछ खाये और तहस नहस कर बर्बाद कर दिया है। भुक्तभोगी परिवारों में मुकेश भास्कर, मथुरा राम, गोपाल राम, अनुज राम, राजपतिया देवी, बसंती देवी, पूनम देवी, यशवंत, बिशुन भुईयां, अनिल, मंदीप, मिरशाद अंसारी, जलील अंसारी, नूरूद्दीन अंसारी, खुशदील अंसारी, आरिफ अंसारी, मुबारक अंसारी, रजाक अंसारी, फैसल अंसारी का नाम शामिल है।

## खपरैल का मकान गिरा, परिवार बेघर



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया क्षेत्र में पिछले कई दिनों से हो रहे बारिश के कहर ने भंडरिया थाना क्षेत्र के मंजरी गांव निवासी रामसुंदर सिंह के अपना खपडैल का मकान पानी से गिर गया, जिससे वह अपने पुरे परिवार के साथ घर से बेघर हो गये हैं। रामसुंदर सिंह ने बताया कि हम अपने कुल आठ परिवार के साथ अपने खपरैल के घर में रहते थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भैया बहन सम्मानित

केतार (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रश्नमंच प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले भैया बहनों को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा पंचम की छात्रायें अंशु कुमारी, प्रियांशु कुमारी और शीतल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं रिंकी कुमारी, शीतल कुमारी और रेणु कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। इन विजयी बहनों को झारखंड के धनबाद स्थित बाघमारा में आयोजित प्रांतीय विज्ञान मेले में भाग लेने का अवसर मिला।

# बीडीएसयू में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में नए सत्र के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्टार्टअप अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी बीडीएसयू) और फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट, आईटी, बी.टेक और डिप्लोमा इंजीनियरिंग के नवागंतुक छात्रों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस अवसर पर फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. पंकज कुमार, विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. लालन कुमार तथा उप-रजिस्ट्रार केशरी कुमार ने अपने विचार रखे। मौके पर डॉ. पंकज कुमार ने उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप पर अपने विचार रखते हुए छात्रों को केवल पाठ्यक्रम पूरा करने और प्लेसमेंट पर ध्यान केंद्रित न करने की सलाह दी। कार्यक्रम में कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एम. के. सिंह ने भविष्य में भी इस तरह के और कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम का समापन छात्रों के लिए एक नये और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।

## बीडीओ ने पंचायत भवन और विद्यालय का किया निरीक्षण

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने गुरुवार को खुटहेरिया पंचायत भवन और उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुटहेरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत स्तरीय गतिविधियों एवं विद्यालय की समस्याओं की समीक्षा की और कई अहम निर्देश दिए। पंचायत भवन निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने मुखिया एवं पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह पंचायत स्तर पर सभी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित करें। हर गुरुवार को पंचायत भवन में मनरेगा दिवस सुनिश्चित करें तथा सप्ताह में कम से कम एक दिन जनता दरबार लगाकर प्राप्त आवेदनों को दर्ज कर उनकी कार्रवाई की जानकारी लाभुकों तक पहुंचायें। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत कर्मी नियमित रूप से पंचायत भवन में उपस्थित रहकर आमजनों से मिले।

# प्रभारी हेडमास्टर और सहयोगी शिक्षक के बीच मारपीट, शिक्षक का बायां हाथ फ्रैक्चर

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय जमुआ में गुरुवार को उस समय अजीबो-गरीब स्थिति उत्पन्न हो गयी, जब विद्यालय के प्रभारी हेडमास्टर धनंजय कुमार यादव एवं सहयोगी शिक्षक लाल बहादुर के बीच कुछ बात को लेकर जमकर मारपीट हो गयी। शिक्षकों में मारपीट होने के कारण स्कूल में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना में घायल हुये शिक्षक को उनके अन्य सहयोगी शिक्षकों ने तत्काल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। मारपीट की घटना में घायल शिक्षक का बायां हाथ फ्रैक्चर हो गया है। घटना के बाद पीड़ित शिक्षक ने थाना में आवेदन देकर प्रभारी हेडमास्टर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना में दिये गये आवेदन में लाल बहादुर ने लिखा है कि वह विद्यालय में फिजिकल के शिक्षक के पद पर पदस्थापित हैं। विद्यालय में साइंस के शिक्षक की नियुक्ति नहीं होने के कारण परीक्षा नजदीक देखते हुये वे बच्चों को स्वेच्छा से साइंस की पढ़ाई करा रहे थे। इसी बीच प्रभारी हेडमास्टर कक्षा में पहुंचे और उन्हें साइंस पढ़ाने से रोकने लगे। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। लाल बहादुर का आरोप है कि उन्होंने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुये पढ़ाई जारी रखने की बात कही, लेकिन हेडमास्टर ने गुस्से में आकर उनके साथ हाथापाई कर दी। उन्होंने बताया कि मारपीट के दौरान हेडमास्टर ने उन्हें गड्ढे में धक्का दे दिया, जिससे उनका हाथ टूट गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद अन्य शिक्षकों ने भी घटना की कड़ी निंदा की है। वहीं उधर इस मामले में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि मारपीट के मामले में घायल शिक्षक के द्वारा आवेदन मिला है।

# भवनाथपुर में पीडीएस के सैकड़ों बोरी नमक को ठिकाने लगाने के लिए जमींदोज किया

विमलेश कुमार


गड्ढे खोदकर उसमें नमक की बोरी डालकर उपर से मिट्टी भर दिया गया।

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में जनवितरण प्रणाली के तहत लाभुकों के बीच वितरण किये जानेवाली सैकड़ों बोरी नमक जमीन में दफन करने का मामला सामने आया है। जो भ्रष्टाचार, खराब आपूर्ति प्रबंधन और नमक के खराब हो जाने जैसी कारणों की परिचायक है। बताते चलें कि इन दिनों गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड परिसर के पुराने और जर्जर भवन को गिराया जा रहा है। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित एफसीआई के पुराने गोदाम में लाभुकों के बीच वितरण करने हेतु दर्जनों ट्रैक्टर सरकारी नमक का बोरी रखा गया था। भवन ध्वस्त किये जाने से पूर्व ही उक्त नमक की बोरी को प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली डीलर के दुकानों में भेजकर क्षेत्र के गरीब तबके के जविप्र कार्डधारी लाभुकों के बीच वितरण करने का निर्देश प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने दी थी, जहां एजीएम द्वारा छः सात ट्रैक्टर क्षेत्र के कुछ डीलरों के दुकानों में भेजा गया। वहीं भवन ध्वस्त कराने में लगे प्रखंड कर्मियों द्वारा बड़ी मात्रा में बचा हुआ नमक की बोरी को डीलरों के दुकानों तक भेजना मुनासिब नहीं समझा गया और गुरुवार को जेसीबी मशीन से प्रखंड परिसर में ही तीन से चार फीट गड्ढा खोदकर उसमें हजारों पैकेट नमक को डाल कर उपर से मिट्टी भर दिया गया। प्रखंड कर्मियों की इस कारनामे के चलते प्रखंड क्षेत्र में हजारों गरीब कार्डधारी लाभुक सरकारी नमक पाने से वंचित हो गये।

इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी एमओ नंदजी राम ने बताया कि सरकार द्वारा कार्डधारी लाभुकों को मिलने वाली नमक को गड्ढा खोदकर उसमें फेंक दिया जाना गंभीर मामला है। जांच कर दोषी पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

प्रपत्र VII समाहर्त्ता या समुचित सरकार

## उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (भू-अर्जन शाखा)

### अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

ज्ञापांकः– 2144/भू0अ0 दिनांकः– 08.09.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना– Widening & Strengthening to 2 lane of Duwari to Role Road (MDR-99) निर्माण हेतु ग्राम–पत्थलगड्डा, थाना नं0–59, थाना–पत्थलगड्डा, अंचल–पत्थलगड्डा, जिला–चतरा में कुल रकबा 3.1297 एकड़ यानि 1.26657 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से 3.1297 एकड़ यानि 1.26657 हेक्टेयर है और जो ग्राम–पत्थलगड्डा, थाना नं0–59, थाना–पत्थलगड्डा, अंचल–पत्थलगड्डा, जिला–चतरा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

संरचना का विवरणी

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | संरचना का प्रकार | संरचना का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 213 | 194 | 587 | रैयती | मकान छज्जा, शौचालय टंकी, पनसोखा | | दिलेश्वर कुमार पिता– घनश्याम दांगी | प्रदीप दांगी | रामेश्वर दांगी | नीज मकान | पक्का सड़क |
| 214 | 100 | 234 | रैयती | मकान करकेट | | धनुषधारी दांगी पिता– घनश्याम दांगी | अनिल दांगी | इंद्रदेव दांगी | पक्का सड़क | नीज मकान |
| 215 | 154 | 1329 | रैयती | मकान पक्का, शौचालय टंकी | | सुरेन्द्र दांगी वगै0 पिता– महावीर महतो | दिनेश्वर दांगी | टिकेश्वर दांगी | नीज मकान | गंदौरी दांगी |
| 216 | 29 | 1302 | रैयती | मकान करकेट | | हरीश दांगी पिता– विशुन महतो | चनुदेव दांगी | झालु दांगी | नीज मकान | अमेरिका दांगी |
| 217 | 160 | 51 | रैयती | बाउण्ड्री | | सोनिया वर्मा पिता–..... | श्यामलाल रजक | विपिन कुमार | नीज | रास्ता |
| 218 | 160 | 51 | रैयती | बाउण्ड्री | | विपिन कुमार पिता–..... | सोनिया वर्मा | गली | नीज | रास्ता |
| 219 | 86 | 487 | रैयती | मकान | | बसंत दांगी वगै0 वो देवनंदन दांगी | देवनंदन दांगी | विनय दांगी | नीज | रास्ता |
| 220 | 44 | 346 | रैयती | मकान | | कामेश्वर गिरी वगै0 पिता–..... | लेखराज दांगी | मुकेश दांगी | रास्ता | नीज |
| 221 | 148 | 339 | रैयती | मकान | | मुनेश्वर गिरी पिता–..... | गोपाल गिरी | राजदीप गिरी | रास्ता | नीज |
| 222 | 171 | 300 | रैयती | मकान | | सुरेन्द्र दांगी वगै0 पिता–..... | राज अवतार दांगी | नीज | रास्ता | नीज |
| 223 | 38 | 209 | रैयती | बाउण्ड्री | | जय प्रकाश दांगी पिता–..... | शिवशंकर दांगी | बिनोद दांगी | नीज | रास्ता |
| 224 | 146 | 210 | रैयती | बाउण्ड्री | | दशरथ दांगी पिता–..... | रामसेवक दांगी | शिवशंकर दांगी | नीज | रास्ता |
| 225 | 48 | 206 | रैयती | बाउण्ड्री | | भुनेश्वर दांगी पिता–..... | राज बिलास दांगी | जितेन्द्र दांगी | नीज | रास्ता |
| 226 | 186 | 213 | रैयती | मकान | | लोकन दांगी पिता–..... | हरलाल दांगी | हरिश दांगी | रास्ता | नीज |
| 227 | 153 | 214 | रैयती | मकान | | हीरा दांगी पिता–..... | नीज | नीज | नीज | रास्ता |
| 228 | 02 | 216 | रैयती | सीढ़ी, बाउण्ड्री | | मिथुन अग्रवाल वगै0 पिता–..... | दीपु दांगी | बनवारी साव | रास्ता | नीज |
| 229 | 143 | 137 | रैयती | मकान | | जितेन्द्र दांगी पिता–..... | शिबन प्रजापति | भुनेश्वर महतो | नीज | रास्ता |
| 230 | 122 | 186 | रैयती | मकान | | विनय दांगी पिता–..... | नीज | क्षत्री दांगी | नीज | रास्ता |
| 231 | 128 | 195 | रैयती | बाउण्ड्री | | अमित कुमार पिता–..... | राकेश सोनी | नितिश कुमार | नीज | रास्ता |
| 232 | 128 | 195 | रैयती | बाउण्ड्री | | नितिश कुमार पिता–..... | अमित कुमार | अजय दांगी | नीज | रास्ता |
| 233 | 161 | 1299 | रैयती | मकान, बाउण्ड्री | – | झमन दांगी पिता– रेखा महतो | अनिल कुमार दांगी | चंद्रदेव दांगी | नीज मकान | पक्का सड़क |
| 234 | - | 1152 | रैयती | मकान | – | तारकेश्वर दांगी पिता– गुरूदयाल महतो | गुलाब चंद दांगी | झमन दांगी | नीज मकान | पक्का सड़क |
| 235 | - | 1152 | रैयती | मकान | – | अनिल कुमार दांगी पिता– गुलाब चंद दांगी | जागेश्वर महतो | मंजु देवी | नीज | पक्का सड़क |
| 236 | - | 1152 | रैयती | पक्का मकान | – | जागेश्वर महतो पिता– गुरूदयाल महतो | कच्चा रास्ता | गुलाबचंद दांगी | नीज मकान | पक्का सड़क |
| 237 | - | 589 | रैयती | पक्का मकान | – | विद्या सागर पिता– भगवान महतो | दशरथ दांगी | कमलेश दांगी | नीज मकान | पक्का सड़क |
| 238 | - | 589 | रैयती | पक्का मकान, सोखा | – | दशरथ महतो पिता– जीवन महतो | रामेश्वर महतो | विद्यासागर | धर्नुधारी दांगी | पक्का सड़क |
| 239 | - | 589 | रैयती | टंकी सोखा | – | रामेश्वर दांगी पिता– सुकर महतो | घनश्याम दांगी | दशरथ दांगी | डालो दांगी | पक्का सड़क |
| 240 | 73 | 586 | रैयती | मकान, सोखा | – | बैजनाथ दांगी वो रामदास दांगी वो रोहन दांगी | रामदेव महतो | प्रदीप दांगी | गुरूचरण दांगी | पक्का सड़क |
| 241 | 73 | 586 | रैयती | मकान, सोखा | – | धरमदेव महतो पिता– मेवा महतो | कामेश्वर दांगी | बैजनाथ दांगी वगै0 | बिरोचन गिरी | पक्का सड़क |
| 242 | 73 | 586 | रैयती | मकान | – | प्रकाश दांगी पिता– रामबीलाश दांगी | बिरोचन गिरी | कामेश्वर दांगी | बिरोचन दांगी | पक्का सड़क |
| 243 | - | 1173 | रैयती | पक्का मकान | – | बैजनाथ दांगी पिता– रेवा महतो | कामेश्वर दांगी | विजय दांगी | पक्का सड़क | बनवारी दांगी |
| 244 | 29 | 471 | रैयती | मकान, बाउण्ड्री | – | अरविन्द कुमार दांगी वो संजय दांगी पिता– पूरन महतो | कामेश्वर दांगी | रंजीत गिरी | नीज | पक्का सड़क |
| 245 | 29 | 471 | रैयती | मकान | – | कामेश्वर दांगी पिता– जगदीश महतो | सुभाष महतो | अरविन्द दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 246 | - | 477 | रैयती | मकान, टंकी | – | सुभाष दांगी पिता– गोर्वधन महतो | योगेन्द्र दांगी | कामेश्वर दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 247 | - | 477 | रैयती | मकान, टंकी | – | योगेन्द्र दांगी पिता– गोर्वधन महतो | भोला महतो | सुभाष दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 248 | 156 | 288 | रैयती | मकान | – | अरूण दांगी पिता– दिनेश्वर महतो | विकास दांगी | विमला देवी | पक्का सड़क | नीज |
| 249 | - | 478 | रैयती | पक्का मकान | – | कुंदन दांगी वो रोहन दांगी वो केदार दांगी पिता– भोला महतो | जवाहर साव | गोर्वधन महतो | झालू दांगी | पक्की सड़क |
| 250 | - | 485 | रैयती | मकान, बाथरूम | – | रामवृक्ष दांगी पिता– धरम महतो | राजू दांगी | अशोक दांगी | जयराम महतो | पक्का सड़क |
| 251 | - | 485 | रैयती | मकान, बाथरूम | – | राजु दांगी पिता– गोखुल दांगी | विनय दांगी | रामवृक्ष महतो | नीज | पक्का सड़क |
| 252 | - | 485 | रैयती | मकान | – | विनय दांगी पिता– गणेश दांगी वो छत्रधारी दांगी पिता– लेख महतो | देवनन्दन दांगी | राजु दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 253 | - | 345 | रैयती | मकान | – | विद्यासागर दांगी वो अयुष कुमार पिता– भगवान महतो | गुलाबचंद महतो | कांटा गिरी | पक्का सड़क | नीज |
| 254 | - | 186 | रैयती | मकान | – | राजु दांगी वगै0 पिता– हिलो महतो | विनोद दांगी | विनय दांगी | योगेन्द्र दांगी | पक्का सड़क |
| 255 | - | 300 | रैयती | मकान | – | राम प्रसाद पिता– रूदन दांगी | बिनोद प्रसाद कुशवाहा | सुरेन्द्र कुशवाहा | पक्का सड़क | संजय दांगी |
| 256 | 143 | 137 | रैयती | मकान | – | रामबिलास दांगी पिता– बुलक महतो | भुनेश्वर महतो | दशरथ दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 257 | - | 234 | रैयती | पक्का मकान | – | इन्द्रदेव दांगी पिता– रेवा महतो | घनश्याम महतो | राजु दांगी | पक्का सड़क | शंकर दांगी |
| 258 | - | 102 | रैयती | मकान | – | उपेन्द्र प्रसाद पिता– अर्जुन महतो | नवरतन दांगी | रामदेव दांगी | नीज | पक्का सड़क |

कूप/बोरिंग की विवरणी

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | कूप/बोरिंग | कूप/बोरिंग का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 259 | 161 | 1299 | रैयती | चापाकल | – | झमन दांगी पिता– रेखा महतो | अनिल कुमार दांगी | चंद्रदेव दांगी | नीज मकान | पक्का सड़क |
| 260 | - | 1152 | रैयती | कूप | – | जागेश्वर महतो पिता– गुरूदयाल महतो | कच्चा रास्ता | गुलाबचंद दांगी | नीज मकान | पक्का सड़क |
| 261 | - | 589 | रैयती | बोरिंग | – | विद्या सागर पिता– भगवान महतो | दशरथ दांगी | कमलेश दांगी | नीज मकान | पक्का सड़क |
| 262 | - | 589 | रैयती | बोरिंग | – | दशरथ महतो पिता– जीवन महतो | रामेश्वर महतो | विद्यासागर | धर्नुधारी दांगी | पक्का सड़क |
| 263 | 73 | 586 | रैयती | बोरिंग | – | बैजनाथ दांगी वो रामदास दांगी वो रोहन दांगी | रामदेव महतो | प्रदीप दांगी | गुरूचरण दांगी | पक्का सड़क |
| 264 | 73 | 586 | रैयती | बोरिंग | – | धरमदेव महतो पिता– मेवा महतो | कामेश्वर दांगी | बैजनाथ दांगी वगै0 | बिरोचन गिरी | पक्का सड़क |
| 265 | - | 345 | रैयती | बोरिंग | – | विद्यासागर दांगी वो अयुष कुमार पिता– भगवान महतो | गुलाबचंद महतो | कांटा गिरी | पक्का सड़क | नीज |
| 266 | - | 186 | रैयती | चापाकल | – | विनय दांगी पिता– गणेश महतो | राजु दांगी | छत्रधारी दांगी | योगेन्द्र दांगी | पक्का सड़क |
| 267 | - | 234 | रैयती | बोरिंग | – | इन्द्रदेव दांगी पिता– रेवा महतो | घनश्याम महतो | राजु दांगी | पक्का सड़क | शंकर दांगी |
| 268 | 29 | 1302 | रैयती | बोरिंग | – | हरीश दांगी पिता– विशुन महतो | चनुदेव दांगी | झालु दांगी | नीज मकान | अमेरिका दांगी |

वृक्ष की विवरणी

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | वृक्ष | वृक्ष का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 269 | 160 | 51 | रैयती | सागवान | | सोनिया वर्मा पिता–..... | श्यामलाल राज | विपिन कुमार | नीज | रास्ता |
| 270 | 160 | 51 | रैयती | सागवान | | विपिन कुमार पिता–..... | सोनिया वर्मा | गली | नीज | रास्ता |
| 271 | 128 | 60 | रैयती | सागवान अशोक | | मंजु देवी पिता–..... | बिहारी अग्रवाल | शिवनारायण दांगी | नीज | रास्ता |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:–

ग्राम XXX, थाना XXX थाना सं0 XXX अंचल XXX जिला XXX क्षेत्रफल XXX एकड़ XXX यानि XXX हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं :– X

निर्धारित अवधि 60 (साठ) दिनों तक प्राप्त दावा आपत्ति का निश्पादन किया जा चुका है।

उपायुक्त,
चतरा

PR 361524 Land Reforms (25-26)_D

# अपराधी, माफिया और दलालों ने सरकारी तंत्र पर कब्जा कर लिया है : नीलकंठ सिंह मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच कराने एवं नगड़ी के रैयतों को रिम्स 2 के नाम पर छीनी जा रही जमीन किसानों को वापस दिलाने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को खूंटी प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप और नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन पाहन ने किया। प्रदशन के बाद राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन प्रखंड पदाधिकारी को सौंपा गया। मौके पर राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि राज्य की स्थिति दिनों-दिन बद से बदतर होती जा रही। राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।

राज्य सरकार के संरक्षण में अपराधी, माफिया, दलाल, बिचौलियों ने पूरे सरकारी तंत्र पर कब्जा जमा लिया है। इनका विरोध करने पर नृशंस हत्या, बिना कारण मुकदमा, धमकी, फिरौती जैसी सजा सामाजिक - राजनीतिक कार्यकर्ताओं को भुगतना पड़ता है। विगत दिनों सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता की राज्य की पुलिस द्वारा एनकाउंटर दिखाकर नृशंस हत्या कर दी गयी।

जिला महामंत्री संजय साहू ने कहा कि आदिवासी रैयतों की नगड़ी में खेतिहर जमीन से रिम्स 2 के नाम पर राज्य सरकार किसानों को उजाड़ने पर अड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि अबुआ राज की डुगडुगी पीटने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में आदिवासी लुटे भी जा रहे और पीटे भी। प्रदर्शन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, बिनोद नाग, जिला महामंत्री संजय साहू, मंडल अध्यक्ष अर्जुन पहान, मदन मोहन गोप, जिला मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र नायक, कंचन सिंह, लखिंदर नायक, विकास चौधरी, कृष्णा लोहरा, प्रशांत कुमार, सुरेन्द्र सिंह, राजेश नाग, अमीत कश्यप, बालकिशुन महतो, रामा महतो, बुधराम पूर्ति, लखिंदर महतो, दिनेश महतो व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आदिवासी हितों की अनदेखी के खिलाफ खलारी भाजपा का जन आक्रोश मार्च



**खलारी (आजाद सिपाही)।** भाजपा खलारी मंडल के द्वारा खलारी में जन आक्रोश मार्च का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष अनिलकुमार गंझू के नेतृत्व में आयोजित इस मार्च में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता केडी हिन्दूगढ़ी चौक पर एकत्रित हुए। भाजपा नेताओं का कहना था कि राज्य सरकार की नीति आदिवासी हित की नहीं बल्कि बड़े कारपोरेट्स के हित में काम कर रही है। मार्च में कार्यक्रम प्रभारी भाजपा नेता देवेंद्रप्रकाश स्वामी व राजेश कुशवाहा, कार्यक्रम संयोजक प्रीतमकुमार साहू के अलावा मंडल अध्यक्ष अनिलकुमार गंझू, अरविंद सिंह, भरत रजक, फुलेश्वर महतो, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, दिलीप पासवान, जीतेंद्रनाथ पांडेय, श्यामसुंदर सिंह, रवींद्र पासवान, दिनेश गुप्ता, शत्रुंजय सिंह, चतुर्गुण भुइयां, मनोज जायसवाल, कामेश्वर निषाद, दिलीप गंझू, सरोजिनी देवी, संगीता देवी, किरण देवी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## तमाड़ में भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन किया। रायडीह चौक से प्रखंड/अंचल मुख्यालय तक कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च करते हुए हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार पूरी तरह से विफल है। इनकी सरकार में आदिवासी, मूलवासी, महिला, किसान, विद्यार्थी सभी असुरक्षित हैं। इस प्रदर्शन कार्यक्रम में राज्यपाल के नाम प्रखंड कार्यालय में मांग पत्र सौंपा गया। इस प्रदर्शन कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के अलावे पूर्व मंडल अध्यक्ष विमल पातर, मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, कालीचरण सिंह मुण्डा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता देवी, अजीत महतो, विवेक गुप्ता, गणेश महली, सत्यनारायण महतो, हरेंद्र लाल महतो, शशि कुमार महतो, दुर्योधन महतो, उदय महतो, चंदन कुमार साहू, मदन सिंह मुंडा, तुलसी मुंडा, जय प्रकाश पातर, वासुदेव महतो, अर्जुन महतो पंचानन महतो महावीर लोहरा सहित दर्जनों महिला पुरुष कार्यकर्ता शामिल थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

**सोनाहातू /राहे (आजाद सिपाही)।** आदिवासी नेता सूर्या हांसदा का फर्जी एनकाउंटर और रिम्स 2 के नाम और आदिवासी रैयतों की जमीन छीनने के साजिश के विरोध में भारतीय जनता पार्टी राहे मंडल के मंडल महामंत्री मेघनाथ महतो के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया। आक्रोश प्रदर्शन कर भाजपा राहे मंडल के पदाधिकारियों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर दिलेश्वर महतो, युधिष्ठिर महतो, ज्योति प्रसाद कोइरी, मनोज महतो, राजू, महेंद्र, महेश्वर स्वांसी, बुधराम स्वांसी, राजेंद्र अहीर, फलिंद्र, प्रताप, धनंजय आदि मौजूद थे। इधर सोनाहातू प्रखंड में मंडल अध्यक्ष खगेश महतो ओर बारेंद्र मंडल अध्यक्ष पदलोचन महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बीडीओ कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। मौके पर सदानंद महतो, उपेंद्र नाथ चौधरी, मानकी राम महतो, बनेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

# एनडीआरएफ की टीम ने कारो नदी में बहे युवक के शव को बरामद किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** एनडीआएफ की टीम ने स्थानीय मछुवारों के सहयोग से गुरुवार को तोरपा के सप्तधारा संगम के पास से कारो नदी से लापता हुए शव को बरामद कर लिया। दो दिन पहले ग्रामीणों ने तोरपा थाना की पुलिस को सूचना दी थी कि कारो नदी में किसी युवक का शव पड़ा है। रात में जंगली हाथियों के आतंक और भारी बारिश के कारण तोरपा थाना की पुलिस उस दिन शव को बरामद नहीं कर पायी। बुधवार को पुलिस शव लेने के लिए कारो नदी के पास पहुंची, पर नदी में बाढ़ आ जाने के कारण शव बहकर अन्यत्र चला गया। सतधारा संगम के पास मछुआरों के सहयोग से एनडीआरएफ की टीम ने शव को बरामद कर लिया। हालांकि अभी तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक के शरीर पर केवल एक ऑरेंज कलर की गंजी है। एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, इंस्पेक्टर अशोक सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्बरम तथा एसआई रोशन खाखा के नेतृत्व में एनडीआरएफ के जवानों ने कारो नदी से लेकर सतधारा संगम तक लगभग दस किलोमीटर क्षेत्र में लगातार खोजबीन की। इसके बावजूद टीम को सफलता नहीं मिली। जब सभी बेरंग लौटने की तैयारी करने में जुटे थे, उसी समय कुछ ग्रामीणों और मछुआरों ने थाना प्रभारी को सूचित किया कि संगम के पास बहुत दुर्गंध आ रही है। उसके बाद पुनः एनडीआरएफ की टीम ने संगम के पास जाकर कड़ी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला। जानकारी अनुसार गत मंगलवार को ग्रामीणों ने कतकोना के पास स्थित कारो नदी में शव को देखा था और इसकी सूचना पुलिस को दी थी।

# रैयत विस्थापित मोर्चा ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार में पॉलिटेक्निक और आइटीआइ कॉलेज के निर्माण की मांग**

**पिपरवार।** रैयत विस्थापित मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने मोमेंटो देकर राज्यपाल को सम्मानित किया। इस दौरान मोर्चा ने रैयत विस्थापितों की विभिन्न मांगों से संबंधित आठ सूत्री ज्ञापन सौंपा। जिस पर महामहिम ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि खनन क्षेत्र, विस्थापित व प्रभावित क्षेत्र- पिपरवार, एनके, मगध, आम्रपाली, राजहरा, केरेडारी बड़कागांव एनटीपीसी परियोजना सीसीएल के सभी क्षेत्र से झारखंड सरकार एवं भारत सरकार को करोड़ों का राजस्व की प्राप्ति होती है। लेकिन उक्त क्षेत्र के विस्थापित व प्रभावित मूलभूत जन सुविधाओं से वंचित हैं। सीसीएल, एनटीपीसी से हुए विस्थापितों को पुनर्वास, मुआवजा, नौकरी तथा विस्थापित बेरोजगारों को निजी कंपनियों में रोजगार, एक करोड़ तक का ठेका- पट्टा कार्य मुहैया कराई जाये। विस्थापित व प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत जन सुविधाओं से संबंधित मांगों के ज्ञापन को महामहिम के समक्ष सुपुर्द किया गया। जिसमें फोर लाइन सड़क का निर्माण, पॉलिटेक्निक व आईटीआई कॉलेज का निर्माण, 100 बेड का अस्पताल निर्माण, पिपरवार क्षेत्र के पिपरवार महाविद्यालय कारो को राजकीय/सरकारी मान्यता प्रदान करने, कोयला आधारित उद्योगों की स्थापना एवं रोजगार के अवसर प्रदान करने, कोयला खनन के बाद भूमि समतलीकरण कर पुनः रैयत को वापस करने, सड़क दुर्घटना की मुआवजा नीति निर्धारण करने, सीएसआर, डीएमएफटी, वेलफेयर कार्यों को और भी प्रभावी ढंग से लागू कराने सहित अन्य मांगे शामिल है।

## अड़की में एकदिवसीय आक्रोश प्रदर्शन



**अड़की (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी अड़की मंडल अध्यक्ष परशुराम दास के नेतृत्व में एकदिवसीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया। उसके बाद नारा बाजी करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा खूंटी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय मुंडा उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी रीता मुंडा, गोपाल स्वर्णकार सुभाष हालदार, बूंदी राम मुंडा, सुरेंद्र मुंडा, बांकेलाल स्वासी, गौरांग माझी, सच्चिदानंद तिवारी, हरिश्चंद्र मुंडा, राजू हजाम, रंजीत हजाम विष्णु देव, प्रमाणिक अंबिका शरण हजाम और सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

## भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मडंल एंव टंडवा मंडल के संयुक्त तत्वाधान मे गुरूवार को टंडवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता टंडवा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय और पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास भी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में झारखंड के राज्यपाल के नाम टंडवा बीडीओ देवलाल उंराव को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक कुमार उज्जवल दास, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, भाजपा टंडवा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय, पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह, धनराज भोक्ता, उमेश कुमार सिंह, इंदर कुमार सहित काफी संख्या में टंडवा और पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुरहू प्रखंड में किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राज्य में बढ़ते अपराध और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की जांच सीबीआई से कराने और नागड़ी के रैयतों को उनकी जमीन वापस दिलाने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकार्ताओं ने गुरुवार को मुरहू प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रखंड किवकास पदाधिकारी को सौंना गया। मौके पर भाजपा के मंडल महामंत्री भुनेश्वर मांझी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राम बिहारी लाल, सुरेश अकेला, सुरेश साहू आदि मौंजूद थे।

## कल्याण गुरुकुल खूंटी में ऑफर लेटर वितरण और फ्लैग-ऑफ समारोह

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के चंद्रपुर स्थित कल्याण गुरुकुल खूंटी में गुरुवार को रेट्रोफिटिंग ट्रेड के बैच संख्या 84 (खूंटी) और बैच संख्या 50 (गढ़वा) के छात्रों के लिए ऑफर लेटर वितरण और फ्लैग-ऑफ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कें रूप में सांसद प्रतिनिधि पीटर मुंडू और विशिष्ट अतिथि के तौर पर खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी कें अध्यक्ष रवि मिश्रा, तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख संतोष कुमार कर, प्रशांत कुमार कांबले (संरचना कंपनी), डोड़मा के मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, सीड्स एनजीओ के खेत्रमोहन और तथा गुरुकुल के कर्मचारी उपस्थित थे।

## क्षेत्र के विकास में नारी शक्ति की भूमिका अहमः सुदीप गुड़िया



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में नारी शक्ति की अहम भूमिका होती है। बिना नारी शक्ति के हम हसिी क्षेत्र यां गांव के विकास की कल्पना नहीं कर सकते। विधायक गुरुवार को तोरपा प्रखंड में आयोजित ग्रामसभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। ग्रामसभा में पहुंचने पर महिलाओं ने विधायक का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। विधायक ने ग्रामसभा के सदस्यों की विभिन्न मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि सभी मांगों का जल्द समाधान किया जायेगा। विधायक ने कहा कि ग्रामसभा को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अबुआ सरकार हर वर्ग, समुदाय और क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य और झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुशांति कोंनगाड़ी, मुखिया शिशिर टोपनो, चंदन ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

## मोहननगर सीएचपी के पास कोयला गाड़ियों का लगता है जाम

## मोर्चा ने ट्रांसपोर्टिंग बंद करने की चेतावनी दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** डकरा परियोजना से एनटीपीसी के लिए सड़क मार्ग से हो रही कोयले की ढुलाई के कारण डकरा मोहन नगर सीएचपी से लेकर कांटा घर तक जाम लगा रहता है। यह सड़क रांची से हजारीबाग और चतरा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। सड़क पर कोयला वाहनों के बेतरकीब खड़े रहने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसके अलावा सड़क के दोनों किनारों पर ट्रक और हाइवा गाड़ियां खड़ी रहती है। जिसके कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इन समस्याओं को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा के डकरा शाखा के अध्यक्ष सुनील यादव और सचिव श्याम जी महतो ने परियोजना पदाधिकारी से मुलाकात कर समस्या का समाधान करने की मांग की थी। जिस पर प्रबंधन के द्वारा 15 दिनों का समय लिया गया था। 15 दिन भी जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। मोर्चा के पदाधिकारी ने इस समस्या पर प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीणों के साथ मिलकर ट्रांसपोर्टिंग कार्य को पूरी तरह से बंद कर दिया जायेगा।

# कवड़ा जिउतिया जतरा 18 को, समिति का पुनर्गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**अध्यक्ष चारो उरांव एवं सचिव रमेश भगत बने**

**खलारी।** कावड़ा जिउतिया मेला आनंद शीला चामा के सफल अयोजन को लेकर गुरूवार को चामा स्थित कवड़ा जिउतिया जतरा स्थल पर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बिगलहा पहान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से चामा पंचायत मुखिया विश्वनाथ भगत के साथ उप मुखिया सूरजदेव मुंडा और पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार मुंडा उपस्थित थे। बैठक के दौरान 18 सितंबर को कवड़ा जिउतिया जतरा के आयोजन का निर्णय लिया गया। साथ ही तय किया गया की जतरा स्थल एवं इसके आस पास शराब की बिक्री करने पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी। वहीं बैठक में जतरा के सफल संचालन हेतु कवड़ा जिउतिया जतरा समिति का सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया। जिसमें संरक्षक जगदीश भगत, धर्मेंद्र उरांव, अध्यक्ष चारो उरांव, उपाध्यक्ष लालू उरांव, सचिव रमेश भगत, उपसचिव भुनेश्वर मुंडा, कोषाध्यक्ष सुरजदेव मुंडा के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में अनिमेष भगत, पंचू उरांव, रमेश मुंडा, गोर्वधन उरांव, दीपक उरांव, सुकेंदर उरांव, बाबूलाल उरांव, टिंकू कुमार गंझू, कालेश्वर गंझू, रोहित उरांव, लक्ष्मण उरांव, ईश्वर उरांव, बिशुन, गुड्डू, शंकर, कृष्णा, सागर रंथू, मनोज सहित अन्य लोगों को शामिल किया गया है।

# राहे अंचल प्रखंड कार्यालय में बिचौलिया हावी : देवेंद्र

**11 सूत्री मांग पत्र पूरा नहीं करने पर निरंतर आंदोलन की चेतावनी**

**राहे बीडीओ अशोक कुमार और सीओ क्रिस्टीना ऋचा इंदवार ने संयुक्त रूप से मांग पत्र स्वीकार करते हुए 15 दिनों के अंदर सभी मांगों को पूरा करने साकारात्मक आश्वासन दिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** राहे अंचल प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितता के खिलाफ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा सिल्ली विधानसभा के तत्वाधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो धरना प्रदर्शन का नेतृत्व किया। भारी वर्षा में भी आंदोलनकारी धरना स्थल पर डटे रहे।

मौके पर देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि अंचल/प्रखंड कार्यालय में बिचौलिया हावी है, आम आदमी बीडीओ, सीओ से मुलाकात के लिए पसीना छूटता है। हर काम के लिए बिचौलिया पकड़ना पड़ता है। जमीन को जानबूझकर दांव पेंच में फंसाया जाता बाद में जमीन खाता, प्लॉट, रकवा, खारिज दाखिल काम के लिए वसूली की जाती, सरकारी योजना वितरण में पारदर्शी नहीं अपनाया जाता है, योजना प्राप्त लाभुकों को सही समय पर पैसा भुगतान भी नहीं किया जाता है। सीओ बिना वार्ता किये कार्यालय से वापस जाने का खबर से प्रदर्शनकारी उग्र होकर ब्लॉक के अंदर घुस कर नारेबाजी किया तब पुनः वार्ता के लिए सीओ को वापस आना पड़ा।

**मौके पर लिखित रूप 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा :** साथ ही देवेंद्र नाथ महतो सभी मांगो को पूरी नहीं करने पर निरंतर आंदोलन का चेतावनी दिया है। राहे बीडीओ अशोक कुमार एवं सीओ क्रिस्टीना ऋचा इंदवार संयुक्त रूप से मांग पत्र स्वीकार करते हुए 15 दिनों के अंदर सभी मांगों को पूरा करने साकारात्मक आश्वासन दिया। धरना प्रदर्शन में देवेंद्र नाथ महतो के अलावा सुशीला देवी, सुभाष महतो, बिनोद महतो, उमेश महतो, नागेश्वर महतो, रंजीत महतो, कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर, नरेश, हरेन, शुभम, अनंत, अनिल, सनातन, प्रकाश के अलावा अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## वाहन की चपेट में आने से पति की मौत, पत्नी घायल

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना क्षेत्र के रांची टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग के डामरी मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से पति की मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गयी तथा पत्नी बुरी तरह से घायल हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्याधर महतो पिता स्व नंदकिशोर महतो उम्र 50 वर्ष ग्राम हितजरा थाना राहे निवासी पल्सर मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी के साथ तमाड़ से अपने गांव लौट रहे थे, इसी बीच दोपहर लगभग 3:30 बजे डामरी मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये।

## बाइक दुर्घटना में चार घायल, एक का पैर टूटा

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दानाडीह गांव के समीप दो मोटरसाइकिल आपस में सीधी टक्कर से चार व्यक्ति घायल हुए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोनाहातू थाना के चौकीदार भोला अहीर ड्यूटी कर मोटरसाइकिल से बुण्डू की ओर जा रहे थे। वहीं बुंडू से सोनाहातू की ओर मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्ति तेज गति से विपरीत दिशा से आ रहे थे। दानाडीह गांव के समीप दोनों बाइक की सीधी टक्कर होने से दुर्घटना हुई। जिसमें चौकीदार भोला अहीर चोटिल हुए। वहीं राहे के चैनपुर निवासी 26 वर्षीय राकेश महतो का दुर्घटना से पैर टूटा। सोनाहातू के ईड़कू निवासी 40 वर्षीय जनार्दन मुंडा और ईड़कू निवासी दिलीप पातर मुंडा का पैर और हाथ में चोट लगने से घायल हैं।यह घटना शाम के लगभग 7.00 बजे की बतायी जाती है। ग्रामीणों की मदद से घायल व्यक्तियों को सीएचसी सोनाहातू पहुंचाया गया। सभी घायल व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं घायल राकेश महतो की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया।

## रैयत विस्थापित मोर्चा का 19 को धरना



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक डकरा स्थित कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने किया। बैठक में एनके एरिया के रैयत विस्थापित की समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए बिगन सिंह भोगता ने कहा कि एनके एरिया में रैयत विस्थापित की समस्याओं का समाधान नही हो रहा है। प्रबंधन पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। इसको लेकर मोर्चा ने आंदोलन की तैयारी शुरू कर दिया गया है। वहीं मोर्चा के नेतृत्व में रैयत विस्थापित के द्वारा सभी परियोजना में धरना दिया गया है और अब एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय डकरा के समक्ष 19 सितंबर को जोरदार तरीके से धरना दिया जायेगा। उन्होंने एनके एरिया के सभी रैयत विस्थापित से धरना में शामिल होने की अपील की गयी। इस मौके पर रामलखन गंझू, विनय खलखो, प्रकाश महतो, दामोदर गंझू, प्रभाकर गंझू, सलामत अंसारी, राजेंद्र उरांव, शिवनारायण लोहरा, सुनील यादव, श्यामजी महतो, रामधारी गंझू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी ने किया तिरुलडीह, इचागढ़ थाना का निरीक्षण



**ईचागढ (आजाद सिपाही)।** चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने गुरुवार को तिरुलडीह व ईचागढ़ थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना में लंबित मामलों, वारंटीयों का धर पकड़ तेज करने एवं जेल से छुटे अपराधियों पर निगरानी रखने का थाना प्रभारी को निर्देशित किया। उन्होंने अपराध पंजी का भी निरीक्षण किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने क्षेत्र में अफीम खेती नहीं करने के लिए जागरूक करने के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया। वहीं एसडीपीओ ने बताया कि आगामी दुगार्पूजा के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने एवम क्षेत्र में पोस्ता की खेती पूरी तरह बंद करने के लिए थाना क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है।

## बेंती में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के सौजन्य से और बचरा क्षेत्रीय अस्पताल के द्वारा गुरुवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत भवन मे नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बचरा क्षेत्रीय अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा पंचायत के सैकड़ों लोगों का नि:शुल्क उपचार किया गया, साथ ही जांच के बाद उनके बीच नि:शुल्क दवाई का भी वितरण किया गया। मौके पर पंचायत की मुखिया सरिता देवी, डॉ श्याम मैती, कमलेश, रौशन तिर्की, माधुरी समद, समाजसेवी गणेश भुईयां, हेमराज, राजेश प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

# सीआइपी में सफाई कर्मचारी की आत्महत्या के मामले ने तूल पकड़ा
## निदेशक, सफाई ठेकेदार और प्लंबर पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** केंद्रीय मनःचिकित्सा संस्थान सीआइपी में निदेशक डॉ बीके चौधरी और हाउसकीपिंग एजेंसी के ठेकेदार धनंजय कुमार से मिली डांट फटकार के कुछ समय बाद ही विगत 28 अगस्त को सफाई कर्मचारी रिजवान अंसारी (25) ने अपने निवास पतरा टोली में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी। इसके बाद मामले को दबाने की नीयत से जल्दबादी दिखाते हुए शव का बिना पोस्टमार्टम कराये और थाना को सूचना दिये परिजनों ने पैतृक गांव लोहरदगा के कुडु स्थित सुंदरू ग्राम में दफना दिया गया था। हालांकि मृतक के भाई सद्दाम अंसारी के बयान पर संज्ञान लेते हुए कांके के समाजसेवी अब्दुल




खालिद और अताउर रहमान ने कांके और लोहरदगा के कुडु थाना थाना प्रभारी, पुलिस महानिदेशक और वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के अलावा लोहरदगा पुलिस अधीक्षक एवं सीआईपी निदेशक को आवेदन देकर इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराया था। यही नहीं, सीआईपी के निदेशक डॉ बीके चौधरी, हाउसकीपिंग एजेंसी के संचालक धनंजय कुमार और मृतक के मामा समसुल अंसारी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। समाजसेवी अब्दुल खालिद और अताउर रहमान ने कहा कि मृतक के बड़े भाई सद्दाम अंसारी और मृतक रिजवान अपने मामा के घर कांके पतरा टोली में रहकर सफाई कर्मी के रूप में संस्थान में पिछले डेढ़ साल से काम करता था। रिजवान मुलतः लोहरदगा जिले का रहने वाला था। सदाम एवं संस्थान कर्मियों ने बताया कि 27 अगस्त को सफाई कर्मी रिजवान अंसारी प्रतिदिन की भांति अपना कार्य कर रहा था। इसी बीच ठीकेदार धनजय कुमार के कहने पर रिजवान सरकारी गैराज में कचरा ढोने के लिए ट्रैक्टर को आगे बढ़ाया था। तभी सरकारी गैराज में रखे निदेशक की नई कार ट्रैक्टर से सट गई। जिससे उस पर स्क्रैच लग गया। इसकी सूचना किसी ने सुपरवाइजर और ठीकेदार धनंजय को दे दी। ठीकेदार ने उसी समय रिजवान को फटकार लगाई। इसके बाद जब निदेशक जब अपने कार्यालय आए तो कार में स्क्रैच लगने की सूचना मिलते ही गैराज पहुंच गये। गाड़ी का हालत देख सुपरवाइजर और रिजवान अंसारी को बुलाकर काफी फटकार लगाई। जिसके बाद धनंजय ने रिजवान अंसारी को काम से निकाल दिया। यही नहीं, गाड़ी ठीक करवाने के लिए एक लाख रुपये जुगाड़ने को भी कहा। ऐसा नहीं करने पर पिटाई करने की धमकी दी। इससे रिजवान तनाव में आ गया और 28 अगस्त की सुबह 11 बजे अपने मामा शमशुल अंसारी के घर पतराटोली में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। समशुल अंसारी सीआईपी के ही सीपीडब्ल्यूडी में प्लंबर के पद पर कार्यरत है। आवेदन में इस मामले में शमशुल अंसारी की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए उस पर भी कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। आरोप है कि रिजवान अंसारी की मौत को प्रबंधन दबाने में लगा है। उधर, सफाई का काम देखने वाली ठेका कंपनी के धनंजय कुमार ने बताया कि 16 अगस्त से कार्य करने का ठेका जरूर मिला था, लेकिन सफाई का कार्य पूर्व के ही कर्मचारियों से निदेशक डॉक्टर चौधरी करा रहे थे। वे घटना के दिन संस्थान में भी नहीं था। दूसरी ओर, निदेशक डॉ बीके चौधरी ने इस मामले में कुछ भी बताने से साफ मना कर दिया।

# जनसेवा ही जनता दरबार का उद्देश्यः शिल्पी नेहा तिर्की

**दिव्यांग पेंशन से लेकर जमीन का दाखिला-खारिज मामले का हुआ निष्पादन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में गुरुवार को राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की जनता दरबार में दिनभर फरियादियों का तांता लगा रहा। इस दौरान करीब 290 आवेदन आये। इसमें मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से लेकर अबुआ आवास, दिव्यांग पेंशन और जमीन के दाखिल खारिज तक के मामले शामिल थे, जिनपर आवश्यक कार्रवाई की गई। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि बचे हुए आवेदन पर विभागीय प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। समस्या का समाधान होने पर मांडर निवासी कलीम अंसारी की 9 वर्षीय दिव्यांग पुत्री आलिया अंजुम को अब दिव्यांग पेंशन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। क्योंकि जनता दरबार में दिव्यांग पेंशन के लिए आलिया के नाम पर स्वीकृति दी गयी। इसके लिए कलीम अंसारी ने मंत्री का आभार भी जताया है। इसी तरह मांडर निवासी रामपाल उरांव और बेलस टोप्पो के आवेदन पर भी अविलंब कार्रवाई हुई। इसके लिए ये लोग पिछले कई महीनों से परेशान थे। वहीं, मांडर की मुनी उराइन और सरिता बाड़ा के जमीन का रसीद कटवाने और जमीन की दाखिल खारिज की समस्या का भी मंत्री ने समाधान कर दिया। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वैसे तो प्रतिदिन उनके आवास पर राज्य भर की जनता अपनी समस्या लेकर आते हैं और वो उसका समाधान भी करती है। लेकिन जनता दरबार का उद्देश्य प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने वाली जनता की समस्या का त्वरित समाधान करना है। कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र की आवश्यकता को पूरा करने के साथ ही लोगों की परेशानियों को दूर करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जनता के आवेदन पर पदाधिकारियों को गंभीरता से पहल करने की जरूरत है। इस मौके पर सभी विभागों के पदाधिकारी के अलावा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, जमील मल्लिक, सरिता तिग्गा, सेराफिना मिंज, शमीम अख्तर, तबारक खान, नसीम अंसारी, आबिद अंसारी, होसे उरांव और सुका उरांव आदि उपस्थित थे।

## रातू प्रखंड मुख्यालय में भाजपा का जन आक्रोश प्रदर्शन

**रातू (आजाद सिपाही)।** सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआइ जांच और नगड़ी में रिम्स 2 के लिए आदिवासियों की जमीन का अधिग्रहण मामले को लेकर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सामने एक दिवसीय जन आक्रोश धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजे की। वे सूर्या हांसदा हत्या का सीबीआई जांच एवं रिम्स 2 के लिए नगड़ी में चिन्हित आदिवासियों की जमीन वापस करने की मांग कर रहे थे। इसके बाद भाजपा का एक शिष्टमंडल बीडीओ से मिलकर राज्यपाल के नाम दो सूत्री ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर परमेश्वर गोप, संजीव तिवारी, इमरान खान, पंचम महतो, राणा सिंह, सुबोध साहू, हरी साहू के अलावा दर्जनो लोग शामिल थे।

## खराब कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन
# सूर्या हांसदा एनकाउंटर की हो सीबीआइ से जांचः सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** झारखंड में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और हाल ही में सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की कथित रूप से हत्या ने राज्य सरकार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में इस मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर गुरुवार को लापुंग प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान राज्यपाल के नाम लापुंग बीडीओ को ज्ञापन भी सौंपा गया है। ज्ञापन में राज्य की गठबंधन सरकार पर तीखे आरोप लगाये गये। भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं


बीडीओ को ज्ञापन सौंपते सन्नी टोप्पो और अन्य भाजपाई।

का कहना है कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उनका दावा है कि सरकार के संरक्षण में अपराधी, माफिया, दलाल और बिचौलिए पूरे सरकारी तंत्र पर हावी हो गए हैं। जो भी इन आपराधिक गतिविधियों का विरोध करता है, उसकी नृशंस हत्या, झूठे मुकदमे, धमकी या फिरौती जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में सरकारी रजिस्टरों में दर्ज आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया है कि राज्य में हर महीने 5,000 से अधिक गैर-जमानती आपराधिक मामले, जैसे हत्या, लूट, बलात्कार और डकैती, दर्ज किए जा रहे हैं। ये आंकड़े राज्य की बिगड़ती स्थिति को दर्शाते हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सूर्या हांसदा की हत्या की जांच के अलावा, नगड़ी के रैयतों की जमीन का मुद्दा भी उठाया है। उनका आरोप है कि रिम्स-2 के नाम पर किसानों की जमीन जबरन छीनी जा रही है। उन्होंने राज्यपाल से मांग की है कि इस मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिया जाए कि किसानों को उनकी छीनी गई जमीन वापस दिलाई जाए।

# राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी भ्रष्टाचार चरम पर : प्रो आदित्य साहू

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गिरती कानून व्यवस्था, सूर्या हांसदा एनकाउंटर की जांच सीबीआई से कराने, रिम्स टू के लिए जमीन छीनने की साजिश का विरोध सहित अन्य मुद्दों को लेकर गुरुवार को भाजपा ने प्रखंड मुख्यालय के समक्ष जन आक्रोश प्रदर्शन किया। भाजपा अनगड़ा एवं सिकिदिरी मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभारी के तौर पर प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार चौधरी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश साहू, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष बुधराम बेदिया आदि शामिल हुए। इससे पहले मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो एवं सोहराई बेदिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता झंडा बैनर के साथ राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आदित्य साहू ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो



चुकी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। हत्या, बलात्कार, महिला अपराध, लूट आदि की घटनाएं आम हो गई है। कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा को फर्जी एनकाउंटर में मरवा दिया गया। इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। रिम्स टू के नाम पर आदिवासियों की जमीन छीनने की साजिश रची जा रही है। पूरे प्रदेश में राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश है। वहीं, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला। कहा कि सरकार के इशारे पर सूर्या हांसदा को फर्जी एनकाउंटर में मार दिया गया। रिम्स टू के नाम पर आदिवासियों की जमीन को लूटने की कोशिश हो रही है। सत्ताधारी दल के कथित विधायकों द्वारा सिर्फ कमीशनखोरी के लिए रिम्स टू का निर्माण यहां कराने पर जोर दे रहे हैं। जबकि अन्य जिलों में भी सैकड़ों एकड़ सरकारी जमीन खाली पड़ी है। जहां रिम्स टू का निर्माण कराया जा सकता है। आरोप लगाया कि राज्य सरकार के संरक्षण में खनन माफिया बालू, कोयला आदि की लूट में लगे हैं। इसके बाद राज्यपाल के नाम सीओ को 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। इस मौके पर अजय महतो, रामसाय मुंडा, रामनाथ महतो, राजेंद्र महतो, सिकंदर अंसारी, अगमलाल महतो, गौरी शंकर मुंडा, जगेश्वर महतो, सुरेश महतो, शंकर बैठा, घनेनाथ महतो, कुंती देवी, सतपाल राउत, सुनील महतो, बिगेश्वर महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## गठबंधन की सरकार बन चुकी है तुष्टिकरण का पर्याय : शशिभूषण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बेड़ो एवं नरकोपी मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते किया। इस दौरान हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, सरकारी योजनाओं की विफलता,लचर बिजली, पानी की व्यवस्था, अवैध बालू, पत्थर, कोयला की लूट और बेरोजगारी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान सीओ राज कुंवर सिंह को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें सूर्या हांसदा मामले की सीबीआई जांच कराने और आदिवासियों की जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है। कार्यक्रम के प्रभारी शशि भूषण भगत ने कहा कि हेमंत सरकार का शासनकाल घोटाला, लूट, तुष्टिकरण और अराजकता का पर्याय बन गया है। कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब चुप नहीं बैठेगी, अब हर गली, हर गांव से यह आवाज उठेगी। मौके पर कार्यक्रम सह प्रभारी राजीव रंजन अधिकारी, आदित्य ताम्रकार, गणेश महथा, शंकर बड़ाइक, सुखदेव कच्छप आदि उपस्थित रहे।

# मनरेगा कार्य में बंद हो दलालीः मनोज

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं हाल में ही सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्य हासदा के एनकाउंटर ने राज्य सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं। इसे लेकर प्रदेश स्तर पर सभी प्रखंड कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी के निमित मांडर प्रखंड मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार हल्ला बोला। शिव मंदिर मैदान से जुलूस निकाल कर सैकड़ों महिलाएं युवा एवं भाजपा के कार्यकर्ता टगरबसली चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। वहां सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की एवं प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को बंद करने की मांग की। उन्होंने अंचल कार्यालय में दलाली बंद करो, आदिवासियों को ठगना बंद करो, आदिवासी हितों की रक्षा करो आदि नारे लगाये। इसके बाद



राज्यपाल के नाम सीओ को ज्ञापन सौंपते हुए सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआइ जांच कराने की मांग की। इस मौके पर रणधीर चौधरी, मुकेश प्रसाद, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष राम बालक ठाकुर, मंडल अध्यक्ष पुरंजय महतो, महामंत्री रामचंद्र भगत, पूर्व युवा मोर्चा के अध्यक्ष बबलू गोप, धर्म सिंह, उपेंद्र महली, प्रदीप महली, सत्येंद्र सिंह, अशोक साहू, रंजन साहू, उपेंद्र महली, अभिजीत तिवारी और सामाजिक कार्यकर्ता मनोज किसपोटा आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर, चान्हों मुख्यालय में भी आक्रोश प्रदर्शन किया गया। यहां भी आदिवासी नेता सूर्य नारायण हांसदा के फर्जी एनकाउंटर, नगड़ी एवं अन्य जगहों पर आदिवासी जमीन की सरकारी लूट, व्याप्त भ्रष्टाचार, यूरिया की कालाबाजारी, फसल क्षति को उचित मुआवजा देने आदि की मांग की गयी। इस मौके पर प्रदेश से प्रभारी मृत्युंजय शर्मा, व्यवस्थापक सतीश कुमार शाह, मंडल अध्यक्ष विजय कुमार महतो, अरविंद कुमार सिंह, सुनील उरांव, विशेश्वर महतो, गोविंद साहू, राजू उरांव, सहदेव उरांव, बहरात उरांव, फागू उरांव, दिनेश उरांव, करमचंद उरांव, रंजित उरांव, रामचरण भगत और हेमंत शाही आदि मौजूद रहे।

# सूर्या हांसदा हत्याकांड की सीबीआइ जांच और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** झारखंड भाजपा की ओर से पूर्व में आहूत कार्यक्रम के तहत आदिवासी नेता सूर्या हांसदा हत्याकांड की सीबीआइ जांच और रिम्स-2 के नाम पर कथित रूप से जबरन जमीन अधिग्रहण के विरोध में गुरुवार को पार्टी के नगड़ी मंडल अध्यक्ष जय किशन महतो के नेतृत्व में प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आक्रोश-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य की हेमंत सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर यहां के लोगों को लूटने में लगी है। आदिवासियों के हित की बात करने वाले नेताओं की सरकार ही हत्या करवा दे रही है। सूर्या हांसदा इसके प्रत्यक्ष उदाहरण है। भाजपा




कार्यकर्ताओं ने नगड़ी अंचल सह प्रखंड कार्यालय के सामने गेट को घेरकर आक्रोश प्रर्दशन करते हुए सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की और सरकार से आदिवासयों को न्याय देने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जय किशन महतो के नेतृत्व और आक्रोश प्रदर्शन के प्रभारी पंकज शाहदेव की मौजूदगी में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन पत्र सीओ राजेश कुमार और बीडीओ दिपाली भगत को सौंपा गया। इसमें सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच और प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की गयी है। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य पंकज शाहदेव, विंध्याचल महतो, राकेश केशरी, केदार महतो, चूड़ामनी महतो, राजपाल साहू, मेघनाथ महतो, बीजू महतो, महावीर महतो, रामबिलास लोहरा, सुरेश लोहरा, शिवदेव उराव, विकास उराव, रोहित महतो, रितेश राज और देवेंद्र महतो आदि थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ महापर्व को लेकर नामकुम और टाटीसिलवे थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार एवं टाटीसिलवे थानाा प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा ने की। बैठक में दोनों प्रभारियों ने शांतिपूर्वक दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही पूजा के दौरान किसी भी तरह की अफवाह फैलानेवालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। पर्व के दौरान पंडाल के पास सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, प्राथमिक उपचार, प्रशासन का मोबाइल नंबर, महिला और पुरुष के लिए टॉयलेट, बालू से भरा बोरा, मेला देखनेवालों बच्चों के पॉकेट पर मोबाइल नंबर, पिता का नाम और पता लिखकर डालने की व्यवस्था करने और जुआ और शराब से दूरी बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर बिनोद सिंह, राजन साहू, बृजेश सिंह, राजेंद्र प्रमाणिक आदि थे।

## ओरमांझी अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन
# सूर्या हांसदा की एनकाउंटर में की गयी थी हत्या, सीबीआइ जांच हो : शशांक राज

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड की बिगड़ती विधि व्यवस्था, प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और सूर्या हांसदा की कथित हत्या की सीबीआइ जांच की मांग को लेकर भाजपा के पूर्व आहूत कार्यक्रम के तहत गुरुवार को ओरमांझी भाजपा मंडल के महामंत्री अलख नाथ महतो की अध्यक्षता में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इसमें मुख्य प्रवक्ता के रूप में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य कि गठबंधन सरकार तानाशाही हो गई है। गरीबों के मसीहा आदिवासी नेता सूर्य हांसदा



का पुलिस ने फर्जी इनकाउंटर कर हत्या कर दी। उक्त हत्याकांड की सीबीआई जांच होनी चाहिए। वहीं, प्रभारी सत्यदेव मुंडा ने कहा कि आदिवासियों की हितैषी सरकार उसी की दुश्मन बन गयी है। नगड़ी के खेतिहर जमीन को लूट कर रिम्स 2 का निर्माण करना चाहती है। वहीं, मानकी राजेंद्र शाही ने कहा कि सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर गरीबों की हत्या करवा करकर उनकी आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। भाजपा ओरमांझी मंडल के महामंत्री अलख नाथ महतो ने भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, भाजपा रांची जिला ग्रामीण के पूर्व उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, मंडल महामंत्री अलखनाथ महतो, शशि भूषण साहू, राजेश गुप्ता, दीपक बढ़ाइक, सुनील उरांव, राजधाम साहू,बालक महतो, राजकिशोर साहू, सिकंदर महतो कैलाश पहन , विक्रांत तिवारी,गणेश किशोर महतो, राज किशोर साहू ,मोतीलाल महतो, सुरेंद्र प्रजापति, चमरू प्रजापति,राम लखन महतो और आनंद मेहता आदि के साथ मिलकर राज्यपाल संतोष गंगवार के नाम बीडीओ कामेश्वर बेदिया को ज्ञापन सौंपते हुए सूर्या हांसदा की मौत की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

# भाजपा खिजरी और टाटीसिलवे मंडल ने अंचल कार्यालय घेरा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा खिजरी और टाटीसिलवे मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को नामकुम प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा और टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने सूर्या हांसदा की हत्या को एक गंभीर मुद्दा बताते हुए इसकी सीबीआइ से निष्पक्ष जांच कराने और नगड़ी में रिम्स 2 के नाम पर किसानों से छीनी जा रही जमीन वापस दिलाने की मांग की। वहीं, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र




महतो ने आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सरकार के इशारे पर आदिवासी नेता सूर्या हांसदा का फर्जी एनकाउंटर किया गया। जबकि नगड़ी में रिम्स-2 के बहाने आदिवासियों की रैयती जमीन छीनी जा रही है। जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक ने कहा कि सूर्या हांसदा एनकाउंटर फर्जी है। इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। कार्यक्रताओं ने राज्यपाल के नाम नामकुम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा है। मौके पर कार्यक्रम के प्रभारी अशोक बड़ाईक, स्वतंत्रता सेनानी पौत्र सह मंडल कोषाध्यक्ष समीर राय, भाजपा नेता रितेश उरांव, मीडिया प्रभारी प्रशांत किशोर, प्रमोद कुमार सिंह, पिंटू सिंह, दिलीप साहू, अमित कुमार मिश्रा, प्रभुदयाल बड़ाईक और शंकर सिंह मुंडा आदि थे।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के ओड़िशा प्रभारी बने दिलीप नीलेश



**गुमला (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 6 एवं 7 सितंबर 2025 को प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू मुरारी गुप्ता ने झारखंड राज्य के कर्मठ एवं जुझारू प्रदेश अध्यक्ष दिलीप नीलेश को उड़ीसा राज्य का अतिरिक्त प्रभार सौंपा। दिलीप नीलेश उड़ीसा राज्य के प्रभारी बनाये गये। इस निर्णय से पूरे झारखण्ड राज्य के तेली साहू समाज में खुशी की लहर दौड़ गयी है और बधाइयों का तांता लग गया है। बधाई देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री संजय कुमार साहू, जिला अध्यक्ष महेश लाल, प्रदेश कार्यकारी युवा अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, जिला महामंत्री विनोद कुमार साह एवं अशोक कुमार साह (मुन्नाजी) जिला कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल कुमार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गायत्री देवी, जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष सिंटू साहू, डुमरी प्रखंड अध्यक्ष जयश्री साहू, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार साहू के साथ-साथ कई गणमान्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने खुले हृदय से शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

## सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआइ जांच की मांग, सौंपा ज्ञापन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चैनपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री यादव को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआइ जांच कराने और किसानों की रियायती जमीन उन्हें वापस दिलाने की मांग की गयी। चैनपुर भाजपा मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं और खासकर सरना धर्मावलंबियों के खिलाफ हत्या, लूट, बलात्कार और अन्य जघन्य अपराधों की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। भाजपा के कार्यकर्ता ने सूर्या हांसदा की कथित फर्जी एनकाउंटर में हुई हत्या को राजनीतिक साजिश बताया और इसकी कड़ी निंदा की। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि रिम्स-2 के नाम पर किसानों की रियायती जमीन छीन ली गयी है, जिसे तुरंत वापस दिलाया जाये। भाजपा ने राज्य सरकार पर आदिवासी रियायती जमीन को पूंजीपतियों के हवाले करने का आरोप लगाते हुए इसे आदिवासी विरोधी नीति करार दिया। भाजपा ने राज्यपाल और संबंधित सदन से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। इस अवसर पर भाजपा चैनपुर मंडल अध्यक्ष बुधराम बड़ाइक, दीपक रजक, कौशल केशरी, शिवा राम, गुलाब साय, वासुदेव मुंडा, खम्हण खेरवार, शंकर राम, सुरेंद्र साहू, रामप्रसाद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक गुरुवार को बीडीओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। यहां बता दे की उपयुक्त के निर्देशानुसार ह सत्यापन के लिए विशेष अभियान की शुरूआत करने का निर्देश मिलने के बाद बैठक रखी गयी। बैठक में अभियान को सफल बनाने पर चर्चा और अभियान के संबंध में दायित्व के बंटवारा किया गया। सूची के अनुसार सभी गांव में विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने बताया कि 12 सितंबर से 25 सितंबर तक ग्राम सभा आयोजित की जायेगी। ग्राम सभा के लिए संबंधित मुखिया, रोजगार सेवक, जलसहिया, पंचायत सचिव व कनीय अभियंता को जिम्मेदारी दी गयी है। बैठक में बीडियो दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी, अंगनी उरांव, विनीता कुमारी, यशमुनी देवी, लोदो एक्का, रीना उरांव, कलेश्वर साहू व निर्मल भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार, सरेंडर की दी चेतावनी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना के एसआइ विनय कुमार ने गुरुवार की अपराह्न 3 बजे बस स्टैंड,कोर्ट परिसर और बस स्टैंड स्थित वन इंडिया मॉल के पीछे अभियुक्त पवन वर्मा उर्फ रोहित वर्मा पिता स्वर्गीय टुन्नू वर्मा के घर इश्तेहार चिपका कर सरेंडर की चेतावनी दी है। मामला 2023 का है। अरुण होटल के पास किसी बात को लेकर पवन वर्मा ने लोहरदगा रोड निवासी राकेश कुमार साहु पर चाकू से हमला कर दिया था। उसके शरीर में चाकू से तीन जगह गहरा जख्म हो गया था। गंभीर स्थिति में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले को लेकर राकेश ने गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसके बाद से पवन वर्मा फरार चल रहा है। घटना से पूर्व वह शहर के बड़ाइक मोहल्ला में रहता था। लेकिन उसका परिवार अब बस स्टैंड स्थित वन इंडिया मॉल के पीछे रहता है। एस आई विनय कुमार ने बताया कोर्ट के निर्देश पर उसके घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। वहीं परिवार वालों को उसे आत्मसमर्पण करने की बात कही गई है। कोर्ट या थाना में सरेंडर नहीं करने पर उसके घर की कुर्की जाप्ति की जाएगी।

## बकरी चोरी के आरोप में युवक की पिटाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के रजा कॉलोनी निवासी राजा नामक युवक को नामकुम थाना की पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। गुरुवार की दोपहर 12 बजे नामकुम थाना प्रभारी ने बताया 2 दिन पूर्व ग्रामीणों ने बकरी चोरी करते हुए रंगे हाथों तीन युवक को पकड़ लिया था जिसके बाद ग्रामीणों ने जमकर उनकी पिटाई की। इसके बाद ग्रामीणों ने तीनों बकरी चोरों को पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक तीनों युवक नामकुम में बकरी की चोरी कर एक कार में लोड कर ले जा रहे थे। ग्रामीणों को भनक लगी जिसके बाद ग्रामीण एकत्रित हुए और तीनों चोरों को पकड़ लिया। इसके बाद जमकर उनकी कुटाई की एक युवक गुमला के रजा कॉलोनी का रहने वाला है जबकि दो युवक रांची क्षेत्र के रहने वाले हैं पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है। बता दे कि शहर के रजा कॉलोनी में बीते दिनों एक बंद घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया था। मामले में राजा नामक युवक को पुलिस ने पकड़ा था।

### गुमला में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान का समापन

# रायडीह-पालकोट में रायशुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के संगठन सृजन अभियान के तहत गुमला जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव को लेकर आयोजित प्रखंडवार बैठकों का दौर गुरुवार को रायडीह और पालकोट प्रखंड में सम्पन्न हो गया।

यह कार्यक्रम विगत 5 सितंबर से शुरू हुआ था। इन बैठकों में जिलेभर के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उत्साहपूर्वक जुटे और संगठन की मजबूती पर विचार रखा।कार्यक्रम में एआईसीसी पर्यवेक्षक एवं राजस्थान के पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद डॉ. रघु शर्मा, प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव, पूर्व जिलाध्यक्ष रोशन बरवा, मनीष हिंदुस्तान, जिला महासचिव संतोष गुप्ता उर्फ गुड्डू, फिरोज आलम, मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर,मोख्तार आलम, जिला सचिव तरुण गोप,रायडीह प्रखण्ड अध्यक्ष इस्माइल कुजूर, पालकोट प्रखण्ड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता समेत कई नेता शामिल हुए।सभा को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है जिसने देश को आजादी दिलाई और लोकतंत्र को जड़ से मजबूत किया। आज भाजपा औरआरएसएस संविधान व लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए जनता का भरोसा नहीं, बल्कि वोट चोरी की साजिश रचती है। इनकी रणनीति बूथ पर गड़बड़ी और लोकतंत्र को अपमानित करना है। इस बार हमें ऐसा नहीं होने देना है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सतर्क रहेगा और वोट चोरी के हर प्रयास को नाकाम करेगा।

डॉ. शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का नया जिलाध्यक्ष वही बनेगा जो कार्यकर्ताओं की आवाज को गांव-गांव तक लेकर जाए और संगठन को सशक्त बनाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब नेतृत्व नेताओं की सिफारिश से तय नहीं होगा। बल्कि उन लोगों को मिलेगा जिन पर कार्यकर्ता भरोसा करेंगे। कार्यकर्ताओ का भरोसा तोड़ने पर जिला अध्यछ को भी पद से मुक्त भी किया जाएगा।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आज देश कठिन दौर से गुजर रहा है। बेरोजगारी और महंगाई ने जनता को तोड़ दिया है। भाजपा केवल धर्म और जाति के नाम पर लोगों को बांटती है और चुनाव में धांधली कर सत्ता हथियाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही किसानों, नौजवानों और वंचित वर्ग की सच्ची आवाज है। ह्लहमें गुमला में ऐसा जिलाध्यक्ष चाहिए जो न केवल संगठन को मजबूत करे, बल्कि बूथ तक अपनी टीम खड़ी करे और बीएलए की ताकत से हर बूथ पर कांग्रेस की रक्षा करे। चैतू उरांव और अन्य नेताओं ने भी कार्यकताओं से अपील की कि वे कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुचाने के साथ साथ बूथ तक डटे रहे।

## पालकोट में भाजपा का विरोध प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** भारतीय जनता पार्टी पालकोट प्रखंड इकाई के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय में कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर वर्तमान राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ नारे लगाये और कहा कि सरकार आदिवासी समाज की समस्याओं को पूरी तरह अनदेखा कर रही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि जिस उम्मीद और भरोसे के साथ आदिवासी समाज ने इस सरकार को समर्थन दिया था, वह पूरी तरह टूट चुका है। आज झारखंड में आदिवासी, गरीब, किसान और युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। बेरोजगारी बढ़ रही है, भ्रष्टाचार चरम पर है और विकास के नाम पर केवल घोषणाएं की जा रही हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश नारायण सिंह ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार पूरी तरह जनविरोधी है। आदिवासी समाज को ठगने और उनके अधिकारों को कुचलने का काम किया जा रहा है। भाजपा इसके खिलाफ घर-घर जाकर जनजागरण अभियान चलायेगी। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते आदिवासियों की सुरक्षा, रोजगार, शिक्षा और विकास के मुद्दों का समाधान नहीं किया गया, तो भाजपा बड़े पैमाने पर आंदोलन छेड़ेगी।

## हवलदार बरगी उरांव का गांव में हुआ अंतिम संस्कार



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कोहिपाठ जामटोली निवासी हवलदार बरगी उरांव का शव गुरुवार को उसके पैतृक गांव लाया गया। जहां अंतिम संस्कार किया गया। यहां बता दे की लगभग 52 वर्षीय बारगी उरांव पश्चिमी सिंहभूम जिला के गुवा थाना में हवलदार के रूप में पदस्थापित थे। जहां मंगलवार को अपने बैरक में अपना इंसास राइफल साफ कर रहे थे। इसी दौरान गलती से ट्रिगर दब गया, जिससे गोली चली और बरगी के सिर पर लगी। जिसके बाद आनन फानन में गुवा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी गयी। परिजन बुधवार को गुवा थाना पहुंचे जहां से पार्थिव शरीर को गुरुवार पैतृक गांव कोहीपाठ जामटोली लाया गया। जहां अंतिम संस्कार किया गया। बरगी अपने पीछे पत्नी के साथ-साथ पांच पुत्री व एक पुत्र छोड़ गया है। पत्नी चामिन उरांव ने बताया कि बीते करमा पर्व में अंतिम बार बरगी घर आए थे। तीन-चार दिन रहने के बाद पुनः ड्यूटी पर वापस गये थे। अचानक ही मंगलवार की रात घटना की सूचना मिली।

# अमृत उद्यान मेले में झारखंड को द्वितीय पुरस्कार गुमला की महिलाओं ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** राजधानी दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के भवन उधान से जिज्ञासा सिटी लेबल फेडरेशन की महिलाओं ने अपनी हस्त शिल्प कला का जादू बिखेर दिया। लगभग डेढ़ लाख की हस्त शिल्प सामग्री बिक्री कर लौटने वाली जिज्ञासा फेडरेशन की महिलाओं को नगर प्रशासक ने उत्साहवर्धन किया।

**अमृत उद्यान मेले में शामिल हुए थे झारखण्ड के चार निकाय :** बताते चलें कि बीते 26 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित स्ट्रीट फूड फेस्टिवल एवं स्वयं सहायता समूह उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन दिल्ली में किया गया था। इस आयोजन में झारखण्ड की टीमों ने 28 अगस्त से 31 अगस्त तक भाग लिया। झारखण्ड से चार निकाय भाग किया। जिसमें गुमला, मानगो, बुंडू एवं लातेहार के नाम शामिल हैं। इस अमृत उद्यान मेला में झारखण्ड की स्वयं सहायता समूहों ने शानदार प्रदर्शन किया चारों निकाय को अच्छे कार्य के लिए भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के द्वारा उससे अप्रिशिएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इसमें झारखण्ड को द्वितीय स्थान दिया गया।

गुमला नगर निकाम से नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह मुरली बगीचा वार्ड-19 समूह की अध्यक्ष मनी, रंजना सचिव-माधुरी कुमारी कोषाध्यक्ष अनुराधा कुमारी एवं समूह की सभी सदत्य गुमला नगर परिषद् की समूह स्थानीय व्यंजन और पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पादों से अमृत उद्यान मेला में धूम मचा दी। इस प्रदर्शनी में लगभग पूरे झारखण्ड की टीमों ने डेढ़ लाख रुपए की बिक्री की। जिसमें गुमला नगर परिषद की महिला समूह नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह की सबसे अधिक बिक्री 41 हजार 890 रुपए हुई। चारों निकाय के सीएमएम एवं समूहों की दीदीयों को नगरीय प्रशासन निदेशालय की निदेशक नैनसी सहाय मुलाकात कर अपना अनुभव साझा किया। निदेशक ने पूरी दीम को उनकी मेहनत और हुनर की बधाई देते हुए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि झारखण्ड की शहरी महिला समूहों की मेहनत और आत्म निर्भरता का परिणाम है। रांची से लौटने के बाद स्वयं सहायता को समूहों ने नगर परिषद् गुमला के प्रशासक से मुलाकात की। इसी बीच नगर परिषद् कार्यालय में आयोजित जिज्ञामा सिटी लेवल फेडरेशन की मासिक बैठक में सीटी मैंनेजर राहिल डुंगडुंग के प्रयासों की सराहना की गई। श्रीमती राहिल डूंगडूंग ने प्रदर्शनी से लौटी महिओं का उत्साह वर्धन किया। बैठक में मौजूद बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शाखा प्रबंधक राजीव रंजन व संजू दास ने राहिल डूंगडूंग को बुके देकर बधाई दी। साथ ही कहा कि नगर परिषद द्वारा पारित ऋण या अन्य सहायता के लिए उनका ब्रांच सदा तैयार है।

# बॉबी भगत ने की गुमला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की दावेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कांग्रेस पार्टी में गुमला के जिला अध्यक्ष के दावेदारों में एक नाम और बढ़ गया है। कांग्रेस की प्रदेश महिला वरीय उपाध्यक्ष बॉबी भगत ने कांग्रेस के गुमला जिला अध्यक्ष की दावेदारी की है। उन्होंने दावेदारी से संबंधित अपना आवेदन रांची जाकर एआईसीसी पर्यवेक्षक एवं राजस्थान के पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद डॉ. रघु शर्मा के हाथों सौंपा। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की भी मौजूद थे। इस संबंध में बॉबी भगत ने कहा कि गुमला जिला में कांग्रेस की कमान अभी तक पुरुषों के हाथ में है। एक बार जिला अध्यक्ष की कमान महिला के हाथ में भी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का कहना है कि सभी को उनकी योग्यता के अनुसार पद और दायित्व मिलना चाहिए। इसमें महिलाओं का भी अधिकार है और अगर उन्हें पार्टी या मौका देती है तो वह कांग्रेस पार्टी की केंद्रिय और प्रदेश कमेटियों के निर्देश का पालन करते हुए गुमला जिला को सुचारू रूप से चलाने में अपना बेहतर योगदान देंगी। उन्होंने यह भी कहा कि युग बदल रहा है जीवन परिवर्तनशील है इसलिए इस बार जिला अध्यक्ष के लिए महिला को मौका देना चाहिए। इससे कांग्रेस में महिलाओं की रूचि बढ़ेगी। महिला कार्यकर्ता आगे आएँगी और महिलाओं के आगे आने से पुरे परिवार का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ेगा।

## गुमला के पटियाला होटल में घुसी बस, टला हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** राउरकेला से गुमला आ रही आकाश नामक नाइट बस गुमला बस स्टैंड पहुंचने से महज आधा किलोमीटर पहले पालकोट रोड में गुरुवार की अहले सुबह लगभग चार बजे अनियंत्रित हो गया और पटियाला होटल में घुस गया। रात की घटना के कारण इस हादसे में जान माल की क्षति नहीं हुई लेकिन होटल संचालक को भारी नुकसान हुआ है। मार्निंग वॉक में निकले लोगों की घटना स्थल पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस और होटल संचालक घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस क्रेन मंगाकर क्षतिग्रस्त बस को थाना ले गई जबकि होटल के क्षतिग्रस्त सामानों को संचालक समेट कर अपना घर ले गया। जानकारी के अनुसार बस राउरकेला से गुमला आ रही थी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि चालक को नींद आ गयी और बस अनियंत्रित हो गया। तेज रफ्तार के कारण बस पालकोट रोड स्थित जीओ ऑफिस के सामने एक झोपड़ी को छूते हुए पटियाला होटल को पूरी तरह से रौंद दिया। पटियाला होटल रोड किनारे बांस त्रिपाल से झोपड़ी नुमा था जिस कारण बस के चपेट में आने से मैदान हो गया। सभी सामान को उठाकर संचालक अपने घर ले गया। इस हादसे के बाद यात्रियों के बीच कोहराम मच गया। यात्रियों ने बस खाली कर दिया। बस को गुमला थाना की पुलिस जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया। वही आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

## चोरी मामले में चार नाबालिगों को पुलिस ने भेजा बाल सुधार गृह

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के मेन रोड स्थित मैसर्स लक्ष्मी नारायण के संचालक के गोदाम से नगाड़ा सांचा और आठ बोरी लास्टिक के रस्सी चोरी करने वाले चार नाबालिग लड़कों को बुधवार की अपराह्न 4 बजे बाल सुधार गृह भेज दिया। जानकारी के अनुसार बीते एक सप्ताह पूर्व मैसर्स लक्ष्मी नारायण के गोदाम से नगाड़ा सांचा और आठ बोरी लास्टिक के रस्सी चोरी की घटना समाने आई थी। इसके बाद संचालक ने सदर थाना में लिखित आवेदन देते हुई प्राथमिकी दर्ज कराया था। जानकारी देते थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने बताया कि मंगलवार को पुलिस ने जिला मुख्यालय के एक दुकान के गोदाम से सामानो की बरामदगी करते हुए चार नाबालिग किशोरी पूछताछ के लिए थाना लाया था। इसी क्रम में आरोपी ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता बताई। निशानदेही पर 31 नगाड़ा के खोल पुलिस ने बरामद किया जिसके बाद बुधवार को चारों नाबालिग किशोरी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

## सरकार के पास अत्याचार व बेरोजगारी रोकने के लिए कोई ठोस नीति नहीं : विजय सिंह



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति बिशुनपुर के तत्वाधान में नारी जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक के पास अंजली देवी की अध्यक्षता में महिला संवाद कार्यक्रम 10 सितंबर 2025 को देर शाम संपन्न की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के पास महिलाओं पर हो रही अत्याचार व बेरोजगारी रोकने के लिए कोई ठोस नीति नहीं है। यही कारण है कि अत्याचार, बेरोजगारी, पलायन व मानव तस्करी जैसी समस्याएं आम हो गई है। श्री सिंह ने महिला सुरक्षा, रोजगार, नशाखोरी पर रोक, स्पष्ट महिला नीति बनाने, महिला ग्रुप को सरकारी मान्यता देने, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफ करने, प्रत्येक महिलाओं को एकमुश्त 25-25 हजार रुपए अनुदान देने तथा बिना ब्याज 5 साल तक भरने का समय अवधि देते हुए इच्छुक महिलाओं को व्यवसाय के लिए कम से कम 10 लाख रुपए तक पूंजी देने जैसे सवालों पर संवाद व विस्तार से बात की गई। वहीं सैकड़ो महिलाओं ने मांगों का जोरदार ढंग से समर्थन किया। श्री सिंह ने सरकार की महिला विरोधी नीति को जानने और प्रतिकार के लिए जागरूक होने, महिला सशक्तिकरण के नाम पर बल देते हुए अभियान से हजारों की संख्या शामिल होने की अपील की है। महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रभारी पुष्पा उरांव ने कहा है कि प्रदान जैसी संस्थाएं जिले में कुछ चतुर महिलाओं को अपने साथ कर महिला मंडल के लिए आने वाली करोड़ों रुपए को बंदरबांट करने में लगे हुए हैं। श्रीमती उरांव ने जिला मुख्यालय में महिला संवाद कार्यक्रम के समाप्ति पर 28 अक्टूबर 2025 को आयोजित विशाल महिला हुंकार सभा में सैकड़ो की संख्या में भाग लेने की अपील की है। कार्यक्रम में बिलो भगत, शांति भगत, वर्षा देवी, बिरजीनिया मिंज, बबिता खेरवार, संध्या देवी, हीरामणि देवी, सतमी उरांव, प्रमिला देवी, रायमुन्नी देवी, निर्मला मिंज, कलावती उरांव, मंजू देवी, शिवैन देवी के अलावा सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## भाजपा का एकदिवसीय आक्रोश प्रदर्शन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय के दिशा निर्देश उपरांत गुरुवार को मंडल अध्यक्ष जगत ठाकुर की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय बिशुनपुर में झारखंड सरकार के मनमानी को लेकर प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय आक्रोश प्रदर्शन किया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सरकार की नीति ठीक नहीं है राज्य में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है। आक्रोश प्रदर्शन के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की कथित एनकाउंटर में हत्या को लेकर सीबीआई जांच की मांग की गई है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रविंद्र उरांव, छोटन उरांव, महामंत्री अजीत उरांव, महामंत्री सुरेंद्र कुमार मांझी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह, बिल्टू लोहरा, दिलेश्वर उरांव, अनिल बड़ाईक, शंकर उरांव, सुरेश उरांव, अमित उरांव, सुरेश असुर, देवलाल खरवार, रामधनी उरांव, वासुदेव खरवार, परमेश्वर सिंह, सुखना असुर विनोत्तर खरवार, अरविंद उरांव, गोपाल बड़ाईक सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चेक बाउंस मामले में एक साल की जेल और ढाई लाख का जुर्माना

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायलय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत ने चेक बाउंस के मामले में दोषी पाये जाने पर एक साल की सजा और 2.5 लाख रुपये का जुर्माना की सजा सुनाई है। बतातें चलें कि बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत न्यू शास्त्री नगर, रीवर साइड जारंगडीह निवासी तुला राम के विरुद्ध उक्त कांड के परिवादी जारंगडीह रिवर साइड निवासी निर्मल मंडल ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में साल 2022 में एक परिवाद पत्र दाखिल किया था। जिसमें बताया गया कि उसकी और अभियुक्त तुला राम की पहले से दोस्ती थी। तुला राम ने जरूरी काम के लिए दोस्ताना कर्ज के रूप में एक लाख 90 हजार रुपए उधार लिये थे। पर रुपये लेने के बाद काफी समय तक नहीं लौटाया, तो उसने अपने पैसे वापस करने की मांग की। तब अभियुक्त टाल मटोल करने लगे। काफी मशक्कत के बाद उसने एक लाख 90 हजार रुपए का चेक दिया। जिसे बैंक में डाला तो वह बाउंस हो गया। इसकी जानकारी अभियुक्त को दी पर उसने पैसा नहीं लौटाया। इसके बाद थक हार कर परिवादी निर्मल मंडल ने अभियुक्त तुला राम के विरुद्ध न्यायालय में चेक बाउंस का मुकदमा दाखिल किया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद अभियुक्त को दोषी मानते हुए एक साल की सजा और दो लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। हालांकि सजा के खिलाफ अभियुक्त के अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय में अपील करने का आवेदन दिया गया। इसके बाद दोषी अभियुक्त को जमानत पर छोड़ा गया। परिवादी निर्मल मंडल की ओर से अधिवक्ता बैद्यनाथ शर्मा और संजय कुमार कश्यप ने मामले में बहस की।

# ट्रक के धक्के से पति-पत्नी की मौत

## आक्रोशित लोगों ने चार घंटे तक जाम किया बोकारो-रामगढ़ हाइवे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बालीडीह थाना अंतर्गत बियाडा औद्योगिक क्षेत्र के गोविंद मार्केट चौराहे पर गुरुवार की दोपहर 12 बजे एक ट्रक चालक ने बाइक सवार दंपति को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान गोडाबाली गांव निवासी संजीव कुमार सिंह और उनकी पत्नी पिंकी देवी के रूप में हुई है। उधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने बोकारो-रामगढ़ हाईवे करीब चार घंटे तक जाम कर दिया, जिससे आमजन और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी हुई। प्रदर्शनकारी डीसी को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। हालांकि, इसकी सूचना पाते ही सीओ वार्ता के लिए मौके पर पहुंच गये। मृतक के परिजन अर्जुन प्रसाद सिंह ने बताया कि संजीव कुमार अपनी पत्नी के साथ घर पर तर्पण करने के बाद बाइक से निकले थे। तभी गोविंद मार्केट के समीप हादसा हो गया। वहीं, लोगों ने मांग की कि तत्काल सड़क के चौड़ीकरण एवं वाहनों के आवाजाही की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में दुर्घटना न हो। वहीं, बालीडीह पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर सड़क जाम खत्म करवाया। साथ ही ट्रक को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।



हादसे के दौरान ट्रक के नीचे दबी बाइक।

### अतिक्रमण बन रहा हादसों की वजह

स्थानीय लोगों की मानें तो बियाडा क्षेत्र की सड़क का निर्माण हुए 23 साल बीत चुके हैं। जब यह सड़क बनी थी, तब अधिकांश उद्योग बंद थे, लेकिन अब अधिकांश इकाइयां चालू हो चुकी है, जिससे वाहनों और मजदूरों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। दूसरी ओर सड़क के किनारे अतिक्रमण चरम पर है। सड़क किनारे जगह-जगह अवैध कब्जे और वाहनों की तेज रफ्तार के कारण इस वर्ष अब तक चार लोगों की जान जा चुकी है। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन शीघ्र अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण और यातायात नियंत्रण की ठोस व्यवस्था करें।

## सूर्या हांसदा की हत्याकांड की हो सीबीआइ जांच : बिरंची



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड भाजपा के आह्वान पर गुरुवार को बोकारो भाजपा की ओर से पैदल मार्च निकाल कर चास प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इसका नेतृत्व पार्टी के पूर्व विधायक बिरंची नारायण कर रहे थे। उन्होंने झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। इस दौरान राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआइ जांच कराने एवं नगड़ी के रैयतों को रिम्स 2 के नाम पर छीनी जा रही जमीन किसानों को वापस लौटाने की मांग की गयी है। इस अवसर पर बिरंची नारायण ने कहा कि वर्तमान गठबंधन सरकार में राज्य की स्थिति दिनोदिन बद से बदतर होती जा रही है। विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राज्य सरकार के संरक्षण में अपराधी, माफिया, दलाल और बिचौलियों ने पूरे सरकारी तंत्र पर कब्जा जमा लिया है। सरकारी रजिस्टर में दर्ज आंकड़े बता रहे की राज्य में प्रतिमाह 5000 से अधिक हत्या, लूट, बलात्कार और डकैती जैसे गैर जमानती आपराधिक मामले घटित हो रहे। इस मौके पर मुकुल ओझा, कमलेश राय, डॉ परिंदा सिंह, धीरज झा, मुकेश राय, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष रघुनाथ टुड्डू, आरती राणा, मनराज सिंह, जयप्रकाश तापड़िया और चक्रधर शर्मा आदि मौजूद थे।

## प्रशिक्षण कार्यशाला में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की दी गयी जानकारी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चंद्रा मोड़ स्थित चंद्रा इंटर कॉलेज में गुरुवार को सिविल डिफेंस की ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं यातायात नियमों एवं प्राथमिक चिकित्सा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉक्टर एसपी वर्मा और प्राचार्य बादल चंद्र ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सियालजोरी थाना प्रभारी सुकरू उरांव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, एफआईआर एवं बाल अपराध न हो इस बारे मे जानकारी दी। साथ ही सिविल डिफेंस के जय प्रकाश सिंह ने यातायात नियमों को विस्तार से बताया और हेलमेट पहनने के सही तरीकों की जानकारी दी। जबकि यातायात पुलिस पदाधिकारी नागेंद्र दुबे ने हेलमेट नहीं लगाने वाले एवं चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट नही लगाने वाले के लिए निर्धारित दंड से अवगत कराया। राज्य प्रशिक्षण पदाधिकारी सह डिविजनल वार्डन ने सिविल डिफेंस सिस्टम के कार्य प्रणाली को समझाते हुए सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को ईलाज करने के गुण सिखाये। इस दौरान नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारी मदन मोहन झा ने विद्यालय परिवार के सदस्यों को इस संस्था जे जुड़कर मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

## बोकारो स्टील प्लांट में मामूली गैस रिसाव, सभी लोग सुरक्षित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के सीआरएम-3 यूनिट में गुरुवार की सुबह गैस रिसाव होने से वहां कार्यरत कामगारों में कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई। हालांकि इएमडी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गैस रिसाव पर तुरंत काबू पा लिया। मौके पर कार्यरत सभी कामगार सुरक्षित बताए जा रहे हैं। वहीं, इस्पात प्रबंधन ने गैस रिसाव के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह 11 बजे बोकारो स्टील प्लांट के कोल्ड रोलिंग मिल सीआरएम-3 के एसिड रिजेनरेशन प्लांट तीन के ड्रेन पोर्ट पाइपलाइन से मामूली गैस रिसाव की सूचना मिली। इमर्जेंसी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट इएमडी की टीम ने मौके पर पहुंच त्वरित कार्यवाही करते हुए ड्रेन पोर्ट का वाल्व बंद कर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। बोकारो इस्पात संयंत्र के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने बताया कि घटना के बाद इएमडी एवं सुरक्षा अभियंत्रण डिपार्टमेंट की टीम ने स्थल का गहन निरीक्षण किया और स्थिति पर आधे घंटे से भी कम समय में काबू पा लिया गया। वहीं, सभी कामगार सुरक्षित और उनकी स्थिति सामान्य है। सीआरएम का काम प्रभावित नहीं हुआ है। वहीं, रिसाव के कारणों की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने साइबर अपराध को लेकर विद्याथियों को किया जागरूक

**कथारा/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कथारा समाज एवं बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से बोकारो एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर बोकारो थर्मल इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव ने अपने सहयोगी पुलिस अवर निरीक्षक कृष्णा उरांव के साथ प्रखंड के जारंगडीह स्थित राजकीय राजेंद्र उच्च विद्यालय में साईबर अपराध, बाल विवाह, दहेज प्रथा, महिलाओं से संबंधित अपराध, पोस्को, डायल 112, साईबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा ट्रैफिक नियमावली डिजिटल अरेस्ट, फ्राड के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अलावे वाहन चलाने में उपयोग करने वाली हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, सीट बेल्ट के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में ठगी करने वालो में बच्चे, व्यस्क, वृद्ध को अपने जाल में फंसा लेते है। जब लोग ठगी का शिकार हो जाते है। तब वे थाने का चक्कर लगाने लगते है।

# झारखंड में विधि-व्यवस्था ध्वस्त भ्रष्टाचार चरम पर : शत्रुघ्न महतो

**बाघमारा में भाजपा का आक्रोश धरना, विधायक ने सरकार पर बोला हमला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** झारखंड की गठबंझन सरकार के खिलाफ भाजपा की ओर से गुरुवार को बाघमारा प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय आक्रोश धरना आयोजित हुआ। भाजपा नेताओं ने राज्य में अराजक स्थिति, प्रतिदिन हो रही हत्या, आदिवासी नेता सूर्य हांसदा के कथित हत्या एवं रिम्स-2 के लिए आदिवासियों की जमीन कब्जा करने के मुद्दे पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। इसमें शामिल हुए बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। आरोप लगाया कि आदिवासी और दलितों के साथ लगातार शोषण किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में हेमंत सरकार को सत्ता का लोभ छोड़ देनी चाहिए। वहीं, धरना के बाद भाजपा नेताओं ने राज्यपाल के नाम बीडीओ लक्ष्मण यादव को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर भाजपा बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष राजू शर्मा, महेश पासवान, बच्चू राय, राकेश सिंह, गोपाल सिंह, मुनिया देवी, फूल कुमारी देवी, सुधा देवी, कालिया देवी आदि मौजूद थे।

## तंबाकू उत्पाद अधिनियम के पालन के लिए चलाया गया छापामारी अभियान



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी आदित्य रंजन के निर्देश पर जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग के नोडल पदाधिकारी डॉ मंजू दास और खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार ने धनबाद स्टेशन रोड क्षेत्र में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 और धारा 6ए के अनुपालन के लिए छापामारी अभियान चलाकर 25 दुकानों की जांच की। इस दौरान कोटपा 2003 की धारा 4 एवं 6ए का उल्लंघन करने वाले 14 दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 200-200 रुपये का आर्थिक जुर्माना भी लगाया। इस दौरान सभी दुकानों से तंबाकू उत्पाद से संबंधित विज्ञापन वाले पोस्टर हटाये गये। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कई होटलों का भी निरीक्षण किया और होटल संचालक को साफ सफाई रखने का निर्देश दिया। उक्त अभियान में जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग के सलाहकार राहुल कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## एग्यारकुंड में आयोजित सशक्त पंचायत नेत्री अभियान का समापन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत एग्यारकुंड प्रखंड सभागार में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को समाप्त हो गया। इसमें मास्टर ट्रेनर द्वारा बेहतर जनप्रतिनिधि एवं खुद पर भरोषा करना सिखाया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर काकुली मुखर्जी एवं कंचन महतो ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आगे की पंक्ति में लाना रहा, जो पंचायत चुनाव जीतकर भी घर में बैठी हैं। उन्हें घर से बाहर निकालना ही सरकार का उद्देश्य है। वहीं, वार्ड सदस्य ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर से उन्हें काफी लाभ मिला है। जो पहले कुछ नहीं बोलते थे वे अब आगे आकर बोल पा रहे हैं।

## 15 सितंबर से बीआइटी कैंपस में होगी अभियंत्रण महाविद्यालय बोकारो और गोड्डा के छात्रों की पढ़ाई

**झरिया/सिंदरी (आजाद सिपाही)।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बोकारो और गोड्डा के विद्यार्थियों की पढ़ाई राजकीय पॉलिटेक्निक भागा माइनिंग बीआईटी कैंपस में एकसाथ 15 सितंबर से होगी। बोकारो राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के निदेशक प्रभारी डॉ उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि बीटेक प्रथम सेमेस्टर की पढ़ाई 15 सितंबर से शुरू होने की संभावना है। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बोकारो में 192 और गोड्डा में 173 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। वहीं, डॉ उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि भागा माइनिंग राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज में छात्राओं को हॉस्टल की सुविधा दी जाएगी। बोकारो राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में 48 और गोड्डा में 33 छात्राओं ने दाखिला लिया है। इसलिए छात्राओं के लिए हास्टल में 80 बेड की सुविधा दी जाएगी। हॉस्टल की सारी सुविधाएं बेड, टेबल एवं अन्य सुविधाएं बीआईटी सिंदरी प्रशासन उपलब्ध कराएगा। वहीं, क्लासेज के लिए भी बीआईटी सिंदरी के इंजीनियरिंग के प्राध्यापक सहयोग देंगे। सामान्य विषय के लिए कांटेस्ट पर शिक्षकों को नियुक्त किया जाएगा। बताया कि संभावना है कि एक सेमेस्टर तक पॉलिटेक्निक कैंपस में क्लासेज चलेगा। बोकारो और गोड्डा इंजीनियरिंग कालेज का निर्माण कार्य पूरा होने पर दोनों कॉलेज अपने-अपने कैंपस में शिफ्ट कर जाएंगे।

## साइबर सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक




**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** पीएम श्री योजना अंतर्गत चित्तरंजन पीएम श्री केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से साइबर सुरक्षा क्लब जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में टीटीसी, सीएलडब्ल्यू सीएच चित्तरंजन के प्रधानाचार्य शंकर शर्मा उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि लोगों के बारे में जानकारी ऑनलाइन साझा करना हमेशा संभव है। कमजोर पासवर्ड का उपयोग करना खतरनाक हो सकता है। इस दौरान उन्होंने पासवर्ड बनाने, साइबर धोखाधड़ी से बचने और सोशल मीडिया का ज़िम्मेदारी से उपयोग करने के तरीके भी बताए। उन्होंने छात्रों को बताया कि व्हाइट हैट हैकर वे होते हैं जो कंप्यूटर और सिस्टम की कमजोरियों का फायदा उठाते हैं। अंत में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किये। कहा कि यह सत्र उनके लिए बहुत उपयोगी रहा। अब इंटरनेट का उपयोग करते समय और अधिक सतर्क रहेंगे।

# जमीन पर जबरन कब्जे से परेशान पीड़ित परिवार ने की सड़क जाम

## तीन घंटे आवागमन ठप, प्रभारी सीओ के आश्वसान के बाद जाम खत्म



**गिरिडीह/सरिया (आजाद सिपाही)।** सरिया में एक जमीन कारोबारी की ओर से जबरन जमीन कब्जा करने के प्रतिवाद में पीड़ित परिवार के चार लोगों ने गुरुवार की सुबह 6.30 बजे रांची-दुमका मुख्य मार्ग को रेल फाटक के नजदीक अवरूध कर दिया, जो सुबह 9.30 बजे चक चला। इस दौरान पीड़ित विनोद तर्वे, उनकी पत्नी पिंकी देवी के अलावा बेटा-बेटी सड़क के बीचोबीच बैठ गये। इससे वाहनों की लंबी कतार लग गयी। इसकी सूचना पाकर दो घंटे बाद ही सरिया पुलिस मौके पर पहुंच गयी और पीड़ित परिवार को समझा-बुझा कर जाम हटवाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद सरिया के प्रभारी सीओ एलएन तिवारी मौके पर पहुंचे और उन्हें समझाते हुए उक्त जमीन पर निर्माण कार्य बंद कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद उक्त परिवार सड़क से उठा और आवागम सामान्य हुआ।

### ये है मामला

रेल फाटक के नजदीक बॉबी रेडियो दुकान के सामने सरिया के माहुरी परिवार के लोगों की 36 फिट जमीन है। जिस पर जमीन कारोबारी नंदलाल मंडल द्वारा कथित रूप से जबरन निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इसे लेकर विनोद तर्वे एवं दिगंबर प्रसाद का कहना है कि उक्त जमीन उनकी है। जिस पर जमीन कारोबीर जबरन कब्जा कर रहा है। इसकी शिकायत थाना और अंचल कार्यालय में भी की, लेकिन वहां से न्याय नहीं मिला। थक हार कर मजबूरन सड़क पर आना पड़ा। वहींम, विनोद, दिगंबर का कहना है कि वे लोग न्याय के लिए सीओ, एसडीपीओ, थाना तक दौड़ते रहे, लेकिन कहीं, कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। इसी लिए सड़क पर आकर विरोध करना पड़ा। उधर, एसडीएम संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि फिलहाल स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निर्माण कार्य बंद करा दिया गया है। साथ ही पुलिस एवं कर्मचारी से जांच रिपोर्ट मांगी गई है, ताकि धारा 163 लगाया जा सके। दूसरी ओर, नंदलाल मंडल का कहना है कि उन्हें इस विवाद से कोई लेना देना नहीं है। ना ही वे निर्माण करा रहे हैं। उक्त जमीन रेवत मंडल, बासुदेव मंडल, रामेश्वर सोनार एवं जगदीश मंडल की है।

## बेलगाड़िया में फेज 2 एवं 3 में नवनिर्मित शॉपिंग कांप्लेक्स का आवंटन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी सह झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार के प्रबंध निदेशक आदित्य रंजन के निर्देश पर बेलगाड़िया में फेज 2 एवं 3 में नवनिर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का आवंटन गुरुवार को हुआ। इस दौरान दोनों फेज में कुल 51 आवेदनकर्ताओं ने भाग लिया। विस्थापित परिवारों के लिए फेज 2 एवं 3 में विस्थापितों के लिए 13-13 दुकान आरक्षित थीं। लॉटरी प्रक्रिया अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता एवं मैजिस्ट्रेट लाल बाल किशोर शहदेव की देखरेख में निष्पादित किया गया। दोनों फेजों में लॉटरी के जरिए 13-13 दुकानों के आवंटन के बाद बचे लोगों का लॉटरी प्रतीक्षा सूची भी बनाई गई है। हर फेज में कुल 20 दुकानें हैं, जिसमें चार मूल रैयतों के लिए आरक्षित है। आवेदन नहीं प्राप्त होने के कारण तत्काल आरक्षित दुकानों का आवंटन नहीं किया गया है। पर इसके लिए पुनः आवेदन आमंत्रित किए जायेंगें।

## भाजपा का प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर अंचल सह प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनाक्रोश सह धरना प्रदर्शन करते हुए झारखंड सरकार की कड़ी निंदा दी। सूर्या हांसदा की कथित हत्या, रिम्स -2 के नाम पर नगड़ी दकी खेतिहर जमीन को जबरन छिनने एवं भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय में आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इसमें मुख्य रूप से भाजपा नेता धर्मजीत सिंह एवं मोहन कुंभकार ने सीओ और बीडीओ की कड़ी आलोचना की। मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। बिना भ्रष्टाचार के कार्यालयों में काम नहीं होने का आरोप लगाया।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND**
*(DEPARTMENT OF TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)*
Gate No. 29-30, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi
e-mail- sajha9@gmail.com

**VERY SHORT TENDER NOTICE**
**Notice No. 34, Dated : 11-09-2025**

The undersigned, invite the sealed Tenders in two parts, Part-I (Technical part) and Part-II (price part) subscribed on sealed envelope from the reputed tenderers having good experience and financial soundness of following similar type of civil works and having sound financial status

| NIT No. | Name of the works | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|
| 2/PR/SAJHA /2025-26 | Construction of Bituminous Macadam and Bituminous Concrete etc. work Rink Surface of Roller Skating Area at Khelgaon, Hotwar, Ranchi. | 47,35,644/- | 95,000/- | 5,000/- | 30 Days |
| Last date and time for submission of tender | | | Up to 19-092025 up to 01.00 PM | | |
| Date and time for opening of Tender Part -I (Technical and Commercial) | | | 19-09-2025 at At 03:00 PM | | |
| Date and time for opening of Tender Part -II (Price Part) | | | Will be communicated later on | | |
| Tendering Officer and address for communication | | | Executive Director office, SAJHA, Morabadi, Ranchi | | |

1. Tender documents can be purchase from the office of Civil wing SAJHA on 16-09-2025 & 18-09-2025 in office hour after depositing cost of BoQ (Non-refundable), in the name of SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND, Morhabadi, Ranchi in shape of Bank Draft.
2. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/to extend the date of sale/submission and opening of tender/distribute the works among the tenderers or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

Sd./-
Executive Director,
Sports Authority of Jharkhand

PR 361627 (Art Culture Sports and Youth Affairs)25-26*D

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## मोदी ने मॉरीशस के पीएम के साथ काशी में किया रोड शो

# भारत-मॉरीशस पार्टनर नहीं, परिवार: मोदी

- भीड़ देख रामगुलाम ने कहा, आप यूं ही बड़ी जीत दर्ज नहीं करते

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को काशी पहुंचे। यहां उन्होंने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ रोड शो किया और कई अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी हुई। इसमें कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत और मॉरीशस पार्टनर नहीं, परिवार हैं। यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है।



वहीं मॉरीशस के पीएम ने कहा कि भारत मॉरीशस की प्रगति और विकास की यात्रा में हमेशा साथ रहा है। वाराणसी पहुंचने पर मुझे और मेरी पत्नी को मिले स्वागत से हम आश्चर्यचकित रह गये। मेरा मानना है कि किसी भी अन्य प्रधानमंत्री को ऐसा स्वागत कभी नहीं मिला होगा। मुझे खुशी है कि यह आपका निर्वाचन क्षेत्र है। मैं समझ सकता हूं कि आप इतनी बड़ी जीत कैसे दर्ज करते हैं।

इससे पहले, पीएम मोदी पुलिस लाइन से तीन किमी लंबा रोड शो करते हुए होटल ताज पहुंचे। इस दौरान उनके स्वागत के लिए हजारों की संख्या में लोग सड़क किनारे खड़े रहे। लोगों ने काफिले पर फूल बरसाये। शंखनाद किया। लोगों का उत्साह देखकर पीएम ने ड्राइवर से गाड़ी को लोगों के करीब ले जाने को कहा। शाम को मॉरीशस के पीएम नमो घाट से क्रूज पर सवार होकर दशाश्वमेध घाट पहुंचे, जहां उन्होंने गंगा आरती देखा।

रामगुलाम शुक्रवार को बाबा विश्वनाथ की पूजा करेंगे, फिर अयोध्या जायेंगे। वह नौ से 16 सितंबर तक भारत यात्रा पर हैं। मॉरीशस पीएम तिरुपति बालाजी भी जायेंगे। इसके अलावा वह मुंबई में एक व्यावसायिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## धनवार में लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में आक्रोश प्रदर्शन




**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** कार्यक्रम प्रभारी सह भाजपा कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को भाजपाइयों ने धनवार प्रखंड मुख्यालय मुख्य गेट के पास आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान श्री सिंह के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पवन साव, डोरंडा मंडल अध्यक्ष राजू पांडेय, श्रीकांत राय, कृष्णदेव रजक, सुनीता विश्वकर्मा आदि ने अपने-अपने विचार रखे। इसके बाद भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम धनवार बीडीओ को ज्ञापन भी सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनवार मंडल अध्यक्ष अमीत कुमार तथा संचालन राजेंद्र यादव ने किया। इस आक्रोश प्रदर्शन में मनसाडीह मंडल अध्यक्ष अशोक राय, घोड़थंभा मंडल अध्यक्ष कृष्णा वर्मा, अजीत रजक, अरविंद साव, विजय अग्रवाल, अमिन तिवारी, मंटू कुमार पंकज, गुरुचरण नायक, नीरज कुमार, महेश राय, निधि पंडा, सहदेव मोदी, रंजीत यादव, विरेंद्र राम, रूपलाल दास, अर्जुन राय, प्रकाश दास, प्रियंका यादव आदि शामिल थे।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

### 1200 करोड़ का पैकेज

देहरादून। उत्तराखंड के दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी ने आज खराब मौसम की वजह से हवाई सर्वे नहीं किया, हालांकि उन्होंने मॉनसूनी तबाही से पीड़ित लोगों से जरूर बात की। इसके अलावा उन्होंने प्रजेंटेशन के जरिए बाढ़ से हुए नुकसान की भी समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी और बाकी मंत्री,अधिकारी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने प्रदेश को आपदा राहत के लिए 1200 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। मोदी ने आपदा में अपनों को खोने वाले परिवारजनों को केंद्र सरकार की तरफ से दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने का वादा किया है।

# नेपाल में अंतरिम पीएम के लिए जेन जेड प्रदर्शनकारियों में झड़प, तीन गुटों में बंटे

## एक गुट बोला, सुशीला कार्की भारत समर्थक हमें मंजूर नहीं, बालेन शाह का समर्थन किया

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल में अंतरिम पीएम के नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। गुरुवार को इसे लेकर जेन जेड तीन गुटों में बंट गया। इसके बाद सेना मुख्यालय के बाहर दोनों गुटों में हाथापाई हो गयी। इसमें कई युवक घायल हो गये। प्रदर्शनकारियों के एक गुट ने अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की के नाम को खारिज कर दिया है। गुट का आरोप है कि सुशीला कार्की भारत समर्थक हैं और उन्हें यह स्वीकार नहीं हैं। गुट मांग कर रहा है कि काठमांडू मेयर बालेन शाह पीएम बनें। अगर बालेन नहीं बनते हैं, तो धरान मेयर हरका संपांग उनके पीएम उम्मीदवार होंगे। पीएम के नाम को लेकर सेना मुख्यालय में दो दिन से प्रदर्शनकारी गुटों के साथ बातचीत चल रही है। एक गुट बातचीत को सेना मुख्यालय की जगह राष्ट्रपति भवन में करने की मांग कर रहा है।



### सामने आये जेन जेड नेता

इस बीच नेपाल में तख्तापलट के दो दिन बाद गुरुवार को जेन जेड नेता सामने आये। अनिल बनिया और दिवाकर दंगल ने कहा कि युवाओं ने यह विरोध-प्रदर्शन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया है। हमारा मकसद संविधान नहीं, संसद भंग करना है।

### अब कुलमान घीसिंग का नाम

अंतरिम पीएम के नाम को लेकर बुधवार शाम तक पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की के नाम पर सहमति बनने की खबर आयी थी, लेकिन गुरुवार दोपहर तक 'लाइट मैन' कहे जाने वाले कुलमान घीसिंग का नाम सामने आ गया। उधर सेना ने एहतियातन राजधानी और उससे सटे इलाकों में तीसरे दिन कर्फ्यू जारी रखा है। नेपाल हिंसा में अब तक 34 मौतें हुई हैं, जबकि 13 सौ से ज्यादा लोग घायल हैं।

# राहुल गांधी सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं मानते हैं : सीआरपीएफ

- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को लिखा पत्र, कहा : बिना बताये विदेश जाते हैं। पिछले 9 महीने में 6 बार गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया है। सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिख कर कहा है कि राहुल गांधी पिछले 9 महीने में बिना सूचना दिए 6 बार विदेश गए। इस दौरान वे इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की यात्रा कर चुके हैं। सीआरपीएफ ने



राहुल गांधी को भी अलग से पत्र भेजा है। इसमें लिखा गया है कि इस तरह की चूक से उनकी जेड+ कैटेगरी सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है और उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि इससे पहले भी वह इस मुद्दे को उठा चुकी है। राहुल गांधी को एडवांस सिक्योरिटी लाइजन कवर के साथ सबसे उच्च स्तर की जेड+ सिक्योरिटी मिली है।

पूर्व मध्य रेल
निविदा सूचना
सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिग./2025/19, दानापुर, दि. 08.09.2025
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं:—
1. कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर मंडल अंतर्गत ARA यार्ड में डीसी ट्रैक सर्किट के समानांतर मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) का प्रावधान।, 2. अनुमानित लागत : रूपये 35232953.10, 3. बयाना राशि : रुपये 326200.00, 4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 01.10.2025 को 15.00 बजे तक।, 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 01.10.2025 को 15.00 बजे।, 6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in
7. कार्यालय का पता, जहाँ से निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर।, नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरुरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा ।
म.सं. एवं दूर सं. अभियंता,
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/0921/डीएनआर/एसएण्डटी/टी/25-26/36


रत्न सागर
Govt. Regd.
AN ISO-CERTIFIED SHOP
सपने जो होंगे सच
क्या आप कर्ज से परेशान है?
क्या आप बिमारी से परेशान है?
क्या आप किराये के मकान में रहते हैं?
क्या आपके अपने रिश्ते में मनमुटाव है?
कुण्डली, वास्तु दोष निवारण
हस्तरेखा
Call: 9973684103, 8877660111
पता - 1 : पंचवटी प्लाजा 9-1, कचहरी रोड, रांची
पता - 2 : चंचल कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के बगल में, साधु मैदान, कोकर, रांची
पता - 3 : अशोक नगर, बी.जे.पी. संजय सेठ के ऑफिस के नीचे, मोहन मार्केटिंग कॉम्पलेक्स, रांची

# छत्तीसगढ़ :गरियाबंद में सुरक्षाबलों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया

## एक करोड़ का इनामी बालकृष्ण भी मारा गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में कम से कम 10 नक्सली मारे गये हैं। मैनपुर के जंगलों में यह मुठभेड़ हुई। चर्चा है कि इस मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी नक्सली मनोज मोडेम उर्फ बालकृष्ण भी मारा गया है। वहीं 25 लाख रुपये के इनामी नक्सली प्रमोद के भी मारे जाने की खबर है। रायपुर संभाग के आइजी अमरेश मिश्रा और गरियाबंद जिले के एसपी निखिल राखेचा ने



मुठभेड़ की पुष्टि की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मैनपुर के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर गरियाबंद इ-30, एसटीएफ और सीआरपीएफ की कोबरा टीम मौके पर पहुंची, जहां कई घंटे तक मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार बरामद किये गये हैं। इनमें सात स्वचालित हथियार शामिल हैं। कई नक्सल सामग्री भी बरामद की गयी है। बताया जाता है कि बालकृष्ण नक्सलियों के दस्ते का नेतृत्व कर रहा था। एक करोड़ रुपये का इनामी यह नक्सली नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी का मेंबर था। पुलिस ने मैनपुर के आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों से बाहर न जायें और सुरक्षा बलों की हर तरह से मदद करें।

A-1 SUREJA INDUSTRIES
GO Green
HURRY-E
CHARGE ANYWHERE
No Charging Station Required
3 Hours Charging Time
100 km Cost ₹15
3 Years Warranty
Range Upto 130 - 200 Kms As Per Model
Available in Registration & Non Registration Models
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More, Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

## सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित रखा

# राष्ट्रपति-राज्यपाल पर डेडलाइन लागू करना गलत है, बोझ बढ़ायेगा : केंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली। कोर्ट ने 10 दिन तक चली दलीलों के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के आखिरी दिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोर्ट को यह साफ करना चाहिए कि 8 अप्रैल को 2 जजों की बेंच का राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने का फैसला सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर उस फैसले को ही सही माना गया तो भविष्य में



बड़ी संख्या में याचिकाएं अदालत में दाखिल होंगी और न्यायपालिका पर बोझ बढ़ेगा।

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरविंद दातार ने केंद्र के इस तर्क का विरोध किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने इस बारे में कोई सवाल नहीं पूछा, इसलिए सुप्रीम कोर्ट को इस मुद्दे पर विचार नहीं करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की जगह इस मामले में चीफ जस्टिस बीआर गवई की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने सुनवाई की। पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंद्रचूड़कर शामिल थे। सुनवाई 19 अगस्त से शुरू हुई थी। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार का पक्ष रखा। वहीं, विपक्ष शासित राज्य तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पंजाब और हिमाचल प्रदेश ने केंद्र का विरोध किया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

Yogendra Mistri : 9199053376
Amin Macanic : 8617878251
NEW MOTOR KRAFT
(A Multi Brand Car Service Center)
SERVICE DENTING AND PAINTING BREAKDOWN SERVICE
AC WORK PICKUP AND DROP SERVICE FREE
Available Genuine Parts With Genuine Service Charges.
TATA SUZUKI HYUNDAI TOYOTA Mahindra
Add : Khelgaon Road, Khatanga, Ranchi, Jharkhand

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**